हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com धनबाद, शनिवार, 05 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 184, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## मुख्यमंत्री ने इनका भी किया उद्घाटन



- बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर फोन लेन स्मार्ट पथ
- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग आठ लेन पथ धनबाद
- अनगड़ा-हाहे, राहे पथ का पुननिर्माण

# मुख्यमंत्री ने रांची के कांटाटोली फ्लाईओवर का किया उद्घाटन

### धनबाद कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग आठ लेन पथ भी आम लोगों के लिए खुला

**रांची**: नवरात्रि में सीएम हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची को कांटाटोली फ्लाईओवर की सौगात दी. सीएम हेमंत सोरेन ने बहुप्रतीक्षित कांटाटोली ओवरब्रिज का उद्घाटन किया. कांटाटोली फ्लाईओवर के उद्घाटन के साथ ही इस पर वाहनों का आवागमन भी शुरू हो गया. लोगों को यह फ्लाईओवर खूब भा रहा है. इससे जाम से कराहती रांची को बड़ी राहत मिलेगी. मुख्यमंत्री ने रांची के 4 लेन स्मार्ट पथ और धनबाद के 8 लेन पथ का भी उद्घाटन किया. इस खास मौके पर सीएम ने कांके रोड फ्लाईओवर की आधारशिला समेत 31 परियोजनाओं का तोहफा दिया.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के संत पॉल्स कैथेड्रल मैदान में आयोजित समारोह में कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ (रांची) और धनबाद में कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग-8 लेन पथ का उद्घाटन किया. सीएम हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची में सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानंद चौक-जज कॉलोनी, कांके रोड फ्लाईओवर की आधारशिला रखने समेत 31 परियोजनाओं की सौगात दी.

झारखंड की राजधानी रांची लंबे समय से जाम से कराह रही है. कांटाटोली फ्लाईओवर से लोगों को जाम से राहत मिलेगी. अब ट्रैफिक जाम की समस्या राजधानी में काफी हद तक कम हो जाएगी.



### 225 करोड़ से बना है फ्लाईओवर

रांची का कांटाटोली फ्लाईओवर 224.94 करोड़ रुपए की लागत से बना है. यह फ्लाईओवर 2240 मीटर यानी 2 किलोमीटर 240 मीटर लंबा है. इसकी चौड़ाई 16.6 मीटर है. नवरात्रि में उद्घाटन कर सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा तोहफा दिया है. उद्घाटन समारोह में सीएम हेमंत सोरेन के अलावा राज्यसभा सांसद महुआ माजी, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन समेत अन्य मौजूद थे.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन परियोजना का भी दिया तोहफा

रांची के सहजानंद चौक के पास से जज कॉलोनी के करीब 4 लेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसकी लागत 430.75 करोड़ रुपए होगी. गोला-मुरी 4 लेन रोड का शिलान्यास किया. इस पर 333.17 करोड़ रुपए खर्च होंगे. धनबाद में मटकुरिया फ्लाईओवर की आधारशिला रखी. इसकी लागत 256.54 करोड़ रुपए होगी. सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानंद चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास किया. 1.25 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर की लागत 213.35 करोड़ रुपए है. 77 करोड़ रुपए की लागत से भुईयांडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी रोड पर स्वर्णरेखा नदी पर 4 लेन पुल बनेगा. इसका भी शिलान्यास किया गया. सीएम ने 713.49 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 19 सड़कों एवं ओवरब्रिज के निर्माण का शिलान्यास किया.

### हमारी सरकार लंबी सोच के तहत कर रही है काम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची शहर में जमीन अधिग्रहण कठिन कार्य है. जब तक सभी का सहयोग नहीं मिलेगा, यह काम पूरा नहीं हो सकता है. लेकिन कांटाटोली फ्लाईओवर के जमीन लेने में लोगों ने काफी सहयोग दिया. फ्लाईओवर बनाने में योगदा सत्संग की जमीन चली गयी. बहुत सारे कार्य पहले ही शुरू हो जाने चाहिए थे, मगर देर से शुरू हो रहा है. उन्होंने कहा कि विकास में यह देखना होगा कि कानून हम ही बनाते हैं और तोड़ते भी हम ही हैं. कहा कि हमारी सरकार लंबी सोच के तहत काम कर रही है.

## बड़े-बड़े सोसायटी में लगाया जायेगा सोलिड बेस्ड मैनेजमेंट

सीएम हेंमत सोरेन ने कहा कि गांव वाले लोग शहर के कचड़े को फेंकने के लिए जमीन नहीं देंगे. बड़े-बड़े सोसायटी में सोलिड बेस्ड मैनेजमेंट लगाया जायेगा. हमें खुद में कड़ा होना होगा. कहा कि सोनम वांचुग पर्यावरण को लेकर यात्रा पर निकले, मगर गिरफ्तार कर लिया गया. अगर हम नहीं चेते तो खुद झेलेंगे. हम विकास के नाम पर पर्यावरण का ध्यान रखें. विभाग भी इसका ख्याल रखें. सीएम ने कहा कि एक समय रांची में रात को एसी और पंखा चलाने की जरूरत नहीं पड़ती थी. आज स्थिति बिल्कुल अलग है. पेड़ों की कटाई कर शहर में बड़े-बड़े भवन बन रहे हैं. पेड़ लगाने के नाम पर भी खाना पूर्ति हो रही है. लोग गेंदा और गुलाब के पौधे लगा रहे हैं. लेकिन इसको लगाने से पर्यावरण नहीं सुधरेगा. पर्यावरण को बचाना है तो पीपल और नीम के पेड़ लगाने होंगे.

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक की टक्कर में 10 की मौत




मिर्जापुर(ईएमएस)। मिर्जापुर में बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। 3 की हालत गंभीर है, उन्हें ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है। हादसा रात 1 बजे प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर कछवां के पास हुआ। ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार लोग भदोही से वाराणसी जा रहे थे। ट्रक की स्पीड इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर पर चढ़ गया। टक्कर से ट्रॉली से उछलकर कुछ लोग 15 फीट दूर सडक़ पर जा गिरे, तो कुछ नाले में चले गए। ट्रैक्टर ट्राली पर सवार सभी मजदूर भदोही के तिउरी गांव में छत की ढलाई का काम करके वाराणसी अपने घर जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे-पीछे बाइक से मजदूरों का ठेकेदार भी चल रहा था, तभी औराई की तरफ से बेकाबू ट्रक आ गया।

### केजरीवाल ने खाली किया सीएम आवास

नई दिल्ली (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित आवास खाली कर दिया है। वह शुक्रवार को लुटियंस दिल्ली के फिरोजशाह रोड स्थित बंगला नंबर 5 में शिफ्ट हो गए। नए घर में शिफ्ट होने से पहले यहां पूजा पाठ कराई गई। आप मुख्यालय के नजदीक स्थित यह बंगला आधिकारिक तौर पर पंजाब से पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित किया गया था। केजरीवाल का नया आवास रविशंकर शुक्ला लेन स्थित आप मुख्यालय के नजदीक है। इस आवास में वह अपने परिवार के साथ रहेंगे। पार्टी नेताओं ने बताया कि नयी दिल्ली क्षेत्र केजरीवाल का विधानसभा क्षेत्र भी है और वहां रहते हुए वह दिल्ली और अन्य राज्यों में आगामी चुनावों के लिए आप के अभियान की देखरेख करेंगे।

### तिरुपति लड्डू विवाद की एसआईटी करेगी जांच

नई दिल्ली (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें शीर्ष कोर्ट ने जांच के लिए राज्य सरकार को एक स्वतंत्र कमेटी बनाने को कहा। इसमें सीबीआई और राज्य पुलिस के 2-2 और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया का एक अधिकारी रहेगा। इससे पहले, 1 अक्टूबर को आंध्र पुलिस ने मामले की एसआईटी जांच रोक दी थी। डीजीपी ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। कोर्ट के निर्देश के मुताबिक ये तय किया जाएगा कि एसआईटी जांच को आगे बढ़ाना है या नहीं।

### टीएमसी के गुड़ों ने पूर्व सांसद सिंह के घर पर फेंके देशी बम : शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता (ईएमएस)। बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के भाटपाड़ स्थित आवास पर अज्ञात हमलावरों ने देशी बम से हमला किया। घटना के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार की पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पार्टी पर हमले का आरोप लगाया है। वीडियो में हमलावरों की भीड़ को एक घर की ओर बम फेंककर भागते हुए देखा जा सकता है, और यह फुटेज उसी घर की छत से शूट हुआ है। अर्जुन सिंह ने पोस्ट कर लिखा कि सुबह, जब सभी नवरात्रि की पूजा में व्यस्त थे, तब टीएमसी के गुंडों ने मेरे कार्यालय-सह-निवास पर हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय टीएमसी पार्षद के बेटे नमित सिंह के संरक्षण में हमला हुआ और पुलिस ने मूकदर्शक बनकर कुछ नहीं किया। पूर्व सांसद ने बताया कि हमलावरों ने करीब 15 बम फेंके और एक दर्जन से अधिक राउंड गोलियां चलाईं। बीजेपी नेता अधिकारी ने राज्य के राज्यपाल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, गृह मंत्रालय और भाजपा पार्टी को टैग कर कहा, हमेशा की तरह पुलिस मूकदर्शक बनी रही और अपराधियों को रोकने के लिए कुछ खास नहीं किया। वीडियो फुटेज अपराधियों की पहचान करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि बंगाल पुलिस इस मामले में सक्रियता दिखाकर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। हमले के बाद, पूर्व सांसद सिंह ने एक दूसरा वीडियो भी साझा किया, जिसमें कई लोग उनके घर पर कुछ फेंकते दिख रहे हैं। घटना ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया है, और इससे साफ है कि राज्य की सुरक्षा स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं।

## देश में नवरात्रि की धूम से अर्थव्यवस्था को लगे पंख

### 10 दिन में होगा 50 हजार करोड़ से अधिक का व्यापार

नई दिल्ली(ईएमएस)। देश में गुरुवार से नवरात्र का त्योहार प्रारंभ हो गया है। 10 दिन चलने वाले नवरात्रि फेस्टिवल का जहां धार्मिक महत्व है, वहीं इसके चलते जो कारोबार होगा, उससे अर्थव्यवस्था को भी पंख लग जाएंगे। यानी अर्थव्यवस्था में अच्छा खासा उछाल देखने को मिलेगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि दिल्ली सहित देश भर में अगले एक महीने तक त्योहारों की धूम रहेगी। 10 दिन के नवरात्र एवं रामलीला, डांडिया एवं गरबा उत्सवों से 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होगा। दिल्ली में ही लगभग 5 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है।खंडेलवाल के मुताबिक, नवरात्रि, रामलीला, गरबा तथा डांडिया जैसे उत्सव, जो हर वर्ष देश भर में दस दिन तक मनाए जाते हैं, इनके चलते इस बार देशभर में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। एक अनुमान के अनुसार, अगले दस दिनों में देश भर में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की संभावना है। अकेले दिल्ली में ही लगभग 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होगा। इन उत्सवों के दौरान बाजारों में रौनक बढऩे की उम्मीद है। जहां एक तरफ व्यापारियों को काफी फायदा होगा तो वहीं दूसरी ओर, लाखों लोगों को अस्थायी रोजगार भी मिलेगा। पिछले वर्ष दस दिन का यह व्यापार लगभग 35 हजार करोड़ रुपये का था। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री खंडेलवाल ने बताया कि त्योहारों में खरीदी की विशेष बात यह है कि बिक्री किए जाने वाले अधिकांश उत्पाद, भारतीय ही होंगे। अब लोगों का चीन से बने सामानों से मोहभंग हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश भर में भारतीय सामानों की गुणवत्ता को बढ़ाया है। भारत में बना सामान, अब किसी भी विदेशी सामान से बेहतर है। यही कारण है कि उपभोक्ताओं का रुझान अब भारतीय वस्तुओं की खरीदी पर ही है। देश भर में नवरात्र, रामलीला, गरबा एवं डांडिया जैसे 1 लाख से अधिक छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम शामिल हैं। ऐसा माना जाता है कि त्योहार मनाने से घरों में सौभाग्य एवं संपन्नता का वास होता है। खंडेलवाल ने बताया, इस त्योहारों के सीजन में कपड़े एवं परिधान खासकर पारंपरिक परिधान जैसे साड़ी, लहंगा, और कुर्ते की मांग नवरात्र और रामलीला के दौरान काफी बढ़ती है। पूजा और धार्मिक आयोजनों के लिए लोग नए कपड़े खरीदते हैं। इसके चलते इस श्रेणी में व्यापार में उछाल देखने को मिलता है। बड़े पैमाने पर पूजा सामग्री की मांग भी होती है। पूजन के लिए आवश्यक वस्तुएं जैसे फल, फूल, नारियल, चुनरी, दीपक, अगरबत्ती और अन्य पूजन सामग्रियों की भारी मांग रहती है। खाद्य एवं मिठाई अन्य वस्तुएं हैं, जिनको त्योहारों के दौरान लोग खरीदते हैं। हलवा, लड्डू, बर्फी और अन्य मिठाइयों की खपत इस दौरान बढ़ जाती है।

## आज हरियाणा में मतदान, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर, सीमा पर बढ़ी सख्ती

### 1031 उम्मीदवारों का भाग्य तय करेंगे 2 करोड़ से अधिक मतदाता

फरीदाबाद(ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को मतदान होंगे। एक ही दिन सूबे की सभी 90 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। 8 अक्टूबर, मंगलवार को चुनाव के नतीजे भी एक दिन में ही आ जाएंगे। जिसके मद्देनजर हरियाणा प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। जगह-जगह नाकाबंदी की जाएगी। पुलिस टीम जगह-जगह तैनात होगी। पोलिंग बूथ पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी। चप्पे-चप्पे पर खाकी का पहरा रहेगा। कुल मिलाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव होंगे। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंकज अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के 2,03,54,350 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। प्रदेश की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1031 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहें है और मतदान के लिए 20,632 पोलिंग बूथ बनाएं गए है। प्रदेश में 5 अक्तूबर को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। पंकज अग्रवाल ने बताया कि 2,03,54,350 मतदाताओं में 1,07,75,957 पुरूष, 95,77,926 महिलाएं और थर्ड जेंडर 467 मतदाता है। 18 से 19 आयु वर्ग के 5,24,514 युवा मतदाता है। इसी प्रकार, 1,49,142 दिव्यांग मतदाता है। जिसमें से 93,545 पुरुष व 55,591 महिला व 6 थर्ड जेंडर मतदाता है।उन्होंने बताया 85 वर्ष से अधिक आयु के 2,31,093 मतदाता हैं। जिसमें से 89,940 पुरुष व 1,41,153 महिला मतदाता है। इसके अलावा, 100 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं की संख्या 8,821 है।

## अनिश्चितताओं के बीच भारत दुनिया में पांचवीं सबसे बड़ी जीडीपी के साथ सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था : पीएम

नई दिल्ली (ईएमएस)। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत दुनिया में पांचवीं सबसे बड़ी जीडीपी के साथ सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

उन्होंने कहा कि, कारोबार करने को सरल बनाने के लिए अनुपालन बोझ को कम किया, कंपनी कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया। हम पहले मोबाइल फोन का आयात करते थे, लेकिन आज 33 करोड़ से ज्यादा मोबाइल फोन भारत में बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि, नौकरियां, कौशल, सतत विकास और निरंतर तेजी से विस्तार पर मोदी 3.0 का विशेष ध्यान है। पीएम मोदी ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए संरचनात्मक सुधार जारी रखेगा। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले तीन महीनों में 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े फैसले लिए गए हैं। भारत वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में 81वें से 39वें स्थान पर पहुंच गया है, हम इससे और आगे जाने के लिए शोध को बढ़ावा दे रहे हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि, भारत स्पष्ट रूप से सही स्थान पर है। भारत मजबूत बुनियाद के आधार पर सतत रूप से उच्च वृद्धि के रास्ते पर, शीर्ष पर बने रहने के लिए मेहनत कर रहा है। भारत का विकास समावेशी है। 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं। सभी वैश्विक एजेंसियों ने भारत के लिए सात प्रतिशत से अधिक की विकास दर का अनुमान लगाया है। हमें इससे भी बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है। पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया के दो क्षेत्र भू-राजनीतिक तनाव का सामना कर रहे हैं। आज वैश्विक आपातकाल के बीच हम यहां 'भारतीय युग के बारे में चर्चा कर रहे हैं... यह दर्शाता है कि दुनिया भारत पर कितना भरोसा करती है। पीएम मोदी ने कहा कि, रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म हमारा मार्गदर्शक मंत्र है। जब लोगों के जीवन में बदलाव आता है, तो वे अपने देश पर विश्वास करने लगते हैं। यही बात उनके जनादेश में भी झलकती है। 140 करोड़ भारतीयों का आत्मविश्वास ही हमारी ताकत है। हम भारत की बेहतरी के लिए और अधिक संरचनात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत दोपहिया और ट्रैक्टरों का सबसे बड़ा निर्माता है, और मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है।

### गुरुग्राम में अंडरग्राउंड टैंक की शटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से 3 मजदूरों की मौत

गुरुग्राम (ईएमएस)। हरियाणा के गुरुग्राम में अंडरग्राउंड वाटर टैंक में शटरिंग खोलने गए तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। टैंक आठ महीने से बंद पड़ा था और उसमें गंदा पानी भरा हुआ था, जिसके कारण जहरीली गैस बन गई और यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही नाहरपुर रूपा चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों मजदूरों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस के मुताबिक, हंस एनक्लेव में हरिओम के निर्माणाधीन मकान में कुछ मजदूर काम करने के लिए आए थे। काम ज्यादा न होने के कारण मजदूर यहां आठ महीने से बंद पड़े अंडरग्राउंड वाटर टैंक की शटरिंग खोलने के लिए टैंक में गए। बताया जा रहा है कि आठ महीने पहले शटरिंग करके टैंक का तो निर्माण कर दिया गया, लेकिन इसकी शटरिंग नहीं खोली गई थी।

## छत्तीसगढ़ में पुलिस के साथ मुठभेड़ में अब तक 36 नक्सली ढेर, कई घायल हुए

दंतेवाड़ा (ईएमएस)। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में समाचार लिखे जाने तक 36 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इनमें से 14 के शव बरामद हो गए हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ऑटोमेटेड हथियार बरामद किए गए हैं। यह मुठभेड़ जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुई। नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर माड़ इलाके में नक्सलियों का सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

पुलिस को शुक्रवार को एक मुखबिर से सूचना मिली थी की जंगल में नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फ़िराक में हैं। सूचना मिलने के बाद फोर्स को मौके के लिए रवाना किया गया। जवानों को आता देख नक्सलियों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवानों को भारी पड़ता देख मौके से नक्सली पीछे हट गए। 36 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। कई जख्मी भी हुए हैं। इस मुठभेड़ में कई इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है। नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 को भी पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है।



यह मुठभेड़ नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले की सीमा में अबूझमाड़ के थुलथुली गांव के जंगल में हुई है। सुरक्षाबल के दल में जिला रिजर्व गार्ड और विशेष कार्य बलके जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ से पहले आज सुबह ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा का दौरा किया था। यहां शुक्रवार को उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ। रमन सिंह के साथ 167।21 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मुठभेड़ के साथ ही इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है।

सरकार ने साल 2026 कर छत्तीसगढ़ के बस्तर में माओवादियों के खात्मे के लिए नई स्ट्रैटजी बनाई है। इसके तहत सीआरपीएफ की और 4 बटालियन को बस्तर में तैनात किया जा रहा है। करीब 4 हजार जवान बस्तर के अलग-अलग जिलों में नक्सल मोर्चे पर तैनात होंगे। इनमें झारखंड से 3 और बिहार से 1 बटालियन को भेजा जा रहा है। कुछ जवान बस्तर पहुंचे हैं। बाकियों की ट्रेनिंग चल रही है। सरकार का दावा है कि नक्सलियों के साथ अब यह निर्णायक लड़ाई है। नक्सलियों से लड़ने के लिए फोर्स को और मजबूत किया जा रहा है।

## चुनाव आयोग ने कहा-भजंत्री को रांची डीसी बनाना हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन

**रांची** : चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने को लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने के फैसले को हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया है. भारतीय निर्वाचन आयोग ने अपने पत्र में मुख्य सचिव को छह दिसंबर 2021 के आदेश का अनुपालन करने का कहा है, जिसमें उसने देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने, विभागीय कार्यवाही करने और आयोग की अनुमति के बिना चुनाव कार्य से जुड़े पद पर पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था. साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव को 15 दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया है. दरअसल मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन डीसी ने आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश करने को लेकर चुनाव आयोग ने छह दिसंबर 2021 को मंजूनाथ भजंत्री को उपायुक्त के पद से हटाने का आदेश दिया था. मंजूनाथ भजंत्री ने आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका (5716/22) दायर की थी. मंजूनाथ भजंत्री ने अपनी याचिका में चुनाव आयोग के आदेश को नियम के विरुद्ध बताया था. सिंगल बेंच ने भजंत्री की याचिका को स्वीकार कर ली. इसके बाद आयोग ने सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में एलपीए (244/24) दायर की. हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद 30 सितंबर 2024 को अपना फैसला सुनाया और चुनाव आयोग के आदेश को सही करार दिया. न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि आयोग का आदेश नहीं मानना संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार करने जैसा है. उसका निर्देश मानना राज्य के लिए बाध्यकारी है.

### बाबूलाल मरांडी ने कोयला चोरी मामले में सीबीआई जांच के हाईकोर्ट के आदेश का किया स्वागत, कहा

# अब होगा दूध का दूध पानी का पानी



रांची (ईएमएस)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोर्ट के निर्देश का किया स्वागत और कहा की रिकॉर्ड कोयला चोरी की सीबीआई जांच से होगा दूध का दूध और पानी का पानी।रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यदि बेदाग हैं तो मेरे लिखे पत्रों पर करें कार्रवाई।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को 5 साल का हिसाब और जवाब दोनों देना होगा।कोयला चोरी में हेमंत सोरेन के कार्यकाल में नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है।श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में हुए भ्रष्टाचार और घोटाले को लेकर मैंने कई पत्र मुख्यमंत्री को लिखे हैं। सरकार को पहले ही सचेत कर दिया था कि इस तरह की गड़बड़ी हो रही है। इससे खुद बचे और राज्य को भी बचाएं। श्री मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में अगर राज्य को नहीं बचाएंगे तो खुद भी उसी आग में जल जाएंगे। उन्हें कोई बचा नहीं सकता है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के परिवर्तन यात्रा का समापन 2 अक्टूबर को हजारीबाग में हो गया। समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए थे। परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ 20 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। यात्रा के दौरान देश के रक्षा मंत्री स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री ने इसमें भाग लिया। देश के सभी प्रमुख नेताओं ने इसमें शिरकत की। यात्रा को ताकत और मजबूती दी।श्री मरांडी ने कहा कि यात्रा में नारा दिया गया था, ना कहेंगे ना सहेंगे बदल कर रहेंगे। यह काफी चला। यह नारा आगे भी रहेगा। इसी में एक और नारा दिया गया था हेमंत सोरेन जवाब दो, 5 साल का हिसाब दो। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 5 साल के हिसाब में कई मुद्दों पर बात होगी। श्री मरांडी ने कहा कि उन्होंने कई मुद्दों पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। साहिबगंज में अवैध तरीके से पत्थर का उत्खनन और अवैध ढुलाई होती रही। अवैध घाटों से भी ढुलाई होते रही। पानी के माध्यम से रात में भी ढुलाई की गई। सूचना थी कि यहां कभी भी दुर्घटना घट सकती है। इसे लेकर मैंने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। मुख्यमंत्री ने पत्र का संज्ञान नहीं लिया। पत्र लिखने के करीब 1 से डेढ़ साल के बाद वाहन दुर्घटना घट गई। जांच हुई तो पता चला कि साहिबगंज में हजारों करोड़ों रुपया का पत्थर घोटाला हुआ है। अभी भी जांच चल रही है। कई लोगों के ऊपर केस है।श्री मरांडी ने कहा कि कोयला चोरी का भी एक मामला है। कोयला चोरी ने हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सारे रिकॉर्ड को तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। कोयला चोरी सरकार के संरक्षण में हुआ। कोयला चोरी को लेकर धनबाद में भाजपा की ओर से कई बार धरना प्रदर्शन भी किया गया था। मुख्यमंत्री को इसे लेकर पत्र भी लिखा था। पलामू में नाकामी का झंडा बुलंद करने वाले एसपी की पोस्टिंग धनबाद में कर दी गई। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था कि इस तरह के अफसर के तैनात किए जाने पर जिले में कभी भी अपराध नहीं रुकेगा। उनके बैच के कई अफसर का प्रमोशन हो गया था, लेकिन उन्हें प्रमोट नहीं किया गया है। क्योंकि प्रमोशन मिलने पर उन्हें एसपी के पद से हटना पड़ता।श्री मरांडी ने कहा की कोयला चोरी की जांच कराने के मामले में हाईकोर्ट में केस था। हाई कोर्ट ने इस मामले की सीबीआई जांच के निर्देश दिए हैं। यह स्वागत योग्य है। इसकी सीबीआई जांच होने पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगर सचमुच पाक साफ हैं तो कोयला चोरी में शामिल अफसर को सस्पेंड करें। उनके ऊपर एफआईआर दर्ज करें। नहीं तो यही माना जाएगा की कोयला चोरी की लूट में हेमंत सोरेन की संलिप्तता है। सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर हेमंत सरकार केस करती है। मेरे ऊपर भी कई केस हो चुके हैं। सरकार पुलिस प्रशासन को एक औजार की तरह उपयोग कर रही है।

## रूफ टॉप सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रामगढ़ में हुआ एकदिवसीय कार्यशाला

रामगढ़। रामगढ़ समाहरणालय सभा कक्ष में आज पत्र सूचना कार्यालय रांची तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत के संदर्भ में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के महत्व के बारे में पत्रकारों को बताना ताकि इस योजना का लाभ आम आदमी ले सके। इस कार्यक्रम में जरेडा के दो अधिकारियों बीके दास एवं आर्य दीप्ता जेना के द्वारा उपस्थित पत्रकारों को इस योजना से लाभान्वित करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर पीआईबी के झारखंड प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के द्वारा रामगढ़ में आयोजित हुआ।


## जिला परिषद कार्यालय, जामताड़ा

**(सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नारायणपुर अंचल अन्तर्गत चन्दाडीह–लखनपुर पंचायत में मौजा देवलबाड़ी में प्रतिवर्ष मकर सक्रांति मेला आयोजित किया जाता है। उक्त सैरात की बन्दोवस्ती डाक द्वारा प्रतिवर्ष की जाती है। वर्ष 2024–25 के लिए बन्दोवस्ती हेतु डाक दिनांक 16.10.2024 (बुधवार) को 12:00 बजे अपराह्न से जिला परिषद कार्यालय (कम्बाईण्ड बिल्डींग), जामताड़ा में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिशद जमताड़ा के द्वारा किया जायेगा जिसका न्यूनतम डाक 5900000/– (उनसठ लाख) रूपये है। न्यूनतम डाक राशि का 10 प्रतिशत राशि नाजिर जिला परिशद जामताड़ा के पास जमा कर उक्त डाक में भाग ले सकते हैं।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, जामताड़ा।

PR.NO.338027 Rural Development(24-25):D



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**Department of Forest, Environment & Climate Change, Jharkhand**
**Office of the RCCF, Bokaro, Van Bhawan, Purulia Road, Chas-827013**
**Email Id- rccf-bokaro@gov.in,Phone no.06542-265440**

**VERY SHORT TERM TENDER NOTICE**
**(For Supply of Construction Materials)**

TENDER NOTICE: 01/2024

Sealed tenders are invited from reputed manufacturers or their authorized dealers, for the supply of construction materialsin Bokaro Regionduring the financial year 2024-25, as per the details mentioned below.

| S.N | Item of supply | Specification | Quantity | Unit | Brand/ Quality |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Portland Cement | OPC/PPC (43 & 53 grade) | 2000 | Bags | ACC, Lafarge, Ultrateck, Birla and other reputed BIS national brands |
| 2 | Stone chips | 10 mm &25-50 mm | 200 | Cu.M. | Good quality stone chips |
| 3 | Sand | Coarse (0.5-1mm) Fine (<0.5mm) | 120 | Cu.M. | Good quality river sand |
| 4 | Steel Rod | 6, 8 mm | 15 | MT | SAIL, JSPL, TISCON and other reputed national brands |
| 5 | Snowcem Paint | Waterproof Paint | 30 | Bag | - |
| 6 | Barbed wire (Galvanized) | 4 Point,2 Ply, 12 Swg, 15CM apart | 23 | MT | BIS/ISI certified and reputed brands |

Interested firms/manufacturers or authorized suppliers/dealers can purchase tender documents from the Office of the Divisional Forest officer, BokaroForest Division on payment of Rs. 1000/- by way of Cash or Demand Draft/ Banker cheque in favour of Divisional Forest Officer, Bokaro, from any nationalized bank, on all working days till 11.30 AM of 15.10.2024 Last date and time for submission of tender is 15.10.2024 till2.30PM. Technical Bids will be opened on 15.10.2024 at 3.30PM in the office of RCCF, Bokaro Region, Vanbhavan, Purulia Road, Chas, Bokaro. Financial bids will be opened immediately after processing of the technical bids at the same venue.

Sd/-
RCCF, Bokaro

PR 338012 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D


## संक्षिप्त खबरें

### लूटपाट की योजना बना रहे सात अपराधियों को गुमला पुलिस ने हथियार के साथ दबोचा

गुमला(ईएमएस)।हथियार का भय दिखाकर लूट की योजना बना रहे सात अपराधियों को पुलिस ने पालकोट थाना क्षेत्र के बंगरू पहाड़ के समीप से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी पिस्तौल, दो देसी कट्टा सहित कारतूस बरामद हुए हैं। पालकोट थाना परिसर में प्रेसवार्ता का आयोजन कर एसडीपीओ बसिया नाजीर अख्तर ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी की बंगरू पहाड़ के समीप 7 से 8 व्यक्ति हथियार से लैस होकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। गिरफ्तार लोगों में छत्तीसगढ़ के भी कई अपराधी शामिल है। एसडीपीओ के अनुसार, समय पर उनकी गिरफ्तार नहीं होती तो कोई बड़ी घटना घट सकती थी। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

### गुमला में चंदा मांगने के दौरान विवाद के बाद चाकूबाजी

गुमला(ईएमएस)।गुमला जिले में चंदा मांगने के दौरान विवाद के बाद चाकूबाजी की गई है।बताया जाता है कि जिले के घाघरा में दुर्गा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष अखिलेश्वर साहू को बंधन इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ने चाकू मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया,जिसे तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद गुमला रेफर किया गया। वहीं, घटना की सूचना पर पूजा समिति के लोग सहित स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और सबसे पहले दुकानदार को बुरी तरह पीटा। इसके बाद दुकान में आग लगा दी। बताया जाता है कि चंदा मांगने के दौरान किसी बात को लेकर बहस हुई थी। घटना की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश यादव, थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया।

### आउटसोर्सिंग कंपनी ने शिक्षकों को हटाया, राजभवन के समक्ष दिया अनिश्तिकालीन धरना

रांची(ईएमएस)।झारखंड राज्य साक्षरता कर्मी महासंघ के तत्वाधान में सैकड़ों साक्षरता कर्मियों ने राजभवन के समक्ष धरना दिया।प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आधार पर हजारों शिक्षकों का 2012 में नियुक्ति हुआ था।राज्य के गिरीडीह, खूंटी, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम को छोड़कर 19 जिलों में शिक्षकों की बहाली हुई थी। गुमला जिला के अलख नारायण सिंह ने कहा कि 15 साल से अधिक उम्र के निरक्षर लोगों को साक्षर करने का काम किया।अब ये काम को आउटसोर्सिंग कंपनी को ठेका दे दिया और 2018 में सभी शिक्षकों को हटा दिया।इससे राज्य के सभी शिक्षक बेरोजगार हो गए।सभी शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाते थे। निरक्षर लोगों को साक्षर बनाया। जिला से प्रखंड स्तर तक जन जागरूकता लाई गई।

### एनजीटी रोक के बावजूद पथरगामा में बालू की तस्करी जारी

गोड्डा(ईएमएस)।एनजीटी की रोक के बावजूद गोड्डा जिले के पथरगामा क्षेत्र में बालू की तस्करी धड़ल्ले से जारी है।सड़कों व गलियों में दौड़ते अवैध बालू लदे ट्रैक्टर व मिनी हाइवा इसकी सच्चाई बयां कर रहे हैं।स्थानीय भाजपा विधायक अमित मंडल के गांव कोरका के रास्ते देर रात बालू लदे ट्रैक्टर व हाइवा की कतार लगी रहती है।बालू तस्करी में लगे वाहन सड़कों पर इस कदर दौड़ते हैं मानो जमीन पर नहीं हवा में उड़ रहे हों। उनमें अधिक से अधिक ट्रिप लगाने की होड़ लगी रहती है। लूट का खेल है, जाहिर है ऊपर से नीचे तक काली कमाई का हिस्सा पहुंचता होगा। विधायक अमित मंडल का समय-समय पर बालू तस्करी को लेकर किया गया विरोध भी तस्करों का मनोबल नहीं रोक पाया।

### ललमटिया में अवैध कोयला जब्त

गोड्डा(ईएमएस)।ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राउत के नेतृत्व में पुलिस ने कोयला तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया।इस दौरान विभिन्न जगहों पर तस्करों द्वारा डंप किए गए कोयला को जब्त किया गया।यह कोयला ललमटिया कोलियरी के अगल-बगल क्षेत्र से चोरी कर जमा किया गया था। पुलिस ने जब्त कोयला को ललमटिया कोलियरी को सौंप दिया।ज्ञात हो कि पुलिस की यह कार्रवाई दो-चार महीने में की जाती है। इसके बाद कुछ दिनों तक कोयला चोर शांत रहते हैं और अपना धंधा शुरू कर देते हैं।मुख्य खदान के अगल-बगल कई अवैध खदानें संचालित हैं, जिनसे कोयला की तस्करी बदस्तूर जारी है।देवडांड थाना क्षेत्र के जंगलों में भी अवैध खदान का संचालन धड़ल्ले से किया जाता है।

### 32 खेलों के साथ राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ

रांची। राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 का शुक्रवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 32 खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेंदु तिग्गा ने दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, झारखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, झारखंड एथलेटिक संघ के महासचिव ए के पांडे, भारतीय कबड्डी संघ के रेफरी बोर्ड के संयोजक बिपिन सिंह, झारखंड ताइक्वांडो संघ के वाइस प्रेसिडेंट मिथलेश कुमार सिंह, झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषध्यक्ष उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे।उद्घाटन पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके की छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## 32 खेलों के साथ राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ



रांची(ईएमएस)।राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 का शुक्रवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 32 खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेंदु तिग्गा ने दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, झारखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, झारखंड एथलेटिक संघ के महासचिव ए के पांडे, भारतीय कबड्डी संघ के रेफरी बोर्ड के संयोजक बिपिन सिंह, झारखंड ताइक्वांडो संघ के वाइस प्रेसिडेंट मिथलेश कुमार सिंह, झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषध्यक्ष उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे।उद्घाटन पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके की छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।समारोह में रांची जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों के द्वारा ताइक्वांडो खेल का शानदार डेमोस्ट्रेशन और एसजीएफआई गोल्ड मेडलिस्ट योग टीम ने योग की शानदार प्रस्तुति दी।

राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 के पहले दिन आज तीन खेल स्पर्धाओं में 1300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ताइक्वांडो, वॉलीवॉल और आर्चरी की प्रतियोगिता हुई।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने समर्थको के साथ भाजपा की ली सदस्यता

रांची (ईएमएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और हुसैनाबाद से विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सदस्यता ग्रहण समिति के अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय और पार्टी के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में कमलेश कुमार सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष और चुनाव सह प्रभारी ने कमलेश कुमार सिंह को पार्टी का पट्टा और सदस्यता फॉर्म भर कर उन्हें भाजपा में शामिल कराया। मौके पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी और विधायक कमलेश कुमार सिंह के समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थामा।इस मौके पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदस्यता ग्रहण करने के बाद विधायक कमलेश सिंह और उनके समर्थकों का तहे दिल से स्वागत किया। पुराने दिनों को याद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कई बार ऐसे मौकीन हैं जब विधायक कमलेश सिंह ने भारतीय जनता पार्टी का खुले तौर पर समर्थन किया था।

### हाईकोर्ट ने कहा 6 दिसंबर तक पूरी करें चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया

रांची (ईएमएस)। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 6 दिसंबर तक राज्य में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को चौकीदार नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायधीश जस्टिस एस एन पाठक ने यह निर्देश दिया है।प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता एम एम शर्मा ने बहस की। उनकी ओर से अदालत को बताया गया कि गृह सचिव ने अदालत को यह अंडरटेकिंग दी थी कि 3 महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## चतरा में शहीद जयमंगल पांडे व नादिर शाह अली को दी गई श्रद्धांजलि



चतरा (ईएमएस)। 1857 स्वतंत्रता संग्राम के शहीद जयमंगल पांडे और नादिर अली खां को फांसी दिए जाने वाले ऐतिहासिक स्थल फांसीहारी तालाब पर शहीद जयमंगल पांडेय की सातवीं पीढ़ी के वंशज जमा हुए।वंशज सचिदानंद पांडेय अपने परिवार और माता प्रतिमा पांडेय, सौरव सुमन के साथ पहुंचकर जयमंगल पांडेय को श्रद्धांजलि।सचिदानंद पांडेय ने कहा कि चतरा ऐतिहासिक दृष्टि से राष्ट्रीय पहचान की धरती है।जिस स्वतंत्रता संग्राम की देश में चर्चा की जाती है उसमें शहीद जयमंगल पांडेय और नादिर अली खां जैसे वीर क्रांतिकारी शामिल हैं।आज तक राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन, स्थानीय सांसद, विधायक की अनदेखी ने चतरा को गुमनामी में रखा है।आज चतरा के इतिहास को जानने और समझने की जरूरत है।इसे संसदीय पटल पर रखने की आवश्यकता है।क्रांतिकारियों ने 56 अंग्रेजी सैनिकों को मार गिराया था

सचिदानंद ने कहा कि जहां एक ओर 1857 क्रांति की बात पूरे देश में तो होती है, पर झारखंड के इतिहास में चतरा है, जहां 1857 की क्रांति का भीषण युद्ध हुआ था।यहां के क्रांतिकारियों की अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन पर अंग्रेजी शासन का हर मुख्यालय चतरा कूच कर गया था, लेकिन यहां के वीर क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला कर रख दी थी।इस युद्ध में शहीद जयमंगल पांडेय और नादिर अली खां के साथ भारतीय सेना ने साहस का परिचय दिया और 56 अंग्रेजी सैनिकों को मार गिराया। सैकड़ों लोग हताहत हुए।अंत में 2 अक्टूबर 1857 को दोनों को पकड़ लिया गया। ट्रायल कर 4 अक्टूबर 1857 को शहीद जय मंगल पांडेय और नादिर अली खां के साथ 150 भारतीय सैनिकों को इसी तालाब के किनारे आम के पेड़ पर फांसी दे दी गई।

मौके पर शहीदों की नाम से हो चतरा की पहचान, बलिदानियों के जयकार से वातावरण गुंजायमान हुआ। मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरव सुमन,बजरंग दल जिला सांयोयक अंकित पांडेय, ओमप्रकाश वर्मा, गोविंद पासवान, प्रदीप रावत, सूरज कुमार, राजकुमार वर्मा, चम्पा देवी, कुमार काली यादव, शशि कुमार, जितेंद्र पांडेय आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय, जिला अभियंता जिला परिषद गिरिडीह

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या– DE/ZP/GIRIDIH/05/RE1/2024-25

ई– निविदा सूचना संख्या – DE/ZP/GIRIDIH/05/RE1/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:– **15वें वित्त आयोग आबद्ध मद।**

| क्र0 | ग्रु0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 1.प्रखण्ड देवरी अन्तर्गत पंचायत जमखुखरो के ग्राम गोरटोली उ0म0विधालय से गंगारायडीह गांव तक रोड किनारे ढक्कन सहित नाली निर्माण। 2.प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत चुंगलखार के ग्राम दीवी टोला में चौक से लेकर दलित टोला तक नाली निर्माण। | 2327400.00 | 47000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 2 | 4 | 1.प्रखण्ड देवरी अन्तर्गत पंचायत ढेंगाडीह ग्राम मंझलाडीह उपर टोला बुढ़ा आहर छठ घाट निर्माण। 2.प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत केन्दुआ ग्राम रंगामाटी प्रयाग महतो घर से डोमन महतो कम्पाउण्ड तक नाली निर्माण। | 1708900.00 | 35000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | 5 | 1.प्रखण्ड देवरी अन्तर्गत पंचायत कोसोगोन्दोदीघी ग्राम गम्हारडीह स्थित बुढवा आहर को जिर्णोद्धार एवं स्नान घाट निर्माण। 2.प्रखण्ड जमुआ अन्तंर्गत पंचायत नवडीहा के ग्राम गोंसाईडीह में टीपन महतो के घर से बड़ा कुआं तक नाली निर्माण। 3.प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत मलुआटांड़ के ग्राम परांचीडीह गच्छकोरिया अहार में घाट का निर्माण। | 2036400.00 | 41000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 4 | 6 | 1.प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत चोरगता ग्राम गरडीह दुर्गा मंडप के बगल तालाब में घाट निर्माण। 2.प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत जगरनाथडीह के ग्राम मिर्जागंज बाजार में संतोष साव कपड़ा दुकान से सदानन्द साव के घर तक ढक्कन सहिल नाली निर्माण। | 2288600.00 | 46000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 5 | 7 | 1.प्रखण्ड धनवार अन्तर्गत पंचायत सिरसाय ग्राम डोमायडीह छोटा तालाब का जिर्णोद्धार। 2.प्रखण्ड धनवार अन्तर्गत पंचायत अम्बाटांड ग्राम कारूरायडीह सुबोध यादव घर के पीछे चेक डेम एवं स्नान घाट निर्माण। 3.प्रखण्ड धनवार अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुण्डरी के ग्राम तारानाखो के पोखरिया तालाब में स्नान घाट निर्माण। 4.प्रखण्ड धनवार अन्तर्गत पंचायत गादी ग्राम अरगाली में ओलिया बाबा के पास तालाब में स्नान घाट निर्माण। 5.प्रखण्ड धनवार अन्तर्गत पंचायत गादी ग्राम सिंगारडीह तालाब में स्नान घाट निर्माण। | 2299500.00 | 46000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 6 | 8 | 1.प्रखण्ड बिरनी अन्तर्गत पंचायत अरारी ग्राम बैसखवाटांड़ के तालाब पर स्नान घाट निर्माण। 2.प्रखण्ड बिरनी अन्तर्गत पं0 खैरीडीह के ग्राम खैरीडीह में इरगा नदी पर स्नान घाट का निर्माण। 3.प्रखण्ड बिरनी अन्तर्गत पंचायत शाखाबारा के ग्राम शाखाबारा में मुमताज अंसारी घर से लेकर कोल्हरिया तालाब तक ढक्कन सहित नाली निर्माण। 4.प्रखण्ड बिरनी के पंचायत बलिया कन्या मध्य विद्यालय में शौचालय एवं पेयजल का निर्माण। | 2385600.00 | 48000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 7 | 10 | 1.प्रखण्ड बगोदर के अटका पश्चिमी पंचायत के ग्राम जिरवाटाण्ड बजरंग बली मंदिर से लेकर मोहन महतो झरी होतु हुए नावाहरा मंदिर तक नाली का निर्माण। 2.प्रखण्ड बगोदर के जरमुने पश्चिमी पचांयत के ग्राम माहुरी में सिटन महतो झरी से मस्जिद होते हुए बोडी बांध तक ढक्कन सहित नाली निर्माण। 3.प्रखण्ड बगोदर अन्तर्गत पंचायत खेतको ग्राम खेतको चपटाही आम के निकट तालाब में घाट का निर्माण। | 1775100.00 | 36000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 8 | 11 | 1.प्रखण्ड बगोदर अन्तर्गत पंचायत बगोदर पश्चिमी के ग्राम अम्बाडीह में मोहर सिंह तालाब में स्नान घाट निर्माण। 2.प्रखण्ड बगोदर के पंचायत हेसला ग्राम हेसला के गेन्दोडीह मरघटिया बांध में घाट निर्माण। 3.प्रखण्ड बगोदर के पंचायत दोन्दलो में टोला मुखियाखेरी हरदली नदी में घाट निर्माण। 4.प्रखण्ड बगोदर के पंचायत जरमुने पूर्वी ग्राम नावाडीह के खढुईया नदी में घाट निर्माण। | 2087800.00 | 42000.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 9 | 13 | 1.प्रखण्ड डुमरी के पंचायत कल्हाबार ग्राम तेलखारा पोखरिया तालाब में स्नान घाट का निर्माण। 2.प्रखण्ड डुमरी अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरी के टोला धनहरा के जमुनिया नदी में स्नान घाट एवं धुलाई घाट का निर्माण। | 1360300.00 | 28000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 10 | 14 | 1.प्रखण्ड डुमरी अंतर्गत पंचायत लक्ष्मणटुडा, तेलियाटुण्डा नदी में स्नान घाट निर्माण। 2.प्रखण्ड डुमरी अंतर्गत पंचायत खैराटुण्डा –मटियाबेडा नदी में स्नान घाट निर्माण। | 1163000.00 | 24000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 11 | 15 | 1.प्रखण्ड डुमरी अंतर्गत शंकरडीह पंचायत अंतर्गत रविदास मोहल्ला रामनगर में 300 मीटर नाली का निर्माण। 2.प्रखण्ड पीरटांड अंतर्गत पंचायत कुण्डको ग्राम कुण्डको में टोला कठहाराटांड चेक डेम से रानी बांध, हरलाडीह, टोला बरवाडीह, टोला होते हुए बड़कीटांड तक सिचाई नाली निर्माण। | 1668900.00 | 34000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 12 | 17 | 1.प्रखण्ड गिरिडीह अंतर्गत पंचायत सिकदारडीह में ग्राम मनिकलालो पोखन दास घर से अम्बेडकर चौक सामुदायिक भवन होते हुए चबुतरा तक ढक्कन सहित पक्का नाली निर्माण। 2.प्रखण्ड गिरिडीह अंतर्गत ग्राम 16 नम्बर पंचायत चुंजका बब्लु के दुकान से लेकर असगर के घर तक नाली का निर्माण। 3.प्रखण्ड गिरिडीह अंतर्गत पंचायत अकदोनीखुर्द के ग्राम प्रेमनगर में हुलास दास घर से लेकर पुल तक नाली निर्माण। 4.प्रखण्ड गिरिडीह अन्तर्गत ग्राम पंचायत जसपुर के ग्राम चुंगलो में बड़ा तालाब में स्नान घाट निर्माण। | 2444600.00 | 49000.00 | 5000.00 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक 07.10.2024 से दिनांक 15.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– जिला अभियंता, जिला परिषद का कार्यालय, गिरिडीह।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 17.10.2024 अपराह्न 3:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिशद, गिरिडीह।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या – 9431323435 (संबंधित जिला अभियंता, गिरिडीह का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. जिला परिषद, गिरिडीह के समुचित श्रेणी एवं उससे एक उपर के निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, गिरिडीह

PR 338020 Rural Development(24-25)#D


गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS
सत्यमेव जयते
Indian
Cyber
Crime
Coordination
Centre
सहवीर्यं करवावहै • Working Together With Vigour
End-to-end encrypted
Unknown Caller
"मैं पुलिस डिपार्टमेंट से बात कर रहा हूँ। आपका पार्सल पकड़ा गया है जिसमें ड्रग्स हैं..."
स्कैम
सावधान!
आप
डिजिटल अरेस्ट
स्कैम
में फंस
सकते हैं।
डरें नहीं, सतर्क रहें!
सीबीआई/पुलिस/कस्टम/ईडी/जज आपको वीडियो कॉल पर गिरफ्तार नहीं करते।
www.cybercrime.gov.in
पर शिकायत दर्ज करें
या
1930
CBC 19101/13/0014/2425
अधिक जानकारी के लिए CyberDost को पर फॉलो करें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हेलीकॉप्टर की पानी में आपात लैंडिंग वायुसेना ने शुरु की जांच

मुजफ्फरपुर (ईएमएस)। मुजफ्फरपुर जिले के भरथुआ पंचायत के मधुबन बेशी चौर में बाढ़ राहत सामग्री गिराने दौरान हेलीकॉप्टर की पानी में आपात लैंडिंग कराने की दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन के अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। ग्रुप कंमाडर रवीश राकेश ने बताया कि किन तकनीकी कमी के कारण हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग करानी पड़ी, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इसकी जांच चल रही है। जांच के लिए हेलीकॉप्टर के ब्लैक बॉक्स को सुरक्षित किया गया है।जांच टीम में इंजीनियरिंग, फ्लाइंग, चेन आदि विभाग के अधिकारी शामिल हैं। ग्रुप कमांडर ने बताया कि हेलीकॉप्टर की सुरक्षा में उनके अधिकारी व जवान मौके पर तैनात हैं। पानी कम होने का इंतजार हो रहा है। इसके बाद हेलीकॉप्टर को सुरक्षित निकालने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि आपात लैंडिंग होने वाला एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव है। उधर, डीएम राजीव रौशन ने कहा कि दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन से दरभंगा और सीतामढ़ी जिले के बाढ़ राहत आपरेशन चलाया जा रहा था।प्लेन तथा हेलीकॉप्टर का ब्लैक बॉक्स सबसे अहम हिस्सा होता है। यह उड़ान की गतिविधियों को रिकार्ड करता है। इस कारण इसे फ्लाइट डाटा रिकार्डर भी कहते हैं। यह विमान के पीछे लगा होता है। इंजन की आवाज, इमरजेंसी अलार्म की आवाज, केबिन के तापमान, काकपिट, दिशा, ऊंचाई, ईंधन का स्तर, गति आदि सहित कुल 88 डेटा को रिकार्ड करता है।काफी ऊंचाई से जमीन पर या समुद्री पानी में गिरने की स्थिति में भी इसे बहुत कम नुकसान पहुंचता है। बिना बिजली के 30 दिन तक काम करता है। दुर्घटना के बाद इससे 30 दिनों तक विशेष आवाज और तरंग निकलती है, जिससे ब्लैक बॉक्स को खोजने में मदद मिल जाती है।

### बिहार से शराबबंदी हटाना, यहीं पीके का पार्टी बनने का अंतिम लक्ष्य

**परिवहन मंत्री शीला मंडल का बयान**

पटना (ईएमएस)। नीतिश सरकार में परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि गांधी जयंती के दिन शराबबंदी हटाने की बात कर प्रशांत किशोर ने अपनी असली चेहरा बिहारवासियों को दिखा दिया है। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद उन्होंने यह बात कही।परिवहन मंत्री ने कहा कि पीके को इसकी जानकारी नहीं है कि शराबबंदी से कितने घरों में खुशियां लौटी है। समाज में अमन-चैन का माहौल कायम हुआ है।आज बिहार में किसी चौराहे पर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर उपद्रव करने या हुड़दंग का साहस नहीं कर सकता। पीके बिहार की जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ हैं। शराबबंदी की अहमियत का उन्हें अंदाजा नहीं है।वहीं प्रशांत किशोर ने कहा कि बीते 30 साल से मुसलमान लालू प्रसाद को छोड़कर किसी की नहीं सुन रहे थे। लेकिन अब हमारी सुन रहे हैं। पटना की हमारी एक बैठक में 15000 मुसलमान शामिल हुए थे। वे अभी हमको सुन रहे हैं। धीरे-धीरे हमारी नीतियों से सहमत भी हो जाएंगे। जन सुराज विधानसभा की 40 सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार देगी। मुस्लिम वोटर भी बदलाव चाहते हैं। उनकी बेचैनी झलक रही है। कई मुस्लिम बहुल सीटों पर राजद की हार इसका जीताजगाता प्रमाण है।

### रेप केस में पूर्व शिक्षा मंत्री को अग्रिम जमानत

पटना (ईएमएस)। बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री वृषिण पटेल को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुजफ्फरपुर में नाबालिग लड़की से रेप मामले में उन्हें कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। न्यायाधीश राजेश वर्मा की एकल पीठ ने जमानत पर फैसला सुनाया है।पूर्व मंत्री पर आरोप है कि नाबालिग लड़की को नौकरी देने के नाम पर मुजफ्फरपुर से पटना बुलाया और कई सालों तक उसके साथ रेप किया। बाद में पीड़िता ने एक परिवाद पत्र मुजफ्फरपुर के पॉक्सो कोर्ट में दायर किया था। इस मामले में पॉक्सो कोर्ट ने पटेल के खिलाफ लगाए गए आरोप पर संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। पटेल ने इस मामले में मुजफ्फरपुर के पॉक्सो कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दिया था। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अब हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिली है।

### तीन युवक गंगा में डूबे

पटना (ईएमएस)। यहां नवरात्र के पहले दिन बड़ा हादसा हुआ। दीदारगंज थाना क्षेत्र के गोप घाट पर नहाने के दौरान 3 युवक गंगा में डूब गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर है।जानकारी के मुताबिक ये तीनों कलश स्थापना के लिए मिट्टी और गंगाजल लाने घाट पर पहुंचे थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए। किसी तरह से एक युवक तैरकर बाहर निकला। 2 युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही गोताखोर और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। आनन-फानन में परिजन उन्हे लेकर अस्पताल पहुंचे। फतुहा एसडीपीओ ने कहा कि तीनों विग्रहपुर के रहने वाले थे। अस्पताल में डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### दो समूहों में झड़प, गोली लगने से लड़के की मौत, महिला घायल

पटना (ईएमएस)। पटना जिले में ग्रामीणों के 2 समूहों के बीच झड़प के दौरान गोली लगने से एक लड़के की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान गोलू के रूप में हुई है। पटना सदर 2 के उप-मंडल पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना शाम को हुई जब गौरीचक थाना क्षेत्र के एक गांव में 2 समूहों के बीच मामूली बात पर झड़प हो गई थी। उन्होंने कहा कि लोगों के अनुसार एक व्यक्ति ने अचानक प्रतिद्वंद्वी समूह पर गोली चला दी जिसमें गोलू और महिला घायल हो गए। पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने और घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई जबकि महिला की हालत स्थिर है। एसडीपीओ ने कहा कि केस दर्ज कर लिया है और अधिकारियों ने हमलावर को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया है।

### गंगा का पानी खतरे के निशान से नीचे

पटना (ईएमएस)। यहां बदले मौसम के बाद बिहार के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही व ज्यादातर स्थानों पर नदियों का जलस्तर अब भी खतरे के निशान से ऊपर है। इससे पहले दिन में सीएम नीतीश ने पटना के गांधी घाट पर गंगा के जलस्तर का निरीक्षण किया जहां पानी खतरे के निशान से नीचे है।सीएम के निरीक्षण के दौरान बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उपमुख्यमंत्री व विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी गांधी घाट पर मौजूद थे। कुछ दिनों पहले तक गांधी घाट पर गंगा में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर था। हालांकि पटना के हाथीदह घाट पर गंगा अब भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गंगा के किनारे बसे बिहार के कई जिलों बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार में इस साल आयी बाढ़ से लाखों की आबादी प्रभावित हुई तथा पांच लोगों की जान गई है।

### स्मार्ट मीटर के फायदे भी हैं, पुश बटन दबाएं, 3 दिन तक मिलेगी बिजली

पटना (ईएमएस)। यदि आपके स्मार्ट मीटर का बैलेंस खत्म हो जाता है और आप किसी कारणवश रिचार्ज नहीं करा पाते हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में मीटर में लगे पुश बटन को 20 सेकंड तक दबाएं। ऐसा करने पर 3 दिन तक बिजली मिलेगी। यह सुविधा आपको महीने में एक बार ही मिलेगी। इस दौरान आप आराम से अपना मीटर रिचार्ज करा सकते हैं।यह जानकारी पटना के जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक में दी। इस बैठक में उन्होंने बिजली आपूर्ति, स्मार्ट प्रीपेड मीटर और सरकारी दफ्तरों में इन मीटरों को लगाने जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसी दौरान उन्होंने स्मार्ट मीटर से जुड़ी राहत की घोषणा भी की। डीएम ने कहा कि अभी यह सुविधा शुरू नहीं हुई है, लेकिन बहुत जल्द ही इसे शुरू कर देंगे। फिलहाल बैलेंस खत्म होने पर केवल 24 घंटे तक ही बिजली आपूर्ति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सरकार के नए निर्देशों के अनुसार अब उपभोक्ताओं को बिजली बिल का भुगतान करने और बैलेंस खत्म होने की सूचना एक सप्ताह पहले ही दे दी जाएगी। इससे पहले तक यह सूचना केवल 24 घंटे पहले ही दी जाती थी। बिजली लोड बढ़ाने पर भी उन्होंने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यदि आप अपने घर या कार्यस्थल का बिजली लोड बढ़ाना चाहते हैं तो अब आपको कोई पेनाल्टी नहीं लगेगी। यह छूट अगले 6 महीने तक लागू रहेगी।

# आखिर हर साल बाढ़ से क्यों मचती है बिहार में तबाही !

**कहीं अधिकारियों की अदूरदर्शिता और भ्रष्टाचार तो नहीं है वजह !**



पटना, (ईएमएस)। हर साल बिहार में बाढ़ आती है और इससे तबाही मचती है। लाखों लोग बेघर हो जातें हैं और रेल पटरियों पर तिरपाल लगाकर अपने लोगों के साथ रहने को विवश होते हैं। वहीं मुख्यमंत्री भी हेलिकॉप्टर से हवाई सर्वे करते हैं, राहत सामग्री पहुंचाने का निर्देश अपने मातहत अधिकारियों को देते हैं, विपक्ष भी राहत नहीं मिल पाने को लेकर खूब हो हल्ला करती है और फिर समस्या जस की तस बनी रह जाती है। ये सालों से होता चला आ रहा है। दरअसल बिहार के लोगों पर प्राकृतिक रूप से दोहरी मार है। पहले भारी बारिश के चलते आसपास की नदियां भर जाती हैं तो बाढ़ आता है या फिर नेपाल से पानी छोड़ा जाता है तो बाढ़ आता है। इन दोनों परिस्थितियों में गरीबों को बेघर होना पड़ता है और एक खानाबदोश जिंदगी जीनी पड़ती है। बिहार में हर साल आने वाला बाढ़ कुछ ना कुछ लेकर जरूर जाता है और अपने पीछे छोड़ जाता है निराशा और दुख। दुख इस बात की कि कुछ परिवार अपनों को खो देते हैं तो कुछ परिवार अपने आशियाने को। लेकिन घबराना क्यों है, ये तो हर साल की बात है। बिहार में बाढ़ की समस्या कोई साल, दो साल या पांच साल से नहीं है, बल्कि वर्षों से है। हर साल बाढ़ आती है और लोग अपना घर छोड़कर किसी अस्थाई जगह पर आशियाना बनाते हैं और जैसे-तैसे गुजर-बसर करते हैं। हेलिकॉप्टरों के जरिए आसमान से जरूरतों के सामान गिराए जाते हैं। इस तरह की दयनीय जिंदगी जीने के लिए लाखों लोग हर साल मजबूर होते हैं। लेकिन इसका उपाय सरकार ढूंढ नहीं पा रही है। हर साल गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा सहित अन्य नदियों में जैसे ही जलस्तर बढ़ता है वैसे ही सीतामढ़ी, दरभंगा, सुपौल, सहरसा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार और मुजफ्फरपुर हर साल बाढ़ की त्रासदी को झेलता है। इन जिलों में बाढ़ का संकट गहराने लगता है। ऐसा नहीं है कि बिहार के लिए केंद्र की तरफ से राहत पैकेज नहीं मिलता है या फिर राज्य सरकार दिल खोल कर बाढ़ पीड़ितों की सहायता या फिर तटबंधों के कटाव को भरने के नाम पर अरबों रुपया खर्च नहीं करती है। हाल ही में केंद्र सरकार सरकार ने बिहार को 656 करोड़ रुपये का बाढ़ राहत पैकेज दिया है। हर साल अरबों रूपये का पैकेज बिहार को मिलता रहा है लेकिन हम और आप उन अधिकारियों से क्या उम्मीद कर सकते हैं, जो खेतों के बीचो-बीच पुल बनाकर छोड़ देते हैं या फिर करोड़ों की लागत से पुल तैयार करते हैं और वो भरभराकर गिर जाते हैं। यानि कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि कहीं अधिकारियों की अदूरदर्शिता और भ्रष्टाचार तो नहीं है बाढ़ आने की वजह ? खैर ये तो शोध का विषय है।

### तेल से भरी मालगाड़ी में लगी आग, एक नाबालिग झुलसा

कटिहार, (ईएमएस)। बिहार के कटिहार जिले में तेल से भरी एक मालगाड़ी के कंटेनर में गुरुवार को अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। ये घटना लाभा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर घटी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल और रेल कर्मी पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे के बाद कटिहार-कुमेदपुर लाइन पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। बताया गया है कि रेलवे लाइन पर खड़ी मालगाड़ी के डब्बे में ब्लास्ट के बाद आग लग गई। इस घटना में एक नाबालिग लड़का बुरी तरह झुलस गया। प्राप्त खबर के अनुसार पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार रेल मंडल के लाभा रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी में तेज धमाका हुआ। इस धमाके के साथ ही कंटेनर के अंदर भीषण आग लग गई, जिससे वहां मौजूद एक बच्चा बुरी तरह झुलस गया। घायल बच्चे का नाम मोहम्मद फैसल है। बच्चा आग की लपटों में कैसे झुलसा इसकी जानकारी फ़िलहाल नहीं मिल पाई है।

# अपराधियों ने आंगनबाड़ी सहायिका को मारी गोली

मोतिहारी : मोतिहारी में आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या कर दी गई। वह घर में अकेली रहती थी। अपराधियों ने घर घुसकर उसे गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के भटवलिया की है।महिला की हत्या के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया। पुलिस ने एक गोली भी मौके से बरामदी की है। इसी जांच कर रही है।



#### महिला की लाश जमीन पर पड़ी थी

बताया जा रहा है कि संग्रामपुर बाल विकास परियोजना की केंद्र संख्या 62 की सहायिका सीमा देवी अपने घर में अकेले रहती थी। शुक्रवार सुबह आगनबाड़ी केंद्र पर नहीं पहुंचने पर सेविका द्वारा फोन किया गया। फोन नहीं उठाने पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका ने आसपास के लोगों उसके घर जाने को कहा। पड़ोसी ने घर के बाहर से आवाज लगाई लेकिन उसने जवाब नहीं दिया। खिड़की से झांककर देखा तो दंग रह गए। महिला की लाश जमीन पर पड़ी थी। इसके बाद फौरन पुलिस को जानकारी दी गई।

#### अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है

इधर, मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए अरेराज एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया है। अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि महिला घर में अकेली थी। गोली मारकर हत्या की बात सामने आ रही है। परिवार और आसपास के लोगों से जानकारी ली जा रही है। महिला घर में अकेली रहती थी। अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है।

#### ससुराल छोड़कर मायके में ही रहती थी

पड़ोसी का कहना है कि सीमा की शादी छपरा के मढ़ौरा में हुई थी। शादी के बाद पति पत्नी के विवाद के कारण वह ससुराल छोड़कर मायके में ही रहती थी। सीमा के दोनों भाई प्रदेश में रहते है। एक भाई के नवनिर्मित घर में वह अकेली रहती थी। उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी। फिर भी किसने और क्यों उसकी हत्या की? यह जांच का विषय है।

### रिश्वत मामले में एनआईए के अधिकारी और दो एजेंट गिरफ्तार



पटना, (ईएमएस)। केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए तथा सीबीआई ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनआईए के ही एक अधिकारी और उनके दो एजेंटों को एक संदिग्ध से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अधिकारी एनआईए पटना ब्रांच के डीवायएसपी हैं. पकड़े गए अधिकारी के खिलाफ भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने की शिकायत मिली थी. बताया गया है कि रमैया कंस्ट्रक्शन के मालिक रॉकी यादव ने एनआईए की जांच के दौरान एनआईए की पटना शाखा के जांच अधिकारी पर भ्रष्ट गतिविधियों का आरोप लगाया था. इसके बाद सीबीआई ने सूचना का सत्यापन किया और फिर एनआईए के साथ मिलकर कार्रवाई करते हुए आरोपी जांच अधिकारी डीवायएसपी अजय प्रताप सिंह तथा उनके दो एजेंटों को शिकायतकर्ता रॉकी यादव से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते वक़्त गिरफ्तार कर लिया. मालूम हो कि कुछ दिन पहले ही जदयू की पूर्व विधायक मनोरमा देवी के बेटे रॉकी यादव की कंपनी और ठिकानों पर एनआईए ने छापेमारी की थी. इस दौरान डेढ़ करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद हुई थी. इस केस के आईओ वरिष्ठ सीनियर डीवायएसपी अजय प्रताप सिंह थे. इसी मामले में वे अपने एजेंट के माध्यम से रिश्वत ले रहे थे, जिसकी शिकायत सीबीआई से रॉकी यादव ने की थी. फ़िलहाल इस मामले की आगे की जांच जारी है.

# युवती ने की आत्महत्या



बेतिया : बेतिया में एक युवती ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। कारण बस इतना था कि युवती ने ऑनलाइन शॉपिंग की थी। इससे उसका मंगेतर नाराज हो गया। और उसने शादी से इनकार कर दिया। इस युवती ने फंदे से लटककर जान दे दी। उसकी शादी सात मार्च 2025 को होनी थी। घटना जिले के नवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधियावा गांव की है। मृतका की पहचान दूधियावा गांव निवासी विद्याया प्रसाद के 21 वर्षीय बेटी अमीषा कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया तथा मामलें की जांच में जुटी हुई है।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत अमीषा के चाचा प्रदीप कुमार प्रसाद ने बताया कि उनकी भतीजी की शादी शिकारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नरकटियागंज निवासी जनक प्रसाद के 23 वर्षीय बेटे नीतीश कुमार उर्फ छोटू के साथ तय हुई थी। 13 मई को दोनों की इंगेजमेंट हुई, उसके बाद से दोनों एक दूसरे से बात करते थे। अगले साल सात मार्च 2025 को शादी होने वाली थी। इधर शुक्रवार को लड़के के पिता ने फोन कर दहेज के पैसे वापस ले जाने की बात कही थी, जिसके बाद लड़की ने आहत होकर अपनी जान दे दी।

#### आहत होकर अमीषा ने जान दे दी

अमीषा के चाचा प्रदीप कुमार प्रसाद ने बताया कि लड़का नीतीश के पिता जनक प्रसाद ने भी लड़की के पिता विद्या प्रसाद से फोन कर कहा कि दहेज में दिए गए पैसे आकर ले जाइए। मेरा लड़का आपकी लड़की से शादी नहीं करना चाह रहा है। इतनी सी बात सुन लड़की का पूरा परिवार सदमे में आ गया और लड़की ने आहत होकर यह गलत कदम उठा लिया। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को अमीषा ने ऑनलाइन कुछ सामान मंगाया, जिससे नीतीश नाराज हो गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। छोटू ने शादी करने से इनकार कर दिया। शुक्रवार को छोटू के पिता जनक प्रसाद ने भी फोन कर शादी करने से इनकार कर दिया। इससे आहत होकर अमीषा ने जान दे दी।

#### एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी

थानेदार कंचन कुमार भास्कर ने बताया कि अमीषा के परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इधर सदर एसडीपीओ-टू विवेक दीप ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मामले में परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत

पटना : पटना के फतुहा स्थित मकसूदपुर गांव में शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फतुहा थाने को दी। सूचना मिलते ही फतुहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों लोगों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




#### तेज रफ्तार वाहन ने तीनों को कुचल दिया

फतुहा थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति पूरब दिशा की तरफ से आ रहे थे। अचानक सामने से आ रही एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने तीनों को कुचल दिया। इस हादसे में तीनों लोगों की मौत मौके पर ही हो गए। घटना के बाद वाहन तेजी से मौके से फरार हो गया।

#### ईंट खरीदने जा रहे थे तीनों

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान पिता गंगा राय 50 वर्ष, उनके पुत्र राहुल कुमार 25 वर्ष एवं अन्य एक ठेकेदार जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है, जो मकसूदपुर के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि तीनों एक ही मोटरसाइकिल से मकान बनाने के लिए ईंट खरीदने किसी भट्टे पर जा रहे थे। इसी क्रम में तेज रफ्तार वाहन ने मकसूदपुर के नजदीक तीनों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### जब लगेगा दशहरा का मेला तो बारिश करेगी अपना खेला

पटना, (ईएमएस)। अभी अक्टूबर का महीना चल रहा है लेकिन ना तो बारिश रुक रही है और ना ही गर्मी कम हो रही है। ऐसे में लोगों को दोनों से जूझना पड़ रहा है। एक ओर जहाँ किसान बारिश से परेशान हैं तो दूसरी और आम नागरिक गर्मी से। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में बारिश जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी कर दिया है। ये अलर्ट 20 जिलों के लिए जारी की गई है। हालांकि बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। लेकिन किसानों को इससे परेशानी बढ़ सकती है। क्योंकि बारिश से फसल के नुकसान होने का खतरा है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस बार मानसून 15 अक्टूबर तक एक्टिव रह सकता है। क्योंकि उत्तर पूर्व में चक्रवातीय परिसंचरण बन रहा है। यानि दशहरा के मेले में बारिश अपना खेला करने वाली है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का पूर्वानुमान है।

#### नवरात्रि के दूसरे दिन श्रद्धालुओं में उत्साह

मुजफ्फरपुर : देश भर में नवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। आज नवरात्रि के दूसरे दिन देवी दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का पूजन हो रहा है। इसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही भक्तजन माता के दर्शन के लिए लाइन में लगे दिखे। मुजफ्फरपुर के प्रसिद्ध राजराजेश्वरी देवी मंदिर में नवरात्रि के दूसरे दिन विशेष पूजन और दर्शन का आयोजन हो रहा है। मंदिर के प्रधान पुजारी मिथिलेश तिवारी के अनुसार, यह मंदिर अपने आप में अत्यधिक धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है, जिसके कारण नवरात्र के दौरान यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। भक्त यहां अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विशेष रूप से माता दुर्गा का पूजन करते हैं।

# आनंद विहार टर्मिनस और राधिकापुर के मध्य एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन

**नरकटियागंज-बापूधाम मोतिहारी-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी-कटिहार के बीच चलेगी ट्रेन**

हाजीपुर, (ईएमएस)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आनंद विहार और राधिकापुर के मध्य एक नई ट्रेन 14012/14011 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस का परिचालन किया जायेगा। इस नई ट्रेन का नियमित परिचालन आनन्द विहार टर्मिनस से 06 अक्टूबर, 2024 से प्रत्येक रविवार को तथा राधिकापुर से 08 अक्टूबर, 2024 से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा।पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गाड़ी सं. 14012 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस रविवार 06 अक्टूबर, 2024 से आनन्द विहार टर्मिनस से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद से 00.23 बजे, हापुड़ से 01.05 बजे, मुरादाबाद से 03.00 बजे, चन्दौसी से 04.00 बजे, सीतापुर से 08.22 बजे, गोण्डा से 11.30 बजे, मनकापुर से 11.56 बजे, बस्ती से 12.53 बजे, गोरखपुर से 15.00 बजे, कप्तानगंज से 15.55 बजे, नरकटियागंज से 18.25 बजे, बेतिया से 18.56 बजे, सगौली से 19.20 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 19.38 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.08 बजे, समस्तीपुर से 23.00 बजे, बरौनी से 23.55 बजे, तीसरे दिन बेगूसराय से 00.14 बजे, खगड़िया से 00.55 बजे, मानसी से 01.07 बजे, नौगछिया से 02.00 बजे, कटिहार से 03.40 बजे, सोनैली से 04.08 बजे, सालमारी से 04.29 बजे, बारसोई से 04.50 बजे, रायगंज से 05.30 बजे तथा कालियागंज से 06.40 बजे खुलकर 07.00 बजे राधिकापुर पहुंचेगी।




#### राधिकापुर-आनन्द विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस

वापसी में, गाड़ी सं. 14011 राधिकापुर-आनन्द विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस मंगलवार 08 अक्टूबर, 2024 से राधिकापुर से 10.30 बजे प्रस्थान कर कालियागंज से 10.45 बजे, रायगंज से 11.10 बजे, बारसोई से 12.00 बजे, सालमारी से 12.17 बजे, सोनैली से 12.42 बजे, कटिहार से 13.40 बजे, नवगछिया से 14.24 बजे, मानसी से 15.12 बजे, खगड़िया से 15.24 बजे, बेगूसराय से 15.52 बजे, बरौनी से 16.30 बजे, समस्तीपुर से 17.35 बजे, मुजफ्फरपुर से 19.00 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 20.47 बजे, सगौली से 21.11 बजे, बेतिया से 21.32 बजे, नरकटियागंज से 22.12 बजे, दूसरे दिन कप्तानगंज से 01.07 बजे, गोरखपुर से 02.55 बजे, बस्ती से 03.55 बजे, मनकापुर से 04.42 बजे, गोंडा से 05.30 बजे, सीतापुर से 08.55 बजे, चन्दौसी से 14.30 बजे, मुरादाबाद से 15.35 बजे, हापुड़ से 17.10 बजे तथा गाजियाबाद से 18.17 बजे खूलकर आनन्द विहार टर्मिनल 18.50 बजे पहुँचेगी।इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा में बहुत बड़ा बदलाव आया : केंद्रीय गृह मंत्री

अहमदाबाद| केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अहमदाबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी और राज्य के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उपस्थित महानुभावों के करकमलों द्वारा अहमदाबाद में निर्मित जॉइंट इंटेरोगेशन सेंटर की नई इमारत का ई-लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, गुजरात पुलिस के नागरिक केंद्रित पोर्टल 'तेरा तुझको अर्पण' तथा एडीसी बैंक और साइबर क्राइम के संयुक्त उपक्रम से तैयार की गई पुस्तिका 'साथी' को लॉन्च किया गया। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज नवरात्रि के पहले दिन अद्यतन टेक्नोलॉजी से सुसज्जित अहमदाबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन हुआ है, जिससे आगामी समय में अहमदाबाद शहर पुलिस की एक नई कार्य पद्धति स्थापित होगी। इस संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि अहमदाबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय का नवनिर्मित भवन 18,068.67 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया गया है। यह नवनिर्मित भवन अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ-साथ पुलिस कंट्रोल रूम, फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम, वीडियो एनालिटिक्स, डेटा सेंटर, इमरजेंसी कॉल बॉक्स, पब्लिक एड्रेस सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इस नवनिर्मित भवन में पुलिसकर्मियों के त्याग और बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए शहीद स्मारक और पुलिस म्यूजियम भी तैयार किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने अहमदाबाद में जॉइंट इंटेरोगेशन सेंटर का उद्घाटन करते हुए कहा कि अहमदाबाद में शुरू होने जा रहे इस जॉइंट इंटेरोगेशन सेंटर में केंद्रीय पुलिस, केंद्र की इन्वेस्टिगेशन टीम तथा राज्य की पुलिस, तीनों साथ मिलकर काम करेंगे। आगामी समय में इस सेंटर के जरिए मामलों को वैज्ञानिक तरीके से सुलझाना आसान हो जाएगा। देश की आंतरिक सुरक्षा के संबंध में बात करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष में देश की आंतरिक सुरक्षा में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया है। कश्मीर, उत्तर-पूर्व और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा में पिछले दस वर्ष में 70 फीसदी की कमी हुई है, जबकि मौत के मामलों में 72 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने अंग्रेजों के समय के तीन आपराधिक कानूनों में बारीकी से परिवर्तन कर गत जून महीने से देश में नए कानून लागू कर दिए हैं। इन कानूनों को भविष्य में आने वाली टेक्नोलॉजी और उनके प्रभावों की कल्पना करके बनाया गया है। इस वजह से इन कानूनों में लंबे समय तक बदलाव की जरूरत नहीं पड़ेगी। इतना ही नहीं, इन कानूनों में टेक्नोलॉजी की मदद से अपराधों का पता लगाने, उसे रोकने और मुकदमे को जल्द खत्म कर अपराधियों को त्वरित सजा दिलाने के प्रावधान भी जोड़कर न्याय प्रक्रिया को और भी त्वरित और सुसंगत बनाने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था और गुजरात पुलिस के कामकाज के बारे में आगे बात करते हुए उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर पहुंच गई है और हम 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शक नेतृत्व के परिणामस्वरूप राज्य की मौजूदा पीढ़ी को यह तक नहीं पता कि कर्फ्यू किसे कहते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात पुलिस ने ई-गुजकॉप पोर्टल, बॉडी वॉर्न कैमरा और विश्वास प्रोजेक्ट सहित कई नई पहलें की हैं। आज देश में गुजरात पुलिस की छवि आधुनिक टेक्नोलॉजी से सुसज्जित पुलिस फोर्स के रूप में बन गई है। गुजरात पुलिस ने नार्कोटिक्स और ड्रग्स की बुराई के खिलाफ सक्रिय कार्य कर देश में टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप इन्वेस्टिगेशन के साथ प्रशंसनीय प्रदर्शन किया है। गुजरात पुलिस ने समुद्री सीमा से लेकर कच्छ की सीमा तक, सभी सीमाओं को सुरक्षित रखने का सक्रिय प्रयास किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पुलिस आयुक्त कार्यालय के नवनिर्मित परिसर के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा यह कहते हैं कि कार्य स्थल का प्रभाव कार्य संस्कृति पर निश्चित रूप से पड़ता है। अहमदाबाद शहर पुलिस आयुक्त कार्यालय का यह नवनिर्मित भवन पुलिस बल की कार्य संस्कृति को एक नई ऊंचाई देगा। नरेन्द्र मोदी ने 'शक्ति पंचामृत' के आधार पर गुजरात का विकास किया है, उनमें से एक महत्वपूर्ण शक्ति रक्षा शक्ति है। रक्षा शक्ति के प्रतिनिधि के रूप में पुलिस बल के लिए समय के साथ नहीं, बल्कि समय से दो कदम आगे चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शांति व सुरक्षा के लिए पुलिस को और भी आधुनिक तथा सुसज्जित बनाने पर हमेशा ध्यान दिया गया है तथा पुलिस बल का मनोबल लगातार बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में गुजरात सुरक्षा और विकास के मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित हुआ है। देश में आतंकवाद, अपराध और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यक कानूनी सुधारों तथा आधुनिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से पुलिस तंत्र को सुदृढ़ बनाया गया है। राज्य सरकार पुलिस को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि आज केंद्रीय गृह मंत्री के करकमलों से राज्य पुलिस को स्ट्रीट स्पेस से लेकर साइबर स्पेस तक अपराध पर अंकुश लगाने हेतु और अधिक सुसज्जित करने वाले अनेक प्रकल्पों की भेंट मिल रही है। मुख्यमंत्री ने नवरात्रि के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य में नवरात्रि का पर्व आनंद, उत्साह और सुरक्षा के साथ धूमधाम से मनाया जाता है, इसकी नींव में राज्य में व्याप्त शांति, और उस शांति की स्थापना में पुलिसकर्मियों का योगदान है। राज्य में शांति और सुरक्षा के कारण ही बड़े पैमाने पर विदेशी पूंजी निवेश आ रहा है, तो उद्योग-धंधे भी फल-फूले हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात पुलिस के सतत परिश्रम, सतर्कता और काबिलियत के कारण ही राज्य में शांतिपूर्ण माहौल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित गुजरात के निर्माण के लिए हमने 'गुजरात@2047' का रोडमैप बनाया है, जिसमें नागरिकों की सुरक्षा को केंद्र में रखा गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हमारा पुलिस बल मल्टी टास्किंग एक्शन फोर्स बनकर विकसित और सुरक्षित गुजरात के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान देगा। इस अवसर पर राज्य के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री तथा अमित शाह गुजरात के गृह राज्य मंत्री थे, तब उन्होंने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध ट्रांसपरेंसी एवं जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण से काम किया था। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था में अहमदाबाद नंबर वन बना है। गुजरात पुलिस नागरिकों की शांति एवं सुरक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रह कर कार्य कर रही है। संघवी ने आगे कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस विभाग के कामकाज में टेक्नोलॉजी एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के सक्रिय उपयोग पर बल दिया है। गुजरात पुलिस ने इसी दिशा में काम करते हुए दाहोद जिले में विजन ड्रोन नाइट कैमरा से टेक्नोलॉजी के उपयोग द्वारा चोरों को पकड़ा था। इसके अलावा, गुजरात पुलिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सीसीटीवी नेटवर्क जैसी आधुनिक टेक्नोलॉजी का सक्रिय रूप से उपयोग कर संवेदना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में डांग जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में अमित शाह के मार्गदर्शन में गुजरात पुलिस ने प्रोजेक्ट देवी के माध्यम से डायन प्रथा दूर करने का कार्य कर लोगों को नया जीवन देने का काम किया था। उसी प्रकार वर्तमान में भी गुजरात पुलिस ब्याजखोरों के उत्पीड़न के विरुद्ध गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को रक्षा देने, वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों का उनके परिजनों से मिलन कराने में तथा साइबर क्राइम तथा अन्य आधुनिक अपराधों का दमन करने और नारकोटिक्स एवं ड्रग्स के चंगुल से युवाओं को बचाने के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने कांके टॉक्स का किया उद्घाटन

रांचीः डीजीक्रो ने अपने बिलकुल नए पॉडकास्ट चैनल "कांके टॉक्स" का उद्घाटन किया। लॉन्च कार्यक्रम में राज्य रक्षा मंत्री श्री संजय सेठ की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके हाथों चैनल का उद्घाटन हुआ। पॉडकास्ट का विषय झारखंड के 25 वर्ष पूरे होने पर आधारित "क्या खोया, क्या पाया" था, जिसकी मेजबानी डीजीक्रो के स्टूडियो में श्री अमित मोदी (डीजीक्रो के फाउंडर, डायरेक्टर) ने की, जहां श्री संजय सेठ ने झारखंड के अहम मुद्दों पर बात की, साथ–ही–साथ राष्ट्र निर्माण में रक्षा की भूमिका पर भी चर्चा की। कांके टॉक्स का उद्देश्य झारखंड के समस्याओं को उजागर करना और उनसे जुड़े समाधानों पर चर्चा करना है। कांके टॉक्स विभिन्न क्षेत्रों से विविध आवाजों को सामने लाना जारी रखेगा, तथा झारखंड के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करता रहेगा।

### दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी मे बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

रांचीः गुरु कृपा पब्लिक स्कूल दयालनगर पिस्कामोड़ मे आयोजित दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभउद्घाटन मुख्य अतिथि, लोकप्रिय राज्य सभा सांसद महुआ माजी, नाक,कान एवं गला रोग विशेषज्ञ एवं आई.एम.ए.एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी डॉ.अभिषेक कुमार रामाधीन,लक्की एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव दीपक कुमार साहू, सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के प्रोफेसर इवाना चक्रवर्ती, छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य अभिषेक पांडे जी ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन मे *राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय परिवार को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। डॉ.अभिषेक कुमार रामाधीन ने कहा विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों मे टीम वर्क,संचार,समस्या समाधान और आलोचनात्मक सोच विकसित एवं कौशल विकास होता है।ऐसे कार्यक्रम से बच्चों मे सीखने की रुचि बढ़ती है और बच्चे प्रोत्साहित होते हैं। *प्रोफेसर इवाना चक्रवर्ती* एवं *ज्योतिषाचार्य अभिषेक पांडे* ने भी बच्चों के प्रदर्शनी को सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पाचन तंत्र क्रिया, वाटर हार्वेस्टिंग, सेव द अर्थ, चंद्रयान मिशन, सूर्य ऊर्जा आदि आदि अपने द्वारा बनाए गए मॉडल को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे अतिथियों का स्वागत रिंकी पांडे,अंकिता सरकार,पूनम सिंह, मंच संचालन प्रीति सिंह, अध्यक्षता निदेशक रत्नेश सिंह सोलंकी एवं धन्यवाद ज्ञापन नीतू सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से विद्यालय परिवार के रानी किंगर,कोमल जसूजा, काव्या कुमारी,मौशमी घोष,रिंकी पांडे,नंदन कुमार,जागेश्वर बड़ाईक,अनिता वर्मा,बालकुमार लोहरा,अंकिता सरकार,राजकुमार साहू,सृजन कुमार दुबे,पायल चक्रवर्ती,विकी घोष,नीता शहदेव,निशा शहदेव, इंद्राणी सिंह आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कांग्रेस पार्टी ने जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 की शुरुआत पांचों प्रमंडल में शुरू की

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा विगत 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के शुभ अवसर पर झारखंड में आसन्न चुनाव की शंखनाद कांग्रेस ने की है, जिसके तहत जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 की शुरुआत शुक्रवार से राज्य के पांचों प्रमंडल में शुरू कर दी गई है। जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 के तहत प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश के उपरांत प्रदेश चुनाव अभियान समिति के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय ने पांच प्रमंडलों में छह टीम का गठन किया। पांच प्रमंडल में यह छह टीम जनसंवाद लक्ष्य 2024 को लेकर नुक्कड़ सभा, जनसभा, जनता से सीधी संवाद करने का काम शुरू किया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रथम चरण में कोल्हान प्रमंडल के लिए जहां स्वयं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बागडोर संभाली वहीं पलामू प्रमंडल के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव, उ. छोटानागपुर प्रमंडल के लिए चुनाव अभियान समिति के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, दक्षिणी छोटानागपुर के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू और संथाल परगना के लिए सुखदेव भगत, सांसद, को जिम्मा दी गई है। जिस कडी में आज बोकारो, रामगढ़, मनिका, रांची जिला के कांके और हटिया विधानसभा में चुनावी शंखनाद की शुरूआत हो गई है और कल 05 अक्टूबर को चाईबासा, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, सिमडेगा, कोलेबिरा, डालटेनगंज आहूत की जाएगी। रांची जिला के कांके में उरूगुटू, बुडमू और हटिया विधानसभा के रातू और नगड़ी में जनसंवाद अभियान -2024 को संबोधित करते हुए डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड में डेढ दशक से ज्यादा सत्तासीन रहने के दौरान भाजपा ने इस राज्य को खोखला कर दिया। झारखंड के जल जंगल और जमीन को पूंजीपतियों हवाले कर यहां के संसाधनों को लूटवाने का काम किया और आदिवासी दलित, ओबीसी को भूखा मरने को छोड़ दिया। हमारी महागठबंधन की सरकार ने राज्य की बेटियों को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए मंईया सम्मान योजना लाया। हमने इस योजना के तहत 1000 रू. बैंक खाता में डालने का काम किया इससे भाजपा बेचैन हो गई और इस योजना को बंद करवाने के लिए अदालत तक चली गई। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनाव में पूरे देश के धन कुबेरों को लगई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन काल में बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्री रहते हुए ओबीसी आरक्षण सीमा को 27 से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया आज भाजपा ओबीसी के हितैशी बन रही है। कार्यक्रम को अजय नाथ शाहदेव, सुरेश बैठा, गीताश्री उरांव, निरंजन पासवान रामाकांत आनंद, नेली नाथन आदि संबोधित किया।

### अल्पसंख्यक विद्यालयों का आवंटन दुर्गा पूजा से पहले दे सरकार : अमीन अहमद

रांचीः झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने मांग करते हुए कहा है कि झारखंड राज्य के गैर सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक व अल्पसंख्यक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बकाया वेतन भुगतान के लिए आवंटन उपलब्ध कराया जाए। वर्ष का एक बड़ा त्योहार दुर्गा पूजा काफी निकट है, लेकिन महीनों से इन शिक्षकों व कर्मियों को वेतन नहीं मिला है। वेतन के अभाव में शिक्षकों, कर्मियों और उनके परिवार के महिलाओं और बच्चों में त्योहार की उमंग फीकी पड़ गई है। राज्य सरकार को इस ओर त्वरित ध्यान देने की आवश्यकता है। संघ की ओर से अमीन अहमद ने इस संदर्भ में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखंड सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि राज्य के गैर सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों (अल्पसंख्यक सहित) के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए राज्य के कुल 13 जिलों को वेतन भुगतान के लिए आवंटन निर्गत की गई है, जबकि राज्य के अन्य 11 जिलों को वेतन भुगतान के लिए आवंटन अब तक अप्राप्त है। पश्चिमी सिंहभूम समेत कई जिलों से आवंटन की मांग प्रतिवेदन दिया गया है, लेकिन अब तक आवंटन जारी नहीं किया गया है। केंद्रीय प्रवक्ता शहजाद अनवर ने कहा कि इसी माह से राज्य में कई महत्वपूर्ण त्योहारों का सिलसिला भी शुरू हो रहा है। कई एक जिलों में विगत तीन माह से वेतन भुगतान आवंटन के अनुपलब्धता के कारण नहीं हो सका है। इसलिए जल्द से जल्द विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर आवंटन उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

## अनुसूचित जनजाति आयोग की हुई बैठक



रांचीः शुक्रवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की बैठक होटल बीएनआर चाणक्य में आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा और निरुपम चाकमा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मुख्य रूप से बोकारो स्टील प्लांट से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। 22 अगस्त को एससी/एसटी एमलोईज एसोसिएशन ने आयोग के समक्ष बोकारो स्टील प्लांट से संबंधित कई विषयों पर आपत्ति जताई थी। इस बैठक में बोकारो स्टील प्लांट के चेयरमैन व निदेशक उपस्थित नहीं हुए थे। एनसीएसटी की ओर से उन्हें समन जारी किया गया था। इसके बाद उन्होंने दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में उपस्थित होकर माफी मांगी थी। शुक्रवार को आयोग की बैठक में बोकारो स्टील प्लांट से संबंधित इन विषयों पर चर्चा की गई और बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों से जवाब मांगा गया।

बोकारो स्टील प्लांट के लिए 26,908.56 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया था, जिससे 49 गांव प्रभावित हुए थे। इन विस्थापितों को मुआवजा मिला या नहीं, इसकी जानकारी भी बोकारो स्टील प्लांट के पास नहीं है। प्लांट के अधिकारी ने बताया कि 17844 लोगों को नौकरी दी गई है। आयोग की ओर से एसटी कर्मियों की सूची व विस्तृत रिपोर्ट की मांग की गई। बोकारो स्टील प्लांट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में एक भी एसटी अधिकारी नहीं हैं। बोकारो स्टील प्लांट स्थापित करने के बाद शेष खाली जमीन पर 18 स्कूल व दुकान चलाए जा रहे हैं। प्लांट के कर्मियों को भी लीज पर जमीन दे दी गई है। प्लांट स्थापित करने के लिए जिन लोगों से जमीन ली गई, उन्हें 1956 से 1981 तक मुआवजा मिला। जिनकी जमीन ली गई उन्हें कुछ नहीं मिला। ठेका करने वाले भी स्थानीय लोगों को काम पर नहीं रखते हैं। बैकलॉग में एसटी की रिक्ति नहीं है। एसटी कर्मियों को प्रोमोशन भी नहीं मिला है। डिप्लोमा डिग्री वाले अभ्यर्थियों का कंबाइंड एक्जाम लिया जाता है। रोस्टर ऑनलाइन नहीं है। डीपीसी चयन प्रक्रिया के लिए लाइजनिंग ऑफिसर के पास कोई जानकारी नहीं है। बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन के पास विदेश प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। कौशल प्रशिक्षण के नाम पर मात्र एक आइटीआइ है, जिसमें 300 विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों में एसटी की संख्या क्या है, इसकी जानकारी उनके पास नहीं है। आयोग की ओर से उन्हें निर्देश दिया गया है कि संस्थान में पढ़ रहे विद्यार्थियों का 50 प्रतिशत का प्लेसमेंट होना चाहिए। सीएसआर के नाम पर बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारी ने आयोग के समक्ष गोलमोल जवाब दिया। आयोग की ओर से उन्हें निर्देश दिया गया कि सीएसआर के तहत विस्थापितों के बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल डेवलमेंट व पोषण से संबंधित लाभ उपलब्ध कराएं। बोकारो स्टील प्लांट के जिस खाली जमीन पर स्कूलों का संचालन किया जा रहा है, उसमें विस्थापितों के बच्चों को भी लाभ मिले। उन्हें स्कूल फीस में छूट मिलना चाहिए।

### वैश्य मोर्चा 6 को करेगी चेतावनी महाधरना

रांचीः झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा अपनी मांगों को लेकर 6 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय चेतावनी महाधरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इसकी विधिवत सूचना आज अनुमंडलाधिकारी (सदर) को दे दी गई है. इस चेतावनी धरना कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और प्रमुख सदस्य शामिल होंगे. धरना कार्यक्रम के पाश्चात्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, महामहिम राज्यपाल सहित राज्य के मंत्रियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा. इस आशय की जानकारी देते हुए वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि ओबीसी को 27% आरक्षण देने, शून्य जिलों में एक समान आरक्षण की व्यवस्था लागू करने, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गयी जमीन वापसी, वैश्यों को झूठे केस में फंसाने, प्रताड़ित करने आदि मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाया जाता रहा है. दर्जनों बार धरना-प्रदर्शन करके, और प्रतिनिधि मंडल मिल कर मांग-पत्र सौंपा गया है, लेकिन अफसोस की बात है कि अब तक वैश्य समाज को सभी सरकारों ने उपेक्षित करने, हाशिए पर डालने का काम किया है.


**बीसीसीएल BCCL Bharat Coking Coal Limited**

**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**

(एक मिनीरत्न कम्पनी)

(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय, बस्ताकोला कोलियरी, पो0- धनसार**

संदर्भ सं0- भाकोकोलि/बस्ताकोला पी0-2/24/1023 दिनांकः- 10.9.2024

| सेवा में | स्थाई पता | वर्तमान पता |
|---|---|---|
| श्रीमान रूप नारायण भोगता<br>कर्मी संख्या - 61486273<br>पदनाम- सामान्य मजदूर<br>बस्ताकोला कोलियरी | ग्राम- कुर्मीडीह<br>पो०- कुसुन्डा<br>थाना- केंदुआडीह<br>जिला - धनबाद<br>पिन सं०- 828116 | ग्राम - आवास संख्या 40,<br>ब्लॉक-4, मुरली नगर<br>पो०- कोयला नगर<br>थाना- सारायढेला<br>जिला - धनबाद<br>पिन सं०- 826005 |

**द्वितीय कारण बाताओ सूचना**

महोदय,

आपको सूचित किया जाता है कि आप अपने कार्य से अनाधिकृत रूप से दिनांक 25.11.2023 से अनुपस्थित होते आ रहे हैं। इस संबंध में एक आरोप पत्र सं बीसीसीएल/बस्ताकोला/पीओ/270, दिनांक 03.02.2024 निर्गत किया गया था। इस संबंध में आपके द्वारा किसी तरह का जवाब या सूचना नहीं दिया गया, तदोपरांत आपके विरुद्ध एक विभागीय जांच शुरू की गयी।

तद्नुसार जांच अधिकारी ने आपको अपना पक्ष रखने के लिए जांच की कार्रवाई में भाग लेने हेतु जांच की विभिन्न दिनांक 22.04.2024, 07.06.2024, 24.06.2024 एवं 10.07.2024 को कार्यालय पत्र संख्या बीसीसीएल/बस्ताकोला/पीओ/547, दिनांक 13.04.2024, बीसीसीए/बस्ताकोला/पीओ/666, दिनांक 27.05.2024, बीसीसीएल/बस्ताकोला/पीओ/718, दिनांक 14.06.2024 एवं बीसीसीएल/बस्ताकोला/पीओ/791, दिनांक 02.07.2024 द्वारा पंजीकृत डाक द्वारा सूचित किया गया किन्तु आप जांच समिति के समक्ष उक्त तिथियों मे अनुपस्थित रहे। आपने अपनी अनुपस्थिति की सूचना दिनांक 24.06.2024 को आवेदन के माध्यम से देकर आपने 15 दिनों के बाद जांच की कार्रवाई की मांग की तत्पश्चात अंतिम तिथि दिनांक 10.07.2024 को निर्धारित की गई किन्तु उक्त तिथि में भी आप उपस्थित नहीं हुए और ना ही अपनी अनुपस्थिति की सूचना प्रबंधन को दी। जांच अधिकारी द्वारा जांच प्रतिवेदन/रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसके तहत आप पर उपरोक्त वर्णित अभियोग पत्र में लगाए गए आरोप पूर्ण रूप से सिद्ध हो चुके हैं।

कोलियरी रिकार्ड के अनुसार आपकी पिछले तीन वर्षों की उपस्थिति का विवरण निम्न हैः- वर्ष 2021-297 दिन, वर्ष 2022- 285 दिन, एवं वर्ष 2023-71 दिन है। आपकी उपस्थिति के अनुसार यह ज्ञात होता है कि आप वर्ष 2023 के प्रारम्भ से ही निरंतर अपने कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं।

अतः उपरोक्त के संदर्भ में एवं नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतो को ध्यान में रखते हुए एतद् द्वारा इस कारण बताओ सूचना के माध्यम से आपको यह बताने का अवसर दिया जाता है कि कंपनी की सेवा से आपको क्यों नहीं बर्खास्त कर दिया जाए। आपके टिप्पणियों, यदि कोई हो तो, के लिए इस पत्र के साथ जांच प्रतिवेदन की एक प्रति संलग्न की जाती है।

अतः आपसे आग्रह है कि आप अपने टिप्पणियाँ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो तो, को 15 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा/प्रस्तुत करें। यदि समय सीमा के अंदर अगर आप कोई उत्तर नहीं देते हैं तो प्रबंधन यह मान लेगा की आपके पास कोई स्पष्टीकरण नहीं है, और प्रबंधन आपको बिना कोई सूचना दिये कंपनी के कर्मचरियों पर लागू प्रमाणित स्थायी आदेशों के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा।

वितरणः
1. परियोजना पदाधिकारी, बस्ताकोला कोलियरी
2. उप- प्रबन्धक (कार्मिक), बस्ताकोला कोलियरी
3. संबन्धित संचिका।
4. सूचना पट्ट।

भवदीय
ह0/-
प्रबंधक/अनुशासनिक प्राधिकारी
बस्ताकोला कोलियरी

प्रतिलिपिः-
1. क्षेत्रीय प्रबन्धक (कार्मिक), बस्ताकोला क्षेत्र।
2. विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क कार्यालय, बी.सी.सी.एल. एक क्षेत्रीय एवं सभी स्थानीय समाचार पत्र मे प्रकाशन हेतु।

यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।


## महेंद्र प्रसाद ने साझा किया विकास का विजन महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर




रांचीः कांडी प्रखंड में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर-मंझिआंव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव बी.डी. प्रसाद के नेतृत्व में चुनावी कार्यालय का भव्य उद्घाटन हुआ, हालांकि वह स्वयं इस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं थे।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर उनके बड़े भाई और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति में यह आयोजन मंच के प्रति अटूट समर्थन का प्रमाण बना। महेंद्र प्रसाद ने अपने उत्साहपूर्ण संबोधन में कहा, "हमारा उद्देश्य क्षेत्र के हर नागरिक को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, और शिक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, विकास की गति को दोगुना किया जाएगा ताकि क्षेत्र के हर नागरिक को इसका लाभ मिल सके। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे क्षेत्र की महिलाएं और बेटियां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और उन्हें सम्मान और अवसर मिलें। साथ ही, आधारभूत सुविधाओं की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता होगी, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएं मिल सकें।"

**विकास का संकल्पः सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिखाई एकता**

समारोह में शिव प्रसाद गुप्ता, गोरखनाथ चौधरी, मानिक राय, संजय गुप्ता, चंदन गुप्ता, अमर प्रसाद, और हिमालय प्रसाद जैसे प्रमुख नेता भी उपस्थित थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनता के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर अपने विचार साझा किए। गोरखनाथ चौधरी ने कहा, "नावा, पांडू, मंझिआंव, कांडी, बिश्रामपुर जैसे क्षेत्रों में चले जाइये सड़कों की स्थिति चिंताजनक है। कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन मौजूदा विधायक इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने विकास के नाम पर सिर्फ अपने परिवार और संबंधियों के लिए बड़े-बड़े कॉलेज बनाए हैं, ग्रामीणों के लिए कुछ भी नहीं किया। यदि इन कॉलेजों को अलग-अलग क्षेत्रों में स्थापित किया जाता, तो न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ता, बल्कि क्षेत्र का समग्र विकास भी होता।" साथ ही कहा कि "पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र को एक चारागाह के रूप में देखा। दोनों ही मंत्री बने, लेकिन लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। अगर सही कदम उठाए गए होते, तो आज क्षेत्र की महिलाएं और बहनें गढ़वा, डाल्टनगंज, रांची या राज्य से बाहर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए नहीं जातीं।" इस भव्य आयोजन में क्षेत्रीय नागरिकों की भी भागीदारी उल्लेखनीय रही। कई स्थानीय नागरिकों ने इस सफल आयोजन में सहयोग दिया, जिससे यह दिन एक ऐतिहासिक क्षण बन गया। यह उद्घाटन न केवल चुनावी कार्यालय की शुरुआत थी, बल्कि एक समृद्ध भविष्य की उम्मीदों को सशक्त करने वाला अवसर भी था, जिसने क्षेत्र के हर नागरिक को एक नई ऊर्जा और जोश से भर दिया। ओबीसी एकता अधिकार मंच के इस पहल से आने वाले चुनाव में एक मजबूत जनसमर्थन की संभावना और भी बढ़ गई है, जिससे क्षेत्र की दिशा और दशा बदलने की उम्मीद है।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## भारत की जेलों में 76 फीसदी विचाराधीन कैदी वर्षों से बंद

भारत की जेलों में कैदियों की स्थिति चिंता का विषय है। हाल ही में जो आंकड़े आये हैं, उसमे भारत की जेलों में 76 फीसदी ऐसे कैदी बंद हैं, जिन पर कोई अपराध साबित नहीं हुआ है। आरोप के आधार पर उन्हें जेल में बंद कर दिया गया है। यह कैदी बिना किसी दोष सिद्धि के जेलों में कई वर्षों से बंद हैं। भारतीय न्यायिक और कानूनी प्रणाली की खामियों की चर्चा अब विश्व स्तर पर होने लगी है। भारत में न्यायिक प्रणाली की धीमी गति, जांच में भारी विलंब, न्यायालय में विलंब से मुकदमा पेश होना, न्यायालयों में मामलों की सुनवाई और निपटारे में देरी, जमानत देने पर ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट की उदासीनता के कारण भारत की जेलों में लाखों लोग कई वर्षों से बंद हैं। भारत के नागरिकों को संवैधानिक मौलिक अधिकार मिले हैं। उनका भारत में कानूनी रूप से उलंघन हो रहा है। भारत की जेलों में बंद अधिकांश कैदी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं, जिनके पास वकील करने या जमानत राशि भरने के लिए पैसे नहीं होते हैं। न्यायिक प्रक्रिया में देरी का खामियाजा निर्धन एवं गरीब मध्यम वर्ग के कैदियों को भुगतना पड़ता है। संविधान में वर्णित नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन भारत में हो रहा है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव अधिकार के मामले में लगातार रैंकिंग घटती चली जा रही है। ऐसे कैदी, जो वर्षों से जेल में बंद हैं उनकी सुनवाई ट्रायल कोर्ट में भी पूरी नहीं हुई है। ट्रायल कोर्ट से उन्हें जमानत भी नहीं दी गई है। जेलों में बंद कैदियों के ऊपर दोष साबित नहीं हुआ है। इसके बाद भी जेलों में उन्हें वर्षों तक बंद रखना, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुला हनन है। न्यायपालिका स्वयं नागरिकों के अधिकारों पर ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण अब कहा जा रहा है कि भारत की न्याय प्रणाली में अब सुधार की आवश्यकता है। भारत में सबसे पहले, जमानत प्रणाली को सरल और सुलभ बनाने की जरूरत है। ताकि गरीब और कमजोर वर्गों को इसका लाभ मिल सके। जिन मामलों में गंभीर अपराध के आरोप नहीं हैं, उनमें तुरंत जमानत दिए जाने पर विचार होना चाहिए। जमानत को नागरिकों के अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। जांच एजेंसी द्वारा एक निश्चित समय सीमा पर जांच करने की बाध्यता हो। निश्चित समय पर न्यायालय में चार्ज शीट पेश हो। अदालती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करके छोटे और गैर-गंभीर मामलों का त्वरित निपटारा किया जाना चाहिए। जेल सही मायने में सजायाफ्ता कैदियों के लिए होती है। या उन अपराधियों के लिए होती है, जो समाज के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। जेलों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रयास जरूरी हैं। जेलों में बंद कैदियों के लिए उचित चिकित्सा, भोजन, मानसिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत के जेलों की प्रशासनिक व्यवस्था बहुत खराब है। यहां पर क्षमता से तीन गुना ज्यादा कैदी जेलों में बंद हैं। इन्हें पर्याप्त खाना और प्राकृतिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जेल के अंदर जद्दो-जेहद करनी पड़ती है। कैदियों को जेल मे पुनर्वास और कौशल विकास के अवसर नहीं मिल रहे हैं। जिसके कारण जेल से बाहर निकलकर वह समाज और परिवार में फिर से अपनी जगह बना सकें। जेलों को केवल सजा देने का स्थान नही माना जाना चाहिए। जेलों को सुधार केंद्र के रूप में देखा जाना चाहिए। कैदियों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया को तेज करना, न्याय व्यवस्था और मानवाधिकार दोनों के लिए आवश्यक हैं। जब तक न्यायिक प्रणाली में सुधार नहीं किया जाता। भारत में मानव अधिकारों की रक्षा करना संभव ही नहीं है। ब्रिटेन जैसे देश में बिचाराधीन कैदियों की संख्या मात्र 18 फ़ीसदी है। इंग्लैंड और यूरोप की अदालतों द्वारा जमानत के मामले में विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। यदि आरोपी को जमानत देने से समाज के बीच में कोई खतरा न हो। ऐसे आरोपियों को तुरंत न्यायालय द्वारा जमानत दी जाती है। इंग्लैंड और यूरोप की अदालतों में सुनवाई की प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूरी की जाती है। वहां की जांच एजेंसियाँ समय पर जांच करके न्यायालय में मामला प्रस्तुत करती हैं। भारत में जब अंग्रेजों का शासन था, तब भी यहां विचाराधीन कैदियों को 90 दिन से ज्यादा जेल में रखने का प्रावधान नहीं था। 90 दिन के बाद न्यायालय जमानत देने के लिए स्वतंत्र होती थी। जांच एजेंसी द्वारा जो मामला प्रस्तुत किया जाता था, न्यायालय को यदि प्रथम दृश्टया लगता था, कि यह मामला चलने योग्य नहीं है तो ऐसी स्थिति में चार्जशीट पेश होने के बाद न्यायालय द्वारा आरोप निर्धारण के लिए सुनवाई करने के बाद मुकदमे खारिज कर दिए जाते थे। पिछले 10 वर्षों से भारत में संवैधानिक व्यवस्था होते हुए, लोकतांत्रिक शासन में जिस तरह से 76 फ़ीसदी विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं, इससे दुनिया भर में भारत की साख पर विपरीत असर पड़ रहा है। भारत को अब एक तानाशाही वाले देश के रूप में भी देखा जाने लगा है। जिन देशों में न्यायपालिका सरकार के अनुसार काम करती हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत की न्यायपालिका सरकार के पक्ष में ख़डी नजर आ रही है। भारतीय न्यायपालिका की दुनिया भर के देशों में यह साख बनने लगी है। सरकार के लिए अलग और विपक्षियों के लिए अलग कानून हैं। अमीरों के लिए और गरीबों के लिए भी अलग-अलग नियम और कानून हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए दुनिया भर के देशों में भारत की साख पर विपरीत असर पड़ रहा है।

## समय का प्रश्न- एक देश... एक चुनाव...: क्या इससे पार होगी सत्ता की नाव...?

**ओमप्रकाश मेहता**

देश पर राज कर रही मौजूदा भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुखिया नरेन्द्र भाई मोदी की सबसे अधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस व उसके नेताओं के बारे में राजनीतिक सोच चाहे जो भी हो, किंतु यह भी एक कटु सत्य है कि वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री के शासन की लीक पर चलने का प्रयास अवश्य कर रही है, इसका सबसे ताजा उदाहरण नया राजनीतिक नारा ''एक देश-एक चुनाव'' है। आजादी के बाद चार आम चुनाव इसी नारे की लीक पर हुए, सन् 1951 से 1971 तक सारे देश में सभी चुनाव एक साथ-एक ही समय पर हुए, किंतु उसके बाद विधानसभाऐं भंग होने के कारण निर्धारित समय से पिछड़ती गई और फिर संसद व विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे और यही परम्परा आज तक जारी है, किंतु अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी और उनकी सरकार फिर नेहरू युग की परिपाटी प्रारंभ करने पर गंभीर चिंतन कर रही है और उसने अपने इस इरादे पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था, जिसने अपनी सकारात्मक रिपोर्ट मोदी सरकार को सौंप दी है, अब केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह संकेत दिया है कि पांच साल बाद अर्थात् 2029 के संसदीय चुनाव के साथ पूरे देश की विधानसभाओं व स्थानीय निकायों के भी चुनाव हो सकते है, इसके लिए सरकार को कुछ संविधान संशोधन विधेयक संसद से मंजूर करवाना पड़ेंगे, जिसकी कि अगले शीतकालीन सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। चूंकि आजादी के बाद से ही भारतीय राजनीति का मूल लक्ष्य सत्ता रही है, इसलिए इसकी प्राप्ति के लिए राजनेता अलग-अलग प्रयोग करते रहे है, इसीलिए 'एक देश-एक चुनाव' के मार्ग से भटक गए थे.... और इसी कारण पूरे पांच वर्ष तक देश में कहीं न कहीं चुनाव होते रहे है, जिससे देश का काफी धन और समय नष्ट होता रहा, किंतु अब प्रधानमंत्री की सार्थक सोच व पहल के साथ पुनः पुराना चुनावी युग लौटकर आने वाला है। देश के राजनीतिक पंडितों की सोच है कि चुनाव का अधिभार सत्तारूढ़ नेताओं के दिल-दिमाग पर नही होने पर वे देश के विकास व राष्ट्रीय जनहित के बारे में गंभीर चिंतन कर सकते है और देश विकास व समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ सकता है। अब इसी आधार पर यह संभावना प्रकट की जाने लगी है कि चूंकि 2029 से यह कानून लागू होने वाला है, इसलिए इससे पूर्व होने वाले सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव भी उनकी अवधि में वृद्धि कर संसद के चुनाव के साथ ही कराए जाएगें, जिनमें मध्यप्रदेश की विधानसभा भी है, जिसकी मौजूदा अवधि 2028 में पूरी हो रही है। अतः उसकी भी अवधि में एक साल की वृद्धि की जा सकती है। वैसे केन्द्र द्वारा इस प्रस्ताव पर गठित कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में जो सिफारिशें की उसमें यह पहली सिफारिश ही है, जिसमें कहा गया है कि सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक बढ़ाया जाए, लेकिन बहुमत नही मिलने और सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर बीच में भी चुनाव कराए जा सकते है, देश में ये चुनाव दो चरणों में कराए जा सकते है।

# आजादी के अमृतकाल में रानी दुर्गावती के विचारों की प्रासंगिकता

**हितानंद शर्मा**

**वीरांगना रानी दुर्गावती जयंती पर विशेष**




मध्य भारत की सुनहरी भूमि पर स्थित कालिंजर के किले में चन्देल वंश में उत्पन्न महारानी दुर्गावती की शौर्य गाथा से पूरा भारत परिचित है। रानी दुर्गावती के शासनकाल में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष नामक चारों पुरुषार्थ विद्यमान थे और आकाश-वायु-अग्नि आदि पञ्चमहाभूत सन्तुलित होकर माता वसुन्धरा के संरक्षण व संवर्धन करने को लालायित थे। प्रजा खुशहाल थी और अर्थव्यवस्था समृद्धि की हिलोरें मार रही थी। चन्दन से महात्माओं का अभिनन्दन और मन्दिरों में पुष्पों से प्रभु का वन्दन होता था। उनकी इन्हीं विशेषताओं के कारण आज आजादी के अमृतकाल में रानी दुर्गावती के 500वें जन्मदिवस के समय गोंडवाना क्षेत्र में रानी दुर्गावती का जीवनवृत्त बच्चे-बच्चे की मुंहबोली शौर्यगाथा बन चुका है।
नवरात्र में जन्मी (तिथिः 05 अक्टूबर, 1524, स्थानः कालिंजर दुर्ग) रानी को माता भगवती की विशेष अनुकम्पा जानकर ही महाराजा कीरत सिंह ने अपने ज्योतिषाचार्यों से विचार-विमर्श करने के पश्चात् उस कन्या का नाम दुर्गावती रखा था, जो खेलने-कूदने की अल्पायु में ही शस्त्रास्त्रों में अपनी रुचि देखने लगी थी। इस सन्दर्भ में प्रो. चित्रभूषण श्रीवास्तव जी की कुछ पंक्तियाँ उद्धृत करने योग्य हैं –"पन्द्रह सौ चौबीस में जन्मी वो चन्देलों की शान थीं। कालिंजर राजा की बेटी वो इकलौती सन्तान थीं । दुर्गाष्टमी अवतरण दिवस दुर्गा का ही अवतार थीं, थर्राये मुगलों की सेना ऐसी भीषण ललकार थी।" गोंडवाना रानी के राज्य की विदेशनीति तथा उनके निर्णयों में राज्य की सम्प्रभुता, स्वतन्त्रता तथा सामाजिक समरसता को सदैव ध्यान में रखा गया था। सम्प्रति, रानी दुर्गावती के 500वें जन्मवर्ष में उनके ये विचार आधुनिक भारतीय लोकतन्त्र के लिए अवश्य ही प्रेरक हैं, क्योंकि जब समूचा विश्व दो गुटों में बंटा हुआ है, तो प्रजा के कल्याण हेतु ऐसे कठिन निर्णय लेने होते हैं, जो राज्य की सम्प्रभुता, अक्षुण्णता और स्वतन्त्रता को ठेस न पहुंचावे। रानी दुर्गावती ने मुगल आक्रान्ता अकबर को उसी की भाषा में प्रत्युत्तर दिया, जबकि वे मुगल सैन्य शक्ति से भली-भाँति परिचित थी। वे अपने राज्य की विदेशनीति और आन्तरिक सुरक्षा हेतु अपनी गुप्तचर संस्था के साथ नियमित रूप से बैठती थीं, जैसाकि वर्तमानकाल में किसी देश का प्रधानमन्त्री अपनी गुप्तचरसंस्था के साथ बैठक करता है और अपनी विदेशनीति व कूटनीति को कार्यान्वित करता है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि समसामयिक सन्दर्भ में महारानी दुर्गावती की विदेशनीति विषयक विचार अतिप्रासंगिक हैं। विख्यात शासिका दुर्गावती ने गोंडवाना राज्य के रामनगर, नयनपुर, कंजरिया, कांजीवाडा, लांजी, धूमा, कतंक, बैहर, डिंगैरी, कोतमा, गाडरवारा, बनखेडी, सोहागपुर, मैहर, गैरतगंज, भेलसा, गंजबसौदा, रायसेन, सिरौंज, भोजपाल, सिहोरा, पनानगर आदि क्षेत्रों में सुव्यस्थित जलापूर्त्ति व जलनिकास हेतु अनेक तालाब, नहर, बावली, कुओं आदि का निर्माण कराया था। तात्कालिक परिस्थिति में यह कार्य निःसन्देह प्रजाकल्याण हेतु सराहनीय प्रयास था, किन्तु सम्प्रति, जब महारानी दुर्गावती का 500वाँ जन्मदिवसवर्ष है, तो जलवायु परिवर्तन के इस काल में तत्सदृश जलापूर्त्ति व निकास व्यवस्था प्रासंगिक सी लगती है। वर्तमान जबलपुर के परिक्षेत्र में यह भी प्रसिद्ध है कि इस क्षेत्र में लोककल्याणार्थ रानी ने 52 तालाबों का निर्माण कराया था। जिससे वर्षा के जल का संरक्षण और भू-जल की आपूर्त्ति सुनिश्चित हो सके। इस समय, सकल विश्व स्वच्छ जल की उपलब्धता हेतु संघर्षरत है, जल बचाने की बातें प्रतिदिन हम सोशल मीडिया के माध्यम से देखते हैं, ऐसे में महारानी दुर्गावती के जलापूर्त्ति सम्बन्धी विचार और भारत के विविध क्षेत्रों में नहर, तालाब, कुओं आदि का निर्माण समृद्ध भारत के पुनर्निर्माण (आजादी के अमृतकाल) में निश्चित ही प्रेरक सिद्ध होंगे।
महारानी दुर्गावती ने धार्मिक समन्वय स्थापित करने हेतु भी अनेक सफल प्रयास किये थे, जिसके कारण विविध मताबलम्बियों में परस्पर गतिरोध न होते हुए समन्वय स्थापित हुआ था। महारानी दुर्गावती अपने धर्म के प्रति भी पूर्णरूपेण समर्पित रहती थीं। उन्होंने हिन्दू देवी-देवताओं के विभिन्न मन्दिरों का निर्माण कराया था और अनेक मन्दिरों में प्रभु श्रीराम, भद्रकाली, विष्णु भगवान् आदि देवताओं की प्रतिमा स्थापित कर धार्मिक सद्भावना का सन्देश दिया था। इस सम्बन्ध में प्रख्यात "महारानी दुर्गावती" नामक ग्रन्थ उल्लेखनीय है, जिसमें रानी दुर्गावती द्वारा निर्देशित बीरबल द्वारा शैक्षणिक कार्य, गोदान, अन्नदान, मन्दिरों व विद्यालयों के निमित्त भूदान आदि का वर्णन है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, जब एक ओर कट्टरवादी ताकतें गिद्धमुख किये भारतीय संस्कृति को निहार रही हैं, तो दूसरी ओर भारतीय संस्कृति का मूलमंत्र "समन्वय और समरसता" की भावना द्वारा इनको परास्त करना अत्यावश्यक है, जोकि महारानी की राजनीति में दृष्टिगोचर होता था। क्योंकि किसी देश की महानता और उसकी समृद्धि में समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग अपेक्षित होता है और सभी के समन्वय व सहयोग से ही कोई राष्ट्र उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होता है। रानी दुर्गावती मात्र अधिकारियों के द्वारा प्रदत्त जानकारी पर आश्रित होकर प्रजा को शासित नहीं करती थीं, अपितु वे अपना वेश बदलकर जनता की नब्ज टटोलती थीं। वे सामान्य प्रजा के मध्य जाकर उनकी रोजमर्रा की जिन्दगी में आने वाली चुनौतियों को प्रजा के द्वारा ही सुनती थी और उन चुनौतियों का तत्काल अथवा राजदरबार के माध्यम से निवारण किया करती थीं। जैसाकि एक शासक को अपन गुप्तचरों के माध्यम से ऐसा करना चाहिए, या स्वयं ही औचक निरीक्षण के माध्यम से सत्य का ज्ञान करना चाहिए।

# राष्ट्रपति के बजाए चैतन्य देवी नज़र आई द्रौपदी मुर्मू!

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

राष्ट्रपति बनने के बाद दूसरी बार मधुबन यानि ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय आबू रोड़ पधारी द्रौपदी मुर्मू के लिए यह यात्रा बेहद रूहानी कही जा सकती है।वे यहां एक ऐसे दिव्य व भव्य मानसरोवर भवन में प्रवास कर रही है,जिसके छठे माले पर बगीचा है।प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज मानसरोवर को महामहिम के लिए सजाया गया है।द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले ब्रह्माकुमारीज संस्था के महासचिव राजयोगी निर्वेर भाई को याद किया ,जो हाल ही में अपना शरीर छोड़कर परमात्मा की गोद ले चुके है,फिर वे शांति वन में आयोजित वैश्विक सम्मेलन का मुख्य आकर्षण बनी। राजयोग के नियमित अभ्यास के लिए सुबह साढ़े तीन बजे उठने वाली द्रौपदी मुर्मू सर्वोच्च पद पर विराजित होते हुए भी अंहकार मुक्त है।उनकी स्पष्ट सोच है कि परमात्मा शिव की याद जब हमारी भृकुटि में विराजित आत्मा में जाकर बसने लगे तो तभी हमारा परमात्मा से वास्तविक सम्बंध जुड़ जाएगा और हम राजयोगी हो जाएंगे। तभी हम परमात्मा की याद में बैठकर परमात्मा से रूहरिहान कर सकते है।परमात्मा से अपनी आत्मा का रूहरिहान करने के लिए ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 3 अक्टूबर को ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय आबू रोड पहुंची। जहां उनका अभूतपूर्व स्वागत ब्रह्माकुमारीज चीफ रतनमोहिनी दादी के नेतृत्व में किया गया। आबू में ब्रह्माबाबा के कक्ष में द्रौपदी गई तो उनकी लौ परमात्मा से लग गई और वे बाबा के चित्र के सामने ध्यान मग्न होकर रूहानियत की सैर करने लगी।वस्तुतः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ब्रह्माकुमारीज से काफी पहले से जुड़ी है और नियमित रूप से राजयोग का अभ्यास करती है। द्रौपदी मुर्मू दो दिन के लिए इस राजयोग तपस्या की भागीदार बनी है।इस तपस्या से परमात्मा द्वारा अविनाशी भाग्य प्राप्त होता है। अविनाशी भाग्य को हमेशा अविनाशी रखना है। जिसके लिए सिर्फ सहज अटेंशन देने की बात है। टेंशन वाला अटेंशन नहीं हो सकता, सहज अटेंशन हो ,तभी हम विदेही रूप में परमात्मा से अपनी लौ लगा सकते है।राजयोग के अभ्यास से ही हमे परमात्मा की सत्य पहचान मिल पाई है।वास्तव में परमात्मा वह बीज है जिसमें सृष्टि का सारा आदि मध्य अंत का ज्ञान समाया हुआ है। परमात्मा कहते भी हैं कि मुझसे जो भी खजाने तुम्हें प्राप्त हुए हैं, उन खजानों को जमा करो, बढ़ाओ, व्यर्थ से बचो। श्वास का खजाना, संकल्प का खजाना, गुणों का खजाना, समय का खजाना, शक्तियों का खजाना, ज्ञान का खजाना। सभी खजाने जितना स्व के प्रति और औरों के प्रति शुभ वृत्ति से कार्य में लगाएंगे, उतना सद्कर्मो का खाता जमा होता जाएगा और बढ़ता जाएगा।इसके लिए अपने गुणों व शक्तियों को सदकार्य में लगाओ तो पुण्य बढ़ते जाएंगे। मनुष्य को प्राप्त गुण व शक्तियां परमात्मा का दिया वह प्रसाद है,जिससे हम अपने जीवन को 21 जन्मों के लिए सफल बना सकते है। हमे परमात्मा दाता को कभी भूलना नहीं चाहिए व मिले हुए ईश्वरीय ज्ञान खजाने को सफल करना चाहिए। साथ ही अपने ईश्वरीय संस्कारों को भी सफल करो जिससे व्यर्थ संस्कार स्वतः चले जाएंगे। सच ही है कि विद्या के बिना मानव जीवन व्यर्थ है। मानव के संपूर्ण विकास में विद्या की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। इससे मनुष्य अनुशासित होता है और उसका चरित्र निर्माण होता है। विद्या के बल से वह स्वार्थों से ऊपर उठ पाता है और प्रकृति एवं मानव जाति से प्रेम करना सीखता है।भौतिक विद्या तो स्कूलों एवं विश्वविद्यालयों में मिल जाती है। लेकिन सत्य एवं आध्यात्मिक ज्ञान सिर्फ परमपिता परमात्मा ही दे सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस सत्य को स्वीकार किया है। उन्होंने परमात्मा के यथार्थ रूप को पहचान कर और संपूर्ण ज्ञान को धारण करके ही अपने जीवन को दिव्य गुणों से संपन्न बनाया है।
राष्ट्रपति मुर्मू का आध्यात्म के प्रति प्रेम उनके महामहिम बनने से पहले का है।वह लगभग 11 वर्षों से ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा सिखाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिक ईश्वरीय वाणी मुरली को सुनती हैं और रोजाना राजयोग का अभ्यास भी करती हैं।
ब्रह्माकुमारीज संस्थान के विश्वभर में स्थित सभी सेवा केंद्र पर एक साथ, एक ही समय पर सुबह 7 बजे से ईश्वरीय महावाक्यों पर आधारित मुरली होती है।जिसमें परमात्मा की ओर से सदशिक्षा,जीवन जीने की कला और जीवन के प्रति मार्गदर्शन मिलता है।इस राजयोग अभ्यास को करने व मुरली सुनने के लिए वे सदैव समय से सुबह साढ़े तीन बजे उठती है। सूबह उठने के बाद वह सबसे पहले वे ज्योतिर्बिन्दु स्वरूप परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती हैं, जिन्हें ब्रह्माकुमारीज से जुड़े सभी भाईबहन प्यार से शिवबाबा कहते हैं। शिवलिंग के आकार की लाल लाइट के बिंदू पर वह अपना ध्यान लगाती हैं।वे शाम को भी 6.30 से 7.30 बजे तक राजयोग का अभ्यास करती हैं।
द्रौपदी मुर्मू ने ब्रह्माकुमारी संस्थान में एक चर्चा के दौरान कहा था कि वह जो कुछ बोल पाती है, वह आध्यात्मिक बल के कारण ही बोल पाती है।उन्होंने ग्रेजुएट किया हुआ है ।लेकिन उन्हें हर विषय पर बोलने शक्ति परमात्मा से ही प्राप्त होती हैं।
जब जीवन मे अंधकार छाया था,तब इसी ब्रह्माकुमारीज ने राजयोग का सहारा देकर द्रौपदी मुर्मू के जीवन मे उम्मीदों की रौशनी लाने का काम किया था।आज जब उसी ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय आबू में राष्ट्रपति बनने के बाद दूसरी बार द्रौपदी मुर्मू पहुंची तो लगा जैसे वे फिर से रूहानियत में खो गई हो।अपने मधुबन को निहारते हुए वे बोली,
ब्रह्माकुमारीज संस्थान के विभिन्न सेवाकेन्द्रों पर जो आध्यात्म शक्ति प्राप्त होती है, उसका सबसे ज्वलंत उदाहरण स्वयं द्रौपदी मुर्मू है।जब वे अंधकारमय जीवन की ओर अग्रसर हो गई थी।तब मेडिटेशन और ध्यान योग के माध्यम से जीवन की मुख्य धारा में लौट पाई । द्रौपदी मुर्मू कहती है कि ब्रह्माकुमारीज एक ऐसा संस्थान है जो बहनों द्वारा संचालित किया जाता है व वरिष्ठ भाईयों द्वारा बहनों का सहयोग किया जाता है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान की सफलता यह सिद्ध करती है कि अवसर मिलने पर महिलाएं पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती हैं। एक आध्यात्मिक संस्था के रूप में केवल ब्रह्माकुमारीज ही नहीं ऐसी कई संस्थाएं इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं। आज ब्रह्माकुमारीज संस्थान विश्व के 140 देशों में साढ़े आठ हजार सेवाकेंद्रों का संचालन कर रहा है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान महिलाओं द्वारा संचालित विश्व का सबसे बड़ा संस्थान है। ब्रह्माकुमारीज महिलाओं के सशक्तिकरण में सक्रिय भूमिका निभा भी रही है। राष्ट्रपति मुर्मु ने देश में महिलाओं के खिलाफ हो रही घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि आज देश में बहनों और बेटियों के साथ जो घटनाएं हो रहीं ऐसे में उन्हें शक्ति स्वरूप बनकर आगे आना होगा। ब्रह्माकुमारी बहनें-बेटियां लोगों के अंदर सतोगुण जागृत करने के लिए जागरूक करने का कार्य करें। ब्रह्माकुमारी बहने लोगों में प्रेम, शांति और आत्मीयता को भरने और उनके अंदर विकारों को समाप्त करने का कार्य कर रही हैं। द्रौपदी
मुर्मू ने कहा कि युद्ध और कलह के वातावरण में विश्व समुदाय समाधान के लिए भारत की ओर देख रहा है। हमें कलियुग की मानसिकता को खत्म करना होगा और सतयुग की मानसिकता का आह्वान करना होगा। इसके लिए हम सबको मन में सत्वगुण को अपनाने का प्रयास करना होगा। द्रौपदी मुर्मू ने संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा को नमन करते हुए धन्यवाद दिया व कहा कि महिलाओं को पूरे विश्व में शांति और शक्ति प्रदान करने के लिए उनके सिर पर कलश रखा है। ब्रह्मा बाबा ने जिस तरह महिलाओं को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाई, वैसे अन्य संस्थानों को भी प्रयास करना होंगे।उन्होंने कहा कि दया और करुणा की भावना भारतवासियों के जीवन मूल्यों में है। माउंट आबू से शुरू हुआ ये अभियान समस्त भारतवासियों को सशक्त बनाने और समाज को सशक्त बनाने में संबल प्रदान करे। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस धरती पर प्रत्येक मनुष्य मानसिक शांति प्राप्त करने के प्रयास में हैं चाहे वो किसी देश, जाति, संप्रदाय के हों। शांति भी भोजन की तरह आवश्यक है। ब्रम्हाकुमारीज शांति और आनंद का मार्ग प्रशस्त कर रही है।उनका मानना है कि आध्यात्म ही वो प्रकाश पुंज है जो पूरी मानवता को सही राह दिखा सकता है। हमारा लक्ष्य है कि भारत एक नॉलेज सुपर पावर बने। हमारी आकांशा है कि इस नॉलेज का उपयोग सस्टेनेबल डवलवमेंट के लिए हो।सौहार्द, महिलाओं और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हो, युवाओं के विकास, विश्व में स्थाई शांति की स्थापना के लिए हो।
उन्होंने माना कि अपनी संस्कृति के आधार पर हमारा देश आध्यात्मिक और नैतिकता के निर्माण के लिए सक्रिय है। भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, आदि शंकराचार्य और संत कबीर, महात्मा गांधीजी की शिक्षाओं ने पूरे विश्व को प्रभावित किया है। अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के साथ-साथ भारत शांति के अग्रदूत की भी भूमिका निभा रहा है। माउंट आबू से शुरू हुई यह आध्यात्मिक क्रांति देश के लोगों को सशक्त बनाएगी। माउंट आबू से जाकर बहनों ने पूरे विश्व में लोगों के अंदर विराजित शक्ति को पहचानने, सशक्त बनाने, ज्ञान देने और जागरूक करने का कार्य किया व कर रही हैं।ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन कहते कि भारत के पतन का मुख्य कारण नारी का अपमान रहा है।द्वापर युग की द्रौपदी ने परमात्मा की शक्ति से नारी की लाज बचाई थी। अब नारी के द्वारा ही भारत फिर से देवभूमि बन रहा है। संस्थान के कार्यकारी सचिव डॉ. बीके मृत्युंजय का कहना है कि 25 सालों में सरकार के साथ मिलकर ब्रह्माकुमारीज संस्थान स्वर्णिम भारत को साकार करने के प्रयास में जुटा हुआ है। द्रौपदी मुर्मू नवरात्र की बेला में राष्ट्रपति के बजाए चैतन्य देवी की तरह नज़र आई ,जिन्होंने ब्रह्माकुमारीज से जुड़े भाई बहनों को अपने अनुभव से नवाज़ा।

# खेल को खेल ही रहने दो ,कोई नाम न दो

**राकेश अचल**



| ग्वालियर में चौदह साल बाद होने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर हिन्दू-मुसलमान करने की कोशिश ग्वालियर को बदनाम करने के लिए काफी है । ग्वालियर वैसे भी नव-सामंती दौर से गुजर रहा है ऐसे में मुठ्ठी भर हिन्दुओं के विरोध के चलते बांग्लादेश और भारत के बीच 6 अक्टूबर को खेले जाने वाले टी-20 मैच में बढ़ा डालने की कोशिश हल्कापन है। ग्वालियर में भारत और बांग्लादेश के बीच टी-20 क्रिकेट मैच से पहले ही जिला मजिस्ट्रेट ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है। तनाव के बीच कोई भी मैच आनंददायक कैसे हो सकता है ये बात हिन्दू महासभा को सोचना चाहिए।
जग जाहिर है कि ये मैच ग्वालियर के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने बेटे महाआर्यमन सिंधिया की राजनीतिक दूकान सजाने के लिए लेकर आये है। ग्वालियर में क्रिकेट पर सिंधिया का दशकों पुराना कब्जा है। पहले ये मैच नगर निगम के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में होते थे,लेकिन अब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में क्रिकेट के लिए अपने पिता के नाम पर एक नया स्टेडियम तामीर करा लिया है। कोई और होता रो शायद ग्वालियर में क्रिकेट कि लिए नया स्टेडियम न बन पाता। ग्वालियर को 14 साल के अंतराल के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की मेजबानी कर रहा है।
ग्वालियर में सिंधियाशाही एक अलग मुद्दा है लेकिन क्रिकट मैच एक अलग मुद्दा है। मै क्रिकेटप्रेमी होने के नाते नहीं बल्कि ग्वालियर वासी होने के नाते हिन्दू महासभा के नेताओं से गुजारिश करना चाहूंगा कि वे मैच को मैच ही रहने दें ,कोई नाम न दें । यहां खेलने आने वाले बांग्लादेश के खिलाडी हमारे दुश्मन नहीं है। हमने तो भारत के कटटर और घोषित दुश्मन पाकिस्तान के साथ भी अतीत में क्रिकेट खेली है। क्रिकेट खेल है ,इसे राजनीति का मुद्दा बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हिन्दू महासभा हिन्दुओं की ठेकदार सभा नहीं है । उसकी न कोई सियासी ताकत है और न मैदानी ताकत। वो केवल तनाव पैदा करने और प्रशासन को छकाने का काम कर सकती है और इसमें भी उसे कामयाबी मिलने वाली नहीं है ,क्योंकि पुलिस के पास इस मैच को करने के लिए पहले से हजार,डेढ़ हजार पुलिस कर्मी हैं। मैच के दिन हिंदू महासभा द्वारा किए गए ग्वालियर बंद और अन्य संगठनों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन इस मैच को बाधित नहीं कर सकते,हाँ वे पहले से बदनाम ग्वालियर को और बदनाम कर सकते हैं। ये काम तो सिंधिया खुद चौराहों पर अपने राजवंश के प्रतीक चिन्हों की जालियां स्मार्ट सिटी के कोष से कराकर पहले ही करा चुके हैं।
दक्षिणपंथी संगठन ने बुधवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए गए अत्याचार को लेकर रविवार के मैच को रद्द करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर चुके है। इतना काफी है। इन संगठनों को सोचना चाहिए की हिन्दुओं की ठेकदार आरती की सरकार बांग्ला देश की निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री को आपने यहां मेहमानों की तरह रखे हुए है। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाडियों का विरोध कोई मायने नहीं रखता। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो बर्बरता हुई है उसके लिए खिलाडी नहीं ,बल्कि वहां के नेता जिम्मेदार है। भारत में भी अल्पसंख्यकों के साथ यदि कोई उत्पीड़न होता है तो खिलाडी नहीं नेता और सरकारें ही जिम्मेदार होती हैं। ग्वालियर वैसे भी विकास के मामले में प्रदेश के दूसरे इलाकों से बहुत पीछे है क्योंकि यहां के जन प्रतिनिधियों की कोई सुनता नहीं है और यहां जो होता है वो महाराज की मर्जी से होता है। हिन्दू महासभा यदि सचमुच ग्वालियर का हित चाहती है तो उसे ग्वालियर में सिटी बसें शुरू करने के लिए बंद का आव्हान करना चाहिये । स्मार्टसिटी का पैसा सिंधिया शाही की पुर्स्थापना पर खर्च करने के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहिए। मैच के आयोजन के खिलाफ प्रदर्शन से ग्वालियर का हित होने वाला नहीं है। मैच देखने आने वाले अतिथि जब ग्वालियर की धुल उड़ाती सड़कों से गुजरेंगे तो उन्हें ग्वालियर के स्वयंभू महाराज के विकास कार्यों की हकीकत का पता खुद लग जाएगा।
ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने पुलिस अधीक्षक की सिफारिश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। ये मजबूरी में उठाया गया कदम प्रतीत होता है। अपने दफ्तर में महात्मा गाँधी की हत्या के मामले में सजायाफ्ता गौड़से की प्रतिमा लगाने वाली हिन्दू महासभा पता नहीं क्यों बवाल कर रही है । हमारे यहां कहते हैं कि -मुठ्ठक चना,बाजे घना । यही हाल हिन्दू महासभा का है। सभा के पास इतने कार्यकर्ता भी नहीं है जो गिरफ्तारियां देकर पुलिस की दो लारियाँ भर सकें। हिन्दू महासभा यदि ग्वालियर के लिए लड़ना चाहती है तो ग्वालियर के उस सांसद के साथ खड़ी हो जो सिंधिया के प्रभुत्व से नगर निगम के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम को मुक्त कराने के लिए प्रयत्नशील हैं। सिंधिया और उनकी क्रिकेट एसोशिएशन दशकों से रूप सिंह स्टेडियम की मालिक बनी हुई है।
बेहतर हो कि हिन्दू महासभा बांग्लादेशी क्रिकेटरों का सम्मान करे,स्वागत करे और उन्हें ये महसूस कराये कि ग्वालियर भले ही नव सामंतवाद की चपेट में है किन्तु यहां समरसता है और बांग्लादेश से लाख गुना ज्यादा बेहतर है। मुझे उम्मीद है कि हिन्दू महासभा के नेता वक्त की नजाकत को समझेंगे । उन्हें क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने के मुद्दे पर कोई जन समर्थन मिलने वाला नहीं है। वे नौजवान भी इस मुद्दे पर हिन्दू महसभा के बंद का साथ देने वाले नहीं हैं जिन्हें मैच के टिकट नहीं मिले । या जो 6 अक्टूबर को मैच देखने की कोशिश में पुलिस की लाठियां खाएंगे। क्रिकेट प्रेमियों को ये पता नहीं है कि ये मैच ग्वालियर के नौवजवानों के लिए बल्कि एक युवराज की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित किया गया है। हिन्दू महासभा को याद रखना चाहिए कि खेल में राजनीती के दुष्परिणाम देश के पहलवान हाल ही में भुगत चुके हैं
ग्वालियर एसपी ने कहा कि मैच के विरोध में विभिन्न संगठन जुलूस निकालने, प्रदर्शन करने और पुतला दहन करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक संदेश, चित्र, वीडियो, ऑडियो और अन्य माध्यमों से धार्मिक भावनाओं को भड़काया जा रहा है और सांप्रदायिक माहौल बनाया जा रहा है, जो सामाजिक सद्भाव के लिए हानिकारक है। मुझे लगता है कि ग्वालियर का प्रशासन और पुलिस भी इसीलिए वो सब करने के लिए कमर कसकर बैठा है जिससे ग्वालियर की बदनामी न हो। इसलिए मै फिर कहता हूँ की -खेल को खेल ही रहने दो इसे कोई नाम न दो। खासकर राजनीति का हिन्दू-मुसलमान का।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नवनिर्मित स्टेज का भव्य शुभारंभ बिना स्टेज के स्कूल की कल्पना नहीं की जा सकती : के के झा

भिलाई नगर (ईएमएस)। नवरात्रि के शुभ अवसर पर केएच मेमोरियल स्कूल प्रांगण में गुरुवार को नवनिर्मित स्टेज का भव्य शुभारंभ किया गया। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन के.के.झा ने कलश प्रज्वलित कर, नाम पट्टिका का अनावरण किया। पश्चात फीता काटकर स्टेज का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल विभा झा,डायरेक्टर निश्चय झा, एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा सहित स्कूल के टीचर्स, स्टाफ एवं स्टूडेंट्स ने तालियों की गड़गड़ाहट से इसका स्वागत किया।समारोह का उद्घाटन एक सामूहिक गीत "माता के सांग" से हुआ। नन्ही स्टूडेंट अमृत कौर ने एक गीत गाया। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि स्कूल में एक परमानेंट स्टेज की बहुत जरूरत थी। जिस तरह बिना नाक के हमारे चेहरे का कोई अस्तित्व नहीं, इसी तरह बिना स्टेज के स्कूल की कल्पना नहीं की जा सकती। यह स्टेज स्कूल की नाक है। अब यहां के स्टूडेंट्स को प्लेटफार्म मिल गया है। स्टूडेंट्स इसका आनंद उठाएं और अपने एकेडमिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शन को और ऊंचाई दें।डायरेक्टर निश्चय झा ने स्टेज के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि स्टेज पर एक स्टूडेंट हमेशा अनुशासित रहता है। उसमें अलग तरह का कॉन्फिडेंस रहता है। स्टेज पर ही वह अपने लिए, अपने पेरेंट्स के लिए और अपने स्कूल के लिए तालियां बटोरता है। अब स्टूडेंट्स को यह निर्णय लेना है कि वह स्टेज पर खड़े होकर ताली बजवाना चाहता है या नीचे खड़े होकर ताली बजाना चाहता है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की हुई बैठक

दुमकाःसमाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दुमका लोकसभा क्षेत्र के सांसद नलिन सोरेन,जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, विभिन्न विधायकों के प्रतिनिधि सहित जिले के अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में नई योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित योजनाओं पर अनुमोदन पर विस्तार से चर्चा किया गया। जिसमें जिला अंतर्गत 2060 आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित/अध्यनरत बच्चों के लिए ऊनी पेट की आपूर्ति, विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के शिक्षा हेतु ऑनलाइन एप बेस्ड ई लर्निंग सिस्टम डेवलप करना, जिला अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में मूलभूत सुविधा यथा बर्तन बेड इत्यादि की व्यवस्था, दुमका परिसदन परिसर स्थित पार्क का जीर्णोधार, दुमका शहर स्थित दुधनी टावर चौक का जीर्णोधार कार्य आदि योजनाएं शामिल थे। डीएमएफटी मद अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, सड़क निर्माण, नाला, सिंचाई, स्वच्छता विभाग, कौशल विकास, महिला एवं बाल कल्याण विकास सहित अन्य विभागों द्वारा कुल 102 योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिसमे कई योजनाएं पूर्ण हो चुकी है।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याओं को सुना

दुमकाःकार्यालय कक्ष में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंड से जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याओं को सुना।उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द नियमानुसार तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनकर निराकरण करते हैं।

### एक लाख एकावन हजार रुपए में हुई भालसुमर दुर्गा मेला की सैरात बंदोबस्ती

दुमका : रामगढ़ प्रखंड के सुविख्यात भालसुमर दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले मेले तथा मंदिर की वार्षिक सैरात बंदोबस्ती एक लाख एकावन हजार रुपए में हो गई। शुक्रवार को एक बार फिर से प्रखंड कार्यालय सभागार में आम सभा का आयोजन किया गया| बीडीओ सह सीओ अभय कुमार की अध्यक्षता में हुई बंदोबस्ती में दो लोगों ने डाक की बोली लगायी, जिसमें भालसुमर गांव के अखिलेश्वर मांझी पिता स्वर्गीय जगदीश मांझी ने सुरक्षित राशि एक लाख पचास हजार के विरुद्ध एक सौ रुपए ही आगे बढ़े, जबकि शंकर मांझी पिता स्वर्गीय रंगलाल मांझी ने सर्वाधिक एक लाख एकावन हजार रुपए की बोली लगाकर मेला की बंदोबस्ती अपने नाम कर ली। शंकर मांझी द्वारा मौके पर डाक की राशि नजारत में जमाकर नाजीर रसिद प्राप्त कर लिया गया। बता दें कि बीते मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में सैरात बंदोबस्ती को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया था। नीलामी के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षित राशि के रूप में ढाई लाख रुपए तय की गयी थी। सुरक्षित राशि को अधिक बताते हुए भालसुमर के ग्रामीणों ने नीलामी की बोली लगाने से इनकार कर दिया था। साथ ही लिखित आवेदन देकर प्रशासन से नीलामी के लिए सुरक्षित राशि को कम करने की मांग की थी। इसके बाद उप विकास आयुक्त सह कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद दुमका द्वारा बंदोबस्ती के लिए 4 अक्टूबर को आम सभा आयोजित करने के निर्देश के साथ सुरक्षित राशि को डेढ़ लाख रुपए कर दिया गया था।

# दुमका में होगा ढोलिडा सीजन 2 का धमाकेदार आयोजन, गुजरात से आ रही डांडिया टीम

दुमकाः 6 अक्टूबर को दुमका के एच एम गार्डन में 'ढोलिडा सीजन 2' का आयोजन होने जा रहा है, जो इस साल और भी खास और भव्य होने वाला है। दुमका मेरी जान और दुमका डायरीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की प्रेस वार्ता आदित्य रेसिडेंसी होटल में की गई। आयोजक शुभम मिश्रा ने बताया कि इस बार के आयोजन में गुजरात से विशेष डांडिया टीम बुलाई गई है, जो न केवल दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेगी, बल्कि डांडिया खेलने का भी अवसर प्रदान करेगी।



#### बच्चों के लिए खासः तरकीश आइसक्रीम पहली बार

कार्यक्रम में बच्चों के लिए खास आकर्षण होगा तरकीश आइसक्रीम, जो पहली बार दुमका में उपलब्ध कराई जा रही है। यह आइसक्रीम बच्चों के लिए अलग अनुभव होगा, जो इस कार्यक्रम को और भी खास बनाएगा।

#### सुरक्षा व्यवस्था होगी कड़ी

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। 40 प्रोफेशनल बाउंसर-पुरुष और महिला दोनों- सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे, और वालंटियर्स भी अपनी सेवाएं देंगे। मुख्य द्वार पर पास और अल्कोहल की चेकिंग अनिवार्य होगी, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व को प्रवेश न मिले।

#### डीजे की धुन पर झूमेगा दुमका

दुमका के संगीतप्रेमियों के लिए कार्यक्रम में 2 लाइव डिस्क जॉकी (डीजे) की व्यवस्था की गई है, जो पूरे समय संगीत का माहौल बनाए रखेंगे। इसके साथ ही प्रोफेशनल एंकर रोहित सिंह दर्शकों को उत्साहित और कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करेंगे।आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम दुमका के लोगों के लिए एक यादगार आयोजन साबित होगा, और इस बार की तैयारी से यह स्पष्ट है कि दुमका में नवरात्रि का जश्न इस साल और भी जोरदार होने वाला है।प्रेसवार्ता में शुभम मिश्रा,अभिषेक कुमार,आदित्य राज,बलवंत सिंह, ओम दत्त तिवारी मौजूद थे ।

### एसकेएमयू ने घोषित किया यूजी सेमेस्टर-6 के लिए फॉर्म भरने की तिथि

दुमकाःसिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को यूजी सेमेस्टर-6, सत्र-2021-24 के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। बिना विलंब शुल्क के उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 8 से 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है, जबकि क्रमशः 200 रुपये और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 17 से 20 अक्टूबर और 21 से 23 अक्टूबर तथा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 24 से 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत लोगों के बीच बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरित

#### जिला परिषद अध्यक्ष एवं केंद्रीय समिति सदस्य आलोक सोरेन ने किया लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र वितरण

दुमका : झारखंड में विधानसभा चुनाव दस्तक देने जा रही है और सभी पार्टियां जी जान से अपनी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं, वहीं इन सब के बीच फिलहाल झारखंड की जनता काफी खुश नजर आ रही है । हो भी क्यों ना, अभी हाल में ही झारखंड मुक्ति मोर्चा नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने जहां 18 से 50 वर्ष की महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह 1000 लाभुको के खाते में भेजना शुरू किया है, वही बिजली बिल की माफी की घोषणा से झारखंड के हजारों हजार बिजली बिल उपभोक्ता एवं ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दूरदर्शी फैसला लेते हुए अपनी लोक कल्याणकारी नीति से जनता के बीच अच्छी पकड़ बना ली है वहीं विपक्षी पार्टियों के चेहरे पर शिकन नजर आ रही है।कार्यक्रम की शुरुआत जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमति जोईस बेसरा ने करते हुए कहा कि झारखंड सरकार नेअपने कार्यकाल में ग्रामीणों के लिए कई तरह की लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं और आने वाले समय में भी ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जाएगी।केंद्रीय समिति सदस्य आलोक कुमार सोरेन ने कहा कि झारखंड की गरीब ग्रामीण जनता बिजली बिल के बोझ से दबी हुई थी और बिल नहीं देने के कारण उनका कनेक्शन कट जा रहा था और उन पर कार्रवाई भी हो रही थी।चूंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार हमेशा से ग्रामीणों के हितों के लिए लड़ती रही है और इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस महत्वपूर्ण विषय पर निर्णय लेते हुए बिजली बिल माफी की घोषणा मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत की है। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी कि आप लोगों का बिजली बिल पूरी तरह से माफ कर दिया गया है और पुराने बकाया बिलकी भुगतान करने की अब आवश्यकता नहीं है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के अलावे काफी संख्या में शिकारी पाड़ा प्रखंड के दूरदराज के क्षेत्र से आए हुए बिजली उपभोक्ता उपस्थित थे।

## बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों का विदाई समारोह धूम -धाम से मनाया

दुमकाः तोकीपुर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में बीएड (सत्र -2022-24) के प्रशिक्षणार्थियों का विदाई समारोह महाविद्यालय प्रांगण में बड़े ही धूम -धाम से मनाया गया। प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य, गान, हास्य कविता, एवं मोमेंटो भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षणार्थियों का फोर्थ सेमेस्टर में उम्दा प्रदर्शन रहा। सभी प्रशिक्षणार्थी बीएड (सत्र -2022- 24) में सत प्रतिशत सफल रहे। अपने परीक्षा परिणामों से सभी प्रशिक्षणार्थी संतुष्ट हैं। वैदिक युग से चली आ रही विदाई समारोह की परंपराओं का निर्वहन महाविद्यालय परिवार की ओर से किया गया। इस विदाई



समारोह के शुभ अवसर पर सभी प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी बीएड एवं डीएलएड सत्र - 2023-25 एवं 2024-26 सहर्ष उपस्थित रहे। महाविद्यालय के सचिव नोरेन कुमार मोदी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्राचार्या डॉ कल्पना कुमारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को जीवन में सफल होने के सभी गुणों के बारे में बताया। महाविद्यालय प्रबंधक महेश के द्वारा समाज में गुरु की गरिमा एवं प्रतिष्ठा के बारे में बताया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बख्शीश हुसैन खान, प्रधान लिपिक तोसीफ अहमद, देवयानी सरकार, स्वपन सरकार सर, सुरेश बास्की सर, देवी प्रसाद पाल सर, कुलदीप सर, मोशमी घोष, सुरभि गुंजन, मीनाक्षी, संदीप सामंत, उत्तम सर, समिता सिन्हा, मुकेश सर, राजा , श्रीकांत , मिथुन , राहुल , होपन , के अलावे महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ - साथ महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी मौजूद रहे। विदाई समारोह की समाप्ति डॉ पीके ठाकुर के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया।

### संथाल परगना काश्तकारी कानून के तहत ग्राम प्रधानों से लगान वसूली पूर्णबहल करने का मांग

दुमका : रानीश्वर अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार ग्राम प्रधान माझी संगठन का बैठक हुई । चुड़का मरांडी के अध्यक्षता में हुई बैठक की संचालन ग्राम प्रधान कृष्ण चंद्र घोष ने किया हैं ।बैठक में जमीन की लगान वसूली पूर्व के तरह ग्राम प्रधानों के माध्यम से पूर्णबहाल कराने की मांग किया हैं ।झारखंड राज्य गठन के बाद यहां राज्य सरकार के द्वारा ग्राम प्रधान एवं परंपरा गत सशासन के नायके, गुड़ीत ,परानिक ,जगमाझी को सम्मानिक भत्ता चालू किया हैं ।दूसरी ओर मंत्रिमंडल के बिना निर्णय के तत्कालीन मुख्य सचिव राजबाला वर्मा ने एक प्रशासनिक आदेश निर्गत कर जमीन की ऑनलाइन लगान वसूली शुरू कराया हैं ।जिसके कारण प्रधानों को एस पी टी एक्ट के तहत मिलनेबाला लाभ से बंचित कर दिया गया हैं ।

## एमजी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने किया शासी निकाय के अध्यक्ष का आदेश मानने से इंकार

#### पूर्व प्राचार्य पर लगाया एमजी कालेज की सारी जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम कराने का आरोप

दुमका : मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उदय प्रसाद सिंह ने कांलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सह दुमका सांसद नलिन सोरेन का आदेश मानने से साफ इंकार करते हुए कालेज में बड़े घोटाले का आरोप लगाया है।बताते चलें कि शासी निकाय के अध्यक्ष सह सांसद नलिन सोरेन ने प्रभारी प्राचार्य उदय कुमार सिंह को पदभार मुक्त करते हुए बिभास चंद्र झा को प्रभारी प्राचार्य मनोनीत किया हैं। उस आदेश के अनुसार शासी निकाय के सचिव डॉ असीम कुमार लायेक ने पत्र निर्गत कर विभाष चंद्र झा को प्रभार लेने का पत्र निर्गत किया हैं। श्री झा शुक्रवार को प्रभार लेने कालेज पहुंचे थे। प्रभारी प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने उन्हें प्रभार देने से इनकार कर दिया हैं। बताया कि बिना जीबी की बैठक के उन्हें प्रभार मुक्त करने का आदेश अध्यक्ष सह सांसद नलिन सोरेन का एकतरफा आदेश हैं। जिस आरोप के आधार पर उन्हें पद भार मुक्त करने का आदेश निर्गत किया गया हैं उस बिषय को लेकर उनका पक्ष नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि एक दिन के शोर्ट नोटिस पर राष्ट्रीय छुट्टी के दिन जीबी की बैठक बुलायी गयी। उस बैठक का कोरम पूरा नहीं होने का कारण बैठक स्थगित हो गयी थी। तत्पश्चात श्री सोरेन ने बिना उनका पक्ष जाने प्रभार मुक्त करने का आदेश दे दिया। जिसको लेकर शुक्रवार को प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कालेज में बड़े घोटाले का खुलासा किया। उन्होंने साफ साफ शब्दों में कहा कि उनको पदभार मुक्त करने के लिए झूठ का सहारा लिया जा रहा है।उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि उनके प्रभार लेने के पूर्व इस महाविद्यालय में जमीन घोटाला, शिक्षक नियुक्ति घोटाला, महाविद्यालय का भवन निर्माण घोटाला समेत कई अन्य घोटाले हुए है, जिसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने महाविद्यालय के सचिव डॉ लायेक से जब जब कारवाई करने की मांग की, तब तब सचिव ने उन्हें कारवाई करने से मना कर दिया| आखिर सचिव को कौन सा डर है या किसके इशारे पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में दुकानदारी नहीं चलाने देंगे। प्रभारी प्रचार्य उदय प्रसाद सिंह ने कहा कि उनकी नियुक्ति के समय योग्यता से लेकर एक एक चीज की जांच की गई थी, सभी की सहमति से प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया था| जबकि सांसद के द्वारा मनोनीत जिस शिक्षक बिभास चंद्र झा को प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेवारी दी गई है, उनके पास ना ही योग्यता है और ना हीं एक्सपीरियंस है। उन्होंने कहा कि कांलेज में और भी कई पीएचडी डिग्री वाले वरिष्ठ शिक्षक है। झा की नियुक्ति में भी एक प्रश्न उठ रहा है। सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अब्दुल रईस खान ने महाविद्यालय के सारी जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम पर कर ली है, जबकि नियम अनुसार महाविद्यालय की जमीन की रजिस्ट्री महामहिम राज्यपाल के नाम पर होनी चाहिए थी।

## अनियंत्रित होकर एलपी ट्रक ने पेड़ में मारी टक्कर मौके पर खलासी की मौत

दुमका : दुमका रामपुरहाट मुख्य पथ मोहुल पहाड़ी के समीप अनियंत्रित एलपी ट्रक ने शुक्रवार की सुबह पेड़ में टक्कर मार दिया टक्कर इतनी जोरदार थी कि एलपी ट्रक का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वही केबिन में बैठा खलासी मौके पर ही दम तोड़ दिया मृतक खलासी वेस्ट बंगाल के बीरभूम जिला का बताया जा रहा है बताते चलें के शिकारी पड़ा थाना क्षेत्र में मुख्य पथ पर बरसात के दिनों में सड़क किनारे गिरे पेड़ हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं बावजूद प्रशासन गहरी नींद में सोए हुए हैं सड़क पर पेड़ गिरने पर आवागमन जब बाधित होता है तब प्रशासन मौके पर पहुंच कर पेड़ कटवा कर सड़क किनारे रखवा देते हैं दुर्दशा तो यह देखिए रात्रि में दो पहिया वाहन चालक व चार पहिया वाहन चालक सड़क किनारे पड़े सूखे पेड़ से टक्कर होने से घायल हो जाते हैं और उन्हें शारीरिक क्षति के साथ आर्थिक क्षति भी होती है बताते चले की दुमका रामपुरहाट मुख्य पर बिहार, बंगाल और अन्य राज्यों के लिए यह एक मुख्य पथ है इस पथ से श्रद्धालु तारापीठ, मलूटी, बैद्यनाथ धाम, बासुकीनाथ भी जाते हैं अब सूखे पड़े पेड़, हादसों को निमंत्रण दे रहे सड़क किनारे खड़े सुखे विशाल वृक्ष पर प्रशासन जल्द ही ध्यान नहीं देगी तो आने वाले समय में हादसे हो सकते हैं।

### रानीश्वर थाना क्षेत्र में विक्षिप्त की लोहे के रड से वार कर हत्या

दुमका : रानीश्वर थाना क्षेत्र के आसनबनी बाजार में एक विक्षिप्त की लोहे के रड से वार कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया हैं। विक्षिप्त युवक आसनबनी बाजार में रहता था एवं भिक्षाटन कर गुजरा करता था ।शुक्रवार के अहल सुबह वह एक सैलून के पास झाड़ू दे रहा था। उसी को लेकर विक्षिप्त के साथ कहा-सुनी हो गयी, जिसने मार-पीट का रूप ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैलून मालिक गौतम भंडारी ने विक्षिप्त पर लोहे के रड से वार कर दिया।

### सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने अस्पताल के अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

दुमकाःसिविल सोसाइटी दुमका के प्रतिनिधि मंडल द्वारा फूलों -झानो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के अधीक्षक डॉ अजय कुमार चौधरी को अस्पताल की चरमराई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सौंपा ज्ञापन।उक्त प्रतिनिधि मंडल में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कार्यकारण सदस्य अधिवक्ता संजीव कुमार दास,रामाकांत साह शामिल थे। अधीक्षक चौधरी ने ज्ञापन को लेकर सिविल सोसायटी दुमका के सदस्यों के साथ लगभग एक घंटा विंदुवार चर्चा करते हुए आस्वस्त किया कि अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा।

### गांव नामोडीह के पहाड़िया टोला को जोड़ने वाली बीस वर्ष पुराना सड़क जर्जर,ग्रामीण सरकार,प्रशासन,जन प्रतिनिधियो से जल्द मरम्मति का कर रहे है मांग

दुमका : गांव नामोडीह के पहाड़िया टोला को सालदाहा सड़क से जोड़ने वाली एक मात्र सड़क जो करीब दो किलोमीटर है,बहुत ही जर्जर स्थिति में है.जो गोपीकांदर प्रखंड के खरौनी पंचायत के अन्तर्गत पड़ता है.इसी मार्ग के माध्यम से खिलौड़ी,बेलबोनी,हीरूडीह,चिचोड़ो गांव के ग्रामीण भी आना-जाना करते है.ग्रामीणों का कहना है कि करीब 20 वर्ष पूर्व सरकार के दुवारा सड़क बनाया गया था.उसके बाद सड़क का एक बार भी मरम्मति नही किया गया है,जिस कारण सड़क बहुत जर्जर हो गया है,बड़े-बड़े चिप्स,बोल्डर निकलकर बाहर आ गये है.कई जगहो पर गड्ढे बन गया है.जिस कारण मोटर सायकिल,गाड़ी से चलना तो मुश्किल होता ही है,ग्रामीणों को पैदल चलने में भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है.बच्चो को स्कूल आने जाने में भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है.सड़क जर्जर होने के कारण एम्बुलेंस भी नही आना चाहता है.जिस कारण मरीजों,गर्भवतियो को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है.ग्रामीणों ने सड़क मरम्मति के लिय प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी आवेदन दे चुके है.ग्रामीण सरकार,प्रशासन,जन प्रतिनिधियों से मांग करते है कि सड़क का जल्द से जल्द मरम्मति करवाया जाय.इस मौके में दुर्गा देहरी, भुगेन गृही,अर्जुन देहरी,राजकिशोर देहरी,पवन कुमार देहरी,अरुण देहरी,कमल देहरी,बुधनी महारानी,सोनामुनि महारानी,सोनी महारानी,फुलमनी महारानी,पानवती रानी,शांति देवी,हेमा कुमारी,काजल महारानी,सोमी महारानी,सरोज कुमारी,लालमुनि महारानी के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.


कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बोकारो
Email-csbokaro4@gmail.com

आवश्यक सूचना

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय अन्तर्गत PRE FABRICATED HOSPITAL हेतु मशीन–उपकरण/सामग्री से संबंधित अल्प–कालिन निविदा प्रकाशित की गई है । उक्त निविदा में भाग लेने वाले इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठान मशीन–उपकरण/सामग्री की सूची एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से निविदा शुल्क 5000.00 (Five Thousand Only) का नन रिफन्डेबल राशि "CIVIL SURGEON CUM CMO BOKARO" के पदनाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा कर दिनांक–01.10.2024 से 15.10.2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बोकारो

PR 338062 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D



ई० प्रोक्यूरमेंट सेल
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल धनबाद

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0 04/2024–25/EE/BCD/DHANBAD Date :- 04-10-2024

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of SSLNT Mahila College, Dhanbad. | 86,53,100.00 | 1,73,100.00 | 10,000.00 | 06 माह। |
| 2 | Renovation & Construction of UPG Middle School Chaldhowa, Baliyapur Dhanbad | 60,12,200.00 | 1,20,300.00 | 10,000.00 | 06 माह। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 09.10.2024 03:00 बजे |
| 2. | वेबसाईट में निविदा डालने की अन्तिम तिथि/समय | :– | 16.10.2024 12:00 बजे |
| 3. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | :– | 17.10.2024 12:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अभियंता प्रमुख का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची। |
| 5. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | :– | 9973309316 |
| 6. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | :– | 7488650243 |
| 7. | परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी। | | |
| 8. | सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। | | |
| 9. | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापसी होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी। | | |

अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandterders.gov.in पर देखा जा सकता है।
Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,धनबाद

PR 338043 Building(24-25).D



झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार
बोकारो प्रक्षेत्र, बियाडा भवन, बालीडीह, बी0एस0सिटी0–14
दूरभाष संख्या–6542253731, Email.mdbiadabokaro@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री धनबाद एब्रोसिभ, कान्द्रा औ0 क्षेत्र, धनबाद, प्लॉट नं0 –C-2(P), रकवा 0.50 एकड़, के सत्वाधिकारी श्रीमति कृष्णा देवी, पति–श्री नबल किशोर अग्रवाल द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अस्वस्थ रहने के कारण इकाई को सुचारू रूप से चलाने हेतु अपने पति–श्री नबल किशोर अग्रवाल के नाम से इकाई को स्वत्वाधिकारी में परिवर्तित करना चाहती हूँ। इकाई सर्वश्री धनबाद एब्रोसिभ से सर्वश्री M/S KVN ENTERPRISES के स्वत्वाधिकारी श्री नबल किशोर अग्रवाल के नाम स्वामित्व परिवर्तन किया जाना हैं।

अतः उपर्युक्त प्रस्ताव पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करें अन्यथा निर्धारित समय अवधि समाप्ति के उपरांत प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

क्षेत्रीय निदेशक,
जियाडा, बोकारो प्रक्षेत्र

PR 337949 Industries(24-25)#D



झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

ई–निविदा सूचना संख्या धनबाद 10/2024–25 (द्वितीय आमंत्रण) तिथि– 01.10.2024

(शुद्धि पत्र)

इस कार्यालय द्वारा विज्ञापित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना संख्या–10/2024–25 (द्वितीय आमंत्रण) (PR No-337651 Drinking water and Sanitation(24-25)#D में संशोधन किया जाता है, जो निम्नप्रकार है–

1. हिन्दी के नियम व भार्ते के क्रम संख्या–02 में केवल निर्माणकर्ता या उनके प्राधिकृत विक्रेता ही निविदा में भाग ले सकते हैं एवं उन्हें विभाग में निबंधन होना अनिवार्य है। वैसे निविदादाता भी निविदा में भाग ले सकते है जिनका निबंधन विभाग में नहीं है , परन्तु अन्य सभी अर्हता एवं भार्ते पूरी करते हो परन्तु निविदा में सफल होने के उपरान्त उन्हें एकरारनामा के पूर्व विभाग में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
के स्थान पर
केवल निर्माणकर्ता या उनके प्राधिकृत विक्रेता ही निविदा में भाग ले सकते हैं एवं उन्हें सरकारी विभाग/सरकारी उपक्रम में समान कार्यानुभव हो, एव विभाग में निबंधन होना अनिवार्य है।वैसे निविदादाता भी निविदा में भाग ले सकते है जिनका निबंधन विभाग में नहीं है , परन्तु अन्य सभी अर्हता एवं भार्ते पूरी करते हो परन्तु निविदा में सफल होने के उपरान्त उन्हें एकरारनामा के पूर्व विभाग में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
2- Technical Documents के Notes to Tenders में क्रमांक 18 के बाद क्रमांक–19 में Work Experience : - The tenderers must have prior experience of the work mentioned in this tender पढ़ा जाय।

नोट :– अन्य सभी जानकारी तथा भार्ते पूर्ववत रहेंगें।

(मयंक कुमार भगत)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद

PR 338030 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

## संक्षिप्त ख़बरें

### इजरायली हमलों में 1,974 लोगों की मौत 9,384 हुए घायल : लेबनान

बेरूत (ईएमएस)। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुए हिजबुल्लाह-इजरायल संघर्ष में अब तक 1,974 लोग मारे गए हैं। इसमें 127 बच्चे और 261 महिलाएं शामिल हैं, जबकि 9,384 लोग घायल हुए हैं। अबियाद ने कहा कि इजरायली हमलों के कारण कई चिकित्सा केंद्रों को गंभीर नुकसान हुआ है, और 97 चिकित्सा एवं आपातकालीन कर्मियों की जान गई है। उन्होंने इजरायल के उस आरोप को भी नकारा जिसमें कहा गया था कि अस्पतालों में हथियार मौजूद हैं।रिपोर्टों के अनुसार, तीन इजरायली अधिकारियों ने कहा कि इजरायली सेना के पास इसकी खुफिया जानकारी थी कि हिजबुल्लाह के कमांडरों की बैठक बंकर में हो रही थी। 23 सितंबर से, इजरायल ने लेबनान में हवाई हमलों में तेजी लाई है, जिसका उद्देश्य हिजबुल्लाह का खात्मा करना बताया गया है।

### हडसन नदी पर बांग्लादेश में हिंदू हिंसा के खिलाफ एयरलाइन बैनर लहराया

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। न्यूयॉर्क में लोगों ने हडसन नदी के ऊपर और स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के चारों ओर लहराते हुए एक विशाल एयरलाइन बैनर को देखा। इस बैनर में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकने की अपील की गई थी। अब तक हिंदू समुदाय पर करीब 250 पुष्टि किए गए हमले हुए हैं और 1,000 से अधिक घटनाओं की सूचना मिली है।इवेंट के आयोजकों में से एक, सीतांशु गुहा ने कहा, बांग्लादेश में हिंदू विलुप्त होने के कगार पर हैं। उम्मीद है कि इससे सभ्य दुनिया में जागरूकता बढ़ेगी और संयुक्त राष्ट्र, बांग्लादेश में कट्टरवादी इस्लामी ताकतों के पीड़ितों को बचाने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रेरित होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बांग्लादेश हिंदू मुक्त होता है, तब यह अफगानिस्तान 2.0 बन जाएगा। इंटरफेथ ह्यूमन राइट्स गठबंधन के सदस्य पंकज मेहता ने भी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से बांग्लादेश में 1971 के नरसंहार को आधिकारिक रूप से मान्यता देने की मांग की। मेहता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को एक और जेनोसाइड को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए।अमेरिका के न्यूजर्सी में श्री गीता संघ के संस्थापक सदस्य सुरजीत चौधरी ने बांग्लादेश सरकार से अपील की कि वह हिंदू समुदाय के खिलाफ सभी हिंसा को रोके और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से राजनीतिक मतभेदों को सुलझाए।बांग्लादेश में हिंदू धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है। 2022 की जनगणना के अनुसार, लगभग 13.1 मिलियन लोग हिंदू हैं, जो 165.15 मिलियन लोगों की कुल आबादी का 7.95 प्रतिशत है। जनसंख्या के अनुसार, बांग्लादेश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हिंदू आबादी वाला देश है, लेकिन यहां कोई भी हिंदू बहुल जिला नहीं है। 64 जिलों में से 61 में हिंदू धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है।

### जॉर्जिया और उत्तरी कैरोलिना में हेलेन तूफान ने ली 200 की जान

वाशिंगटन, (ईएमएस)। अमेरिका के जॉर्जिया और उत्तरी कैरोलिना में हेलेन तूफान से हुई मौतों की सूचना के बाद इससे मरने वालों की संख्या 200 तक पहुंच गई। मीडिया रिपोर्ट में जॉर्जिया के अधिकारियों ने आठ और उत्तरी कैरोलिना ने तीन और लोगों की मौत की जानकारी दी है जिसके बाद मृतकों की संख्या 189 से बढ़कर 200 हो गई है। पश्चिमी उत्तरी कैरोलिना के पहाड़ों में लोगों को खोजने और बचाव अभियान जारी था। तूफान का सबसे ज्यादा असर इसी क्षेत्र में हुआ है। हेलेन तूफान पिछले गुरुवार को उत्तरी फ्लोरिडा से तट से टकराया था।

### हैती में घरों पर हुआ हमला, 20 की मौत, 50 घायल

#### एक गिरोह ने घरों और कारों में लगाई आग

पोंट सोनडे, (ईएमएस)। अफ्रीकी देश हैती के पोंट सोनडे शहर में एक गिरोह के हमले में 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 50 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी मानवाधिकार संगठन ने दी है। बताया जा रहा है कि ग्रान ग्रिफ गिरोह ने इस हमले को अंजाम दिया है, जिसमें घरों और कारों को आग के हवाले कर दिया गया। इस हमले के बाद कई लोग घरों को छोड़कर भाग गए। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि लोग घरों से भागते दिखाई दे रहे हैं। एक महिला की सांस फूल रही थी और वह कह रही थी कहां जाए?एक अन्य वीडियो में गिरोह के आने की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग सड़क पर भागते नजर आ रहे हैं। लोगों ने सेंट-मार्क पुलिस की आलोचना की और कहा कि पुलिस ने हमले के दौरान लोगों की मदद के लिए कोई कदम नहीं उठाया। रिपोर्ट के मुताबिक ग्रान ग्रिफ गिरोह में करीब 100 सदस्य हैं, जिन पर हत्या, रेप, डकैती और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों का आरोप है। इस घटना ने हैती में बढ़ते अपराध और गिरोह हिंसा की गंभीरता को फिर से उजागर कर दिया है, जो पहले ही एक गंभीर संकट का सामना कर रहा है।स्थानीय लोगों ने इस प्रकार की हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने की जरुरत पर जोर दिया है और सरकार से सुरक्षा की मांग की है। हैती में गिरोहों द्वारा किए जाने वाले हमले अक्सर नागरिकों के जीवन को खतरे में डाल देते हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। स्थानीय नेताओं ने घटना की निंदा की है और पीड़ितों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।

### कांगो में पलटी नौका, 78 लोगों की मौत क्षमता से ज्यादा थे यात्री

किशासा, (ईएमएस)। मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में किवु झील में एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दक्षिण किवु प्रांत के गवर्नर ने दी। उन्होंने बताया कि नाव पर 278 लोग सवार थे। जिसमें नाव पलटने से कम से कम 78 की मौत हो गई है। मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। रिपोर्ट में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नौका पर क्षमता से त्यादा यात्री सवार थे। किटुकू बंदरगाह से कुछ मीटर की दूरी पर नौका डूब गई। यह घटना उस वक्त हुई जब नौका दक्षिण किवु प्रांत के मिनोवा से उत्तर किवु प्रांत के गोमा जा रही थी। इससे पहले जून में भी राजधानी किंशासा के पास एक नौका डूबने से 80 यात्रियों की जान चली गई थी। जनवरी में माई-नडोम्बे झील में नौका डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

### किम जोंग उन ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया को दी परमाणु हमले की धमकी

#### पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच पूर्वी एशिया में तनाव बढ़ा

प्योंगयांग, (ईएमएस)। पश्चिम एशिया में ईरान, लेबनान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, वहीं पूर्वी एशिया में भी हलचल बढ़ गई है। इजरायल-हिजबुल्लाह संघर्ष के बीच, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया को परमाणु हमले की सीधी धमकी दे दी है। किम ने कहा है कि यदि उत्तर कोरिया को उकसाया या उस पर हमला किया गया, तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा और दक्षिण कोरिया को पूरी तरह खत्म कर देगा।दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने चेतावनी दी थी कि यदि किम जोंग उन ने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश की, तो उनके शासन का अंत हो जाएगा। इसके जवाब में किम ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है कि उनकी सेनाएं बिना किसी हिचकिचाहट के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेंगी। किम का यह बयान हाल के समय में परमाणु केंद्र के खुलासे और मिसाइल परीक्षणों के चलते बढ़े तनाव के बीच आया है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग उन ने बुधवार को एक विशेष अभियान बल की इकाई का दौरा किया था और कहा था कि अगर दक्षिण कोरिया उनकी संप्रभुता का अतिक्रमण करने के लिए सशस्त्र बलों का इस्तेमला करेगा तो उनकी सेना सभी आक्रामक हथियारों, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल है का इस्तेमाल करेगी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी स्थिति बनती है तो दक्षिण कोरिया का अस्तित्व मिटा देंगे। किम का यह बयान दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल द्वारा सशस्त्र सेना दिवस पर दिए गए भाषण की प्रतिक्रिया है। दोनों कोरियाओं के बीच बयानबाजी और तनाव के बढ़ने से पूरे क्षेत्र में जंग की स्थिति पैदा हो सकती है। अमेरिका की सुरक्षा चिंताओं के बीच, किम जोंग उन की ये धमकियां न केवल दक्षिण कोरिया, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी चिंता का विषय बन गई हैं।

# नसरल्लाह के अंतिम संस्कार को लेकर अमेरिका-इजराइल को सता रहा डर

### हिजबुल्लाह नेता की कब्र चरमपंथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत न बन जाए



वाशिंगटन, (ईएमएस)। हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार की तैयारियां चल रही हैं। इस बात की अटकलें हैं कि नसरल्लाह को इराक के कर्बला में दफनाया जा सकता है, लेकिन यह बेहद संवेदनशील है, न केवल हिजबुल्लाह और अरब देशों के लिए, बल्कि इजरायल और अमेरिका के लिए भी।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि नसरल्लाह का अंतिम संस्कार पूरी इस्लामिक रीति-रिवाज से किया गया, तो वह स्थान चरमपंथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत ना जाए, जिससे आतंकवाद की नई लहर शुरू हो सकती है। इस डर के चलते अमेरिका ने 2011 में ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद उसके शव को समुद्र में दफना दिया था, ताकि उसकी कब्र चरमपंथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत न बने।नसरल्लाह की इजरायली हवाई हमले में मौत हो गई थी उसके शव को लेबनान, कर्बला या ईरान के नजफ में दफनाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, हिजबुल्लाह ने अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। नसरल्लाह की मौत के बाद दुनिया भर के शिया मुस्लिम समुदाय में मातम पसरा हुआ है, और उन्हें शहीद का दर्जा दिया जा रहा है। इस स्थिति पर इजरायल और अमेरिका नजर रख रहे हैं, क्योंकि इस बात की संभावना है कि नसरल्लाह का दफन करने स्थान आतंकियों के लिए नया शहीदी स्थल बन सकता है। इजरायल की रणनीति भी अमेरिका जैसी ही है, जो आतंकियों की लाशों को अज्ञात स्थानों पर दफनाते हैं ताकि उनके समर्थक उन्हें शहीद न मान लें और उनकी कब्रों को स्मारक न बना सकें।बता दें अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन के शव डीएनए टेस्ट के बाद अरबी रीति-रिवाज से नहलाया और फिर उसे समुद्र में दफन दिया था। इजरायल भी इसी नीति का पालन करता रहा है, विशेष रूप से आतंकियों के मामले में, ताकि उनकी कब्रें चरमपंथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत न बनें। नसरल्लाह की मौत से उपजी स्थिति को देखते हुए, इजरायल और अमेरिका इस पर कड़ी नजर रख रहे हैं, और इस बात की संभावना है कि उनके अंतिम संस्कार को लेकर भी कोई बड़ी राजनीतिक और सामरिक हलचल हो सकती है।

### ईरान में जहरीली शराब पीने से 26 लोगों की मौत कई गंभीर

तेहरान (ईएमएस)। ईरान में शराब पीने पर प्रतिबंध होने के बावजूद लोग चोरी-छिपे घरों में शराब बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में माजदरान, गिलान और हमादान प्रांतों में ऐसी ही एक कोशिश में 26 लोगों की जान चली गई। इन लोगों ने मेथेनॉल मिलाकर शराब बनाने की कोशिश की, जो अंततः उनके लिए जहर बन गई। ईरान की सरकारी मीडिया इरना के अनुसार, सैकड़ों लोगों ने इस जहरीली शराब का सेवन किया, जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। कई लोग तुरंत बेहोश हो गए और उन्हें फौरन अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन 26 लोगों की मौत हो गई है। कई अन्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से शराब पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बावजूद, कई ईरानी तस्करों से शराब मंगवाते हैं या फिर यूट्यूब और सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो देखकर खुद ही शराब बनाने का प्रयास करते हैं। मेथेनॉल, जो कि एक विषैले पदार्थ के रूप में जाना जाता है, का मिलाना कई लोगों के लिए जानलेवा साबित हुआ है।

## अरब देश भी नहीं चाहते क्षेत्र में युद्ध बढ़े, शांति की कर रहे अपील

तेल अवीव, (ईएमएस)। मिडल ईस्ट में तनाव जारी है। पिछले तीन दिनों में जिस तरह के घटनाक्रम हुए हैं, उन्होंने दुनिया को दो ध्रुवों में बांट दिया है। एक तरफ अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे पश्चिमी देश इजराइल के साथ खड़े हैं, तो वहीं ओमान, बहरीन, कतर, सऊदी अरब, यूएई और खाड़ी के छह देशों वाले संगठन जीसीसी यानी गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल ने लेबनान की संप्रभुता का समर्थन किया है। हालांकि जानकारों का मानना हैं कि क्षेत्र में जो संघर्ष चल रहा है, उसमें अरब देश शामिल होना नहीं चाहेंगे।अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार कहते हैं कि ऐसा नहीं लगता कि संघर्ष में कोई देश इंगेज होंगे। लेबनान की संप्रभुता का समर्थन करना और इजराइल का विरोध करना अरब वर्ल्ड की मजबूरी है। फलस्तीन के हालात को लेकर वहां जनता के बीच सॉलिडैरिटी का प्रेशर बढ़ा है। ऐसे में अरब देश ये चाहते हैं कि ईरान पर हमला ना हो क्योंकि ऐसा होता है तो ये पूरे क्षेत्र में फैल जाएगा। इसके अलावा अरब देशों के पास फाइटिंग फोर्स भी नहीं है, उनकी सेना कमजोर है। इसलिए जोर इस बात पर है कि संघर्ष ना फैले और तनाव रुक जाए।जानकारों का कहना है कि ईरान भी शुरू से नहीं चाहता था कि वह एक सक्रिय जंग का हिस्सा बने, खासतौर से नए राष्ट्रपति की छवि सुधारवादी नेता की है, ऐसे में वह नहीं चाहते थे कि किसी संघर्ष में उलझे। हिज्बुल्लाह प्रमुख नसरल्लाह ने सीजफायर के लिए सकारात्मक संकेत दिए थे और इस संदेश को अमेरिका और फ्रांस तक पहुंचाया था। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया क्योंकि नेतन्याहू इस जंग में इतना आगे निकल चुके थे कि वह पीछे लौटना नहीं चाहते हैं। अगर इजरायल ईरान पर अटैक करता है तो यह ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम में एक मील का पत्थर होगा। ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर आक्रामक रणनीति की दिशा में काम करेगा और परमाणु बम बनाने की दिशा में भी काम करेगा और इसके लिए स्पष्टीकरण देने की कोशिश करेगा कि उसे इजरायल से खतरा है।यूं भी फलस्तीन अरब देशों में एक भावनात्मक मुद्दा है। ऐसे में वे चाहेंगे कि किसी तरह से जंग रुक जाए। ईरान अगर इजरायल पर हमला करता है तो सबको मालूम है कि किसका पलड़ा भारी है, क्षेत्र में कौन डोमिनेट करेगा, ऐसे में क्षेत्र के हालात पूरी तरह बदल जाएंगे। ऐसी स्थिति में ऐसा लगता नहीं कि पश्चिमी देश ईरान के साथ उस तरह के संघर्ष में इंगेज होंगे जैसा कि इराक के मामले में देखने को मिला था।

## नवाज शरीफ ने कहा, इमरान तो मध्य एशियाई हमलावरों की तरह व्यवहार कर रहे



लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान में सियासी टकरार एक बार फिर बढ़ने लगी है। इसकी शुरुआत खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत के बीच बढ़ते जातीय तनाव से हुई।पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रमुख नवाज शरीफ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वे मध्य एशियाई हमलावरों की तरह व्यवहार कर रहे हैं।लाहौर में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए, शरीफ ने इमरान खान पर हमला करते हुए कहा, आप (इमरान खान) मध्य एशिया के हमलावरों की तरह व्यवहार कर रहे हैं जो प्राचीन काल में पंजाब पर हमला करते थे। उन्होंने सुझाव दिया कि इमरान को केपी के लोगों को उकसाने के बजाय उनकी सेवा पर ध्यान देना चाहिए। शरीफ ने यह भी कहा कि खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है, क्योंकि उनका ध्यान केवल सड़कों पर दंगे और विरोध प्रदर्शन करने पर है।यह विवाद खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर की धमकियों के संदर्भ में उभरा है। गंडापुर ने पंजाब सरकार पर आरोप लगाया कि उसने पीटीआई की रैलियों को रोकने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, बस बहुत हो गया! यह नकली पंजाब सरकार अब हमारे लोगों पर हमला नहीं कर पाएगी। गंडापुर ने यह भी कहा कि यदि पंजाब सरकार उनके लोगों पर आंसू गैस या गोलियां चलाएगी, तो वे दोगुनी ताकत से जवाब देंगे। पंजाब प्रांतीय सरकार ने गंडापुर को चेतावनी दी है कि अगर वे पंजाब में प्रवेश करने की कोशिश करेंगे तो उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पंजाब की सूचना मंत्री अजमा बुखारी ने गंडापुर को पंजाब में प्रवेश करने की चुनौती दी और कहा, मैं तुम्हें एक बार अटक पुल पार करने की चुनौती देती हूं। फिर तुम देखोगे कि हम तुम्हारे साथ क्या करते हैं।इस स्थिति ने पाकिस्तान में राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया है, जिसमें इमरान खान और उनकी पार्टी के प्रति लगातार विरोध और आरोप लगते रहे हैं। नवाज शरीफ की टिप्पणियों ने इस विवाद को और गर्म कर दिया है, जिससे दोनों पक्षों के बीच टकराव की संभावना बढ़ गई है। राजनीतिक हालात को देखते हुए यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान में आगामी समय में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, और राजनीतिक नेतृत्व को चाहिए कि वे संवाद और समझौते के माध्यम से स्थिति को संभालें।

## अमेरिका के आसमान में दिखा विशालकाय पोस्टर बांग्लादेश के हिंदुओं पर हमले को लेकर विरोध




न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिका के हिंदुओं के समूहों ने न्यूयॉर्क में एक विशालकाय एयरलाइन बैनर फहराया। इस बैनर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए वैश्विक समुदाय से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की अपील की गई थी। यह बैनर हडसन नदी के ऊपर फहराया गया और इसने स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के चारों ओर चक्कर भी लगाया। बांग्लादेश हिंदू समुदाय के सीतांगशु गुहा और बैनर के इस कार्यक्रम आयोजकों में से एक ने इस खतरे के बारे में बात करते हुए कहा, बांग्लादेश में हिंदू खत्म होने के कगार पर हैं। उम्मीद है कि इससे दुनिया में जागरूकता बढ़ेगी और संयुक्त राष्ट्र बांग्लादेश में उग्रवादी इस्लामी ताकतों के पीड़ितों को बचाने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रेरित होगा। उन्होंने आगे कहा, अगर बांग्लादेश हिंदू मुक्त हो जाता है तो यह अफ़ग़ानिस्तान 2.0 बन जाएगा और आतंकवादी पड़ोसी भारत और पश्चिम सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में फैल जाएंगे। यह समस्या सबके लिए है।अमेरिका के न्यू जर्सी में श्री गीता संघ के संस्थापक सुरजीत चौधरी ने बांग्लादेश सरकार से हिंदू समुदाय के खिलाफ सभी हिंसा को रोकने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से राजनीतिक मतभेदों को दूर करने का आग्रह किया। मानवीय संस्थाएं बांग्लादेश में बिगड़ती स्थितियों पर बारीकी से नज़र रख रही हैं। उन्हें डर है कि बढ़ती हिंसा बड़े पैमाने पर नरसंहार का कारण बन सकती है। जब तक कि हिंसा बंद नहीं हो जाती और अपराधियों को सजा नहीं मिलती अमेरिकियों से बांग्लादेशी कपड़ो का बहिष्कार करने की भी अपील की जा रही है जो देश की निर्यात आय का 85 प्रतिशत हिस्सा है। बांग्लादेशी कपड़ो के प्रमुख खरीदारों में शामिल वॉलमार्ट, एचएंडएम, गैप इंक।, टारगेट, पीवीएच कॉर्प और वीएफ कॉरपोरेशन के अधिकारियों से बांग्लादेश से शिपमेंट रोकने की अपील की गई है। अमेरिका में यहूदी समुदाय ने भी हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ एकजुटता दिखाई है। गौरतलब है कि 2022 में अमेरिकी कांग्रेस के रिजॉल्यूशन के मुताबिक बांग्लादेश में 1971 के नरसंहार के दौरान 2।8 मिलियन लोगों की मौत हुई थी और कम से कम 2 लाख हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ था। तब से बांग्लादेश की हिंदू आबादी 1971 में 20 प्रतिशत से घटकर आज केवल 8।9 प्रतिशत रह गई है। हिंसा, लिंचिंग, नाबालिग लड़कियों के अपहरण, और जबरन नौकरी से इस्तीफा देने की हालिया घटनाओं के बीच लगभग 2 लाख से अधिक हिंदू प्रभावित हुए हैं। साथ ही उनकी संपत्ति भी जब्त की गई है। यह देश में रहने वाले 13 से 15 मिलियन हिंदुओं के लिए एक गंभीर खतरा है। 5 अगस्त 2024 से हिंदुओं पर लगभग 250 हमले और 1,000 से अधिक ऐसी घटनाएं सामने आईं हैं।

### बांग्लादेश में राजनीति में नया मोड़ः मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में अंतरिम सरकार के फैसले

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से राजनीतिक हालात लगातार बदल रहे हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया है। उनके नेतृत्व में बांग्लादेश की सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जिनसे भारत में चिंताएं बढ़ी हैं। हाल ही में मोहम्मद यूनुस की सरकार ने नई दिल्ली में अपने उच्चायुक्त सहित पांच दूतों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब बांग्लादेश के घरेलू प्रशासन और डिप्लोमेटिक सर्विसेज में फेरबदल चल रहा है। सरकार ने भारत, ब्रसेल्स, कैनबरा, लिस्बन और न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के दूतों को तुरंत वापस लौटने का आदेश दिया है, ताकि वे विदेश मंत्रालय में रिपोर्ट कर सकें। उच्च पदस्थ अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय पिछले कुछ सप्ताह में हुए राजनीतिक यूपीहीवेल का हिस्सा है, जिसमें 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में बड़े जन-विद्रोह के बाद शेख हसीना की सरकार को हटाया गया था।

## न्यूजर्सी में 18 वर्षीय युवक गिरफ्तार मॉल के बाथरूम में छिपाए थे कैमरे




न्यूयॉर्क (ईएमएस)। हाल ही में न्यूजर्सी में एक 18 वर्षीय युवक एंडी कार्डेनास को गिरफ्तार किया गया, जिसने लोगों के प्राइवेट मोमेंट्स को रिकॉर्ड करने के लिए मॉल के बाथरूम में कैमरे छिपा दिए थे। इस प्रकार की घटना ने न केवल पीड़ितों की जिंदगी बर्बाद की, बल्कि समाज में प्राइवेसी के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे को भी उजागर किया है। एंडी कार्डेनास की गिरफ्तारी उस समय हुई जब एक महिला ने न्यूपोर्ट सेंटर मॉल के जेसी पेनी स्टोर के बाथरूम में कैमरा देखा। महिला ने तुरंत प्रशासन को सूचित किया, जिसने मौके पर पहुंचकर कैमरा जब्त किया। जब पुलिस ने कैमरे की जांच की, तो उन्हें पता चला कि युवक ने विभिन्न बाथरूम में कई कैमरे लगाए थे और दर्जनों लोगों के प्राइवेट पल रिकॉर्ड किए थे। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि कैमरों में 35 महिलाओं और चार नाबालिग लड़कियों के वीडियो शामिल थे। इसके अलावा, एक वीडियो में एक कपल को बाथरूम में रोमांटिक पल बिताते हुए भी रिकॉर्ड किया गया था। यह जानकर पुलिस को और भी हैरानी हुई कि युवक ने कुछ कैमरे प्राइवेट घरों के बाथरूम में भी छिपाए थे। अधिकारियों ने बताया कि एंडी की तस्वीर एक वीडियो में कैद हो गई थी, जो उसकी पहचान में मददगार साबित हुई। हालांकि, पुलिस को यह जानने में कठिनाई हुई कि युवक यह आपराधिक कृत्य कितने समय से कर रहा था, क्योंकि वीडियो में किसी प्रकार की डेट या टाइम नहीं था। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि समाज में प्राइवेसी का उल्लंघन कितनी गंभीर समस्या बनती जा रही है। इस प्रकार के कृत्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि निर्दोष लोगों की ज़िंदगी और प्रतिष्ठा को बर्बाद होने से बचाया जा सके। इस घटना ने पुलिस और समुदाय को जागरूक करने की आवश्यकता को भी उजागर किया है, ताकि ऐसी घिनौनी हरकतों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

### पिकअप से जा भिड़ी महाराष्ट्र के मंत्री की गाड़ी, बाल-बाल बचे

यवतमाल (ईएमएस)। पोहरा देवी से यवतमाल की तरफ जा रहे महाराष्ट्र के पालक मंत्री संजय राठौड़ की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में राठौड़ की गाड़ी का अगला हिस्सा टूट गया। हालांकि, गनीमत रही कि किसी तरह मंत्री और उनका ड्राइवर इस हादसे में बाल-बाल बच गये।जानकारी के मुताबिक हादसा यवतमाल के दिग्रास के पास कोपरा में हुआ। पालक मंत्री संजय राठौड़ की गाड़ी एक पिकअप वाहन से टकरा गई। पिकअप में पीछे से हुई इस टक्कर के बाद पिकअप गाड़ी पलट गई और उसमें सवार ड्राइवर घायल हो गया। वहीं, मंत्री संजय राठौड़ की गाड़ी का अगला हिस्सा टूट गया। हालांकि, गाड़ी का एयर बैग खुलने से मंत्री राठौड़ और ड्राइवर बच गए।बता दें कि तीन महीने पहले जुलाई 2024 के महीने में केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद भी सड़क हादसे का शिकार हो गये थे। हादसे के समय वह अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के दौरे पर थे। दुर्घटना में वह घायल हो गये थे। मंत्री की गाड़ी काफिले में चल रही एक गाड़ी से टकरा गई थी। जितिन प्रसाद सहित रसोइया और निजी सचिव इस हादसे में घायल हो गये थे। हालांकि, केंद्रीय मंत्री रास्ते में क्षतिग्रस्त गाड़ी को छोड़कर दूसरी गाड़ी से कार्यक्रम के लिए रवाना हो गये थे।

### मिसाइल प्रोजेक्ट चीफ महमूद यूसुफ अनीसी इजरायल ने हमला कर किया ढेर

तेल अवीव (ईएमएस)। इजरायली रक्षा बलों ने दावा किया है कि हिज्बुल्लाह की मिसाइल प्रोडक्शन यूनिट के चीफ एक्सपर्ट महमूद यूसुफ अनीसी को मार गिराया है। इजरायली सेना ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर बेरूत में यह ऑपरेशन चलाया था। आईडीएफ के मुताबिक महमूद यूसुफ अनीसी के पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में व्यापक अनुभव था। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा, महमूद यूसुफ अनीसी ने 15 वर्षों से अधिक समय तक हिज्बुल्लाह के लिए रणनीतिक हथियारों के विकास पर सक्रिय रूप से काम किया। वह टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हिज्बुल्लाह के प्रमुख विशेषज्ञों में से एक बन गया और अपने अनुभव का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए हथियार निर्माण में करने लगा।वहीं दूसरी तरफ खबर आई की हसन नसरल्लाह का उत्तराधिकारी माने जा रहे हाशिम सफीद्दीन को भी इजरायल ने निशाना बनाया है। सूत्रों के हवाले से बताया कि इजरायल ने बेरूत में एक हवाई हमले में हिज्बुल्लाह के वरिष्ठ अधिकारी हाशिम सफीद्दीन को निशाना बनाया, जिसे ईरान समर्थित मिलिशिया समूह का अगला चीफ माना जा रहा है। हालांकि, आईडीएफ या हिज्बुल्लाह की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। रिपोर्ट के मुताबिक संभवतः सफीद्दीन एक बंकर में हिज्बुल्लाह के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहा था, तभी गुरुवार आधी रात को इजरायल ने बेरूत पर भीषण हवाई हमले किए। इजरायल द्वारा नसरल्लाह को मारने के बाद से यह क्षेत्र में सबसे भारी बमबारी में से एक थी। लेबनानी मीडिया के हवाले से कहा, ताजा इजरायली हमला नसरल्लाह की हत्या से कहीं बड़ा था। हताहतों की संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है।

### इंडोनेशिया में भूकंप का झटका कोई नुकसान नहीं

जकार्ता, (ईएमएस)। इन दिनों दुनियां के अलग-अलग हिस्सों में भूकंप के मामले बढ़ते नजर आए हैं। वैसे कुछ ऐसे भी देश हैं जहाँ भूकंप के झटके महसूस वक्त-वक्त पर होते रहते हैं। इनमें इंडोनेशिया भी शामिल है, जहां शुक्रवार तड़के भूकंप आया है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.8 मापी गई है। भूकंप के इस झटके से किसी तरह के कोई जान-माल के नुक्सान की कोई सूचना नहीं है।भूकंप के संबंध में बताया गया है कि भूकंप इंडोनेशिया के टोबेलो से 119 किलोमीटर नॉर्थ में आया है। भारतीय समयानुसार इंडोनेशिया में शुक्रवार 4 अक्टूबर तड़के 2 बजकर 23 मिनट पर भूकंप का झटका आया। इंडोनेशिया की जियोफ़िज़िक्स एजेंसी ने भूकंप की पुष्टि करते हुए बताया है कि आज आए इस भूकंप की गहराई 157.8 किलोमीटर रही है। भूकंप का केंद्र ज्यादा गहराई में होने से इसका हल्का झटका ही संबंधित क्षेत्रों के साथ ही आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया है। सुकून की बात यह है कि इस भूकंप से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज सीरीज में जीत की प्रबल दावेदार

### अबतक जीते हैं 14 में से 13 मैच

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम अब 6 अक्टूबर से बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में खेलने उतरेगी। इसका पहला मैच 6 अक्टूबर से शुरु होगा। टेस्ट सीरीज की तरह ही इसमें भी भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दोनो ही टीमों के बीच अभी तक 14 टी20 मैच हुए हैं जिसमें बांग्लादेश ने केवल एक ही मैच जीता है। वहीं भारतीय टीम ने 13 मैच जीते हैं। दोनों ही टीमों के बीच अंतिम टी20 मुकाबला इसी साल जून में हुआ था जिसे भारतीय टीम ने जीता था। वहीं भारतीय टीम को अबतक केवल एक हार साल 2019 में मिली थी। यह मैच दिल्ली में हुआ था और भारतीय टीम ने इसमें 6 विकेट खोकर 148 रन बनाए थे। इसके बाद बांग्लादेश ने केवल तीन विकेट के नुकसान पर ही ये लक्ष्य प्राप्त कर लिया था।



भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज में सबसे अधिक रन रोहित शर्मा के नाम हैं। रोहित ने 13 मैचों में 36.69 की औसत के साथ 477 रन बनाए हैं। रोहित हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के कारण अब भारतीय टीम में नहीं हैं। वहीं, बांग्लादेश की ओर से सब्बीर रहमान ने भारत के खिलाफ 6 टी20 मैचों में सबसे अधिक 236 रन बनाए हैं।

दोनो देशों के बीच टी20 सीरीज में सबसे अधिक 9 विकेट युजवेंद्र चहल ने लिए हैं। चहल ने 6 मैचों में यह विकेट लिए हैं। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ एक टी20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट दीपक चाहर के नाम 8 विकेट हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश की बात करें तो तेज गेंदबाज अल-अलीम-हुसैन ने भारतीय टीम के खिलाफ टी20 मैचों में सबसे अधिक 8 विकेट लिए हैं। यह विकेट उन्होंने 7 मैचों में लिए हैं। इस बार भारतीय टीम में रोहित के अलावा विराट कोहली और रविन्द्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों के नहीं होने से युवाओं के पास बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर रहेगा।



हांगकांग में डब्लयूटीए ओपन टेनिस में खेलती हुई ऑस्ट्रेलिया की एजला टोमलीजेनोविक।

## ओटीटी के जरिये मुफ्त में देख सकते हैं भारत-बांग्लादेश टी20 सीरीज

मुम्बई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाली टी20 सीरीज का पहला टी20 6 अक्टूबर को, दूसरा 9 अक्टूबर को और तीसरा टी20 12 अक्टूबर को खेला जाएगा। इन मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग भी होगी। ऐसे में आप मुफ्त में ओटीटी के जरिए इन मैचों को देख सकते हैं। भारत-बांग्लादेश टी20 के सभी मैच शाम 7:00 बजे से खेले जाएंगे।

दोनों टीमों के बीच अंतिम बार मुकाबला टी20 विश्व कप 2024 में हुआ था। तब भारतीय टीम ने 50 रनों से जीत हासिल की थी। दोनो ही टीमों के बीच अभी तक 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं। इसमें से 13 मुकाबलों में भारतीय टीम जीती है जबकि एक मैच बांग्लादेश ने जीता है। भारत की टी20 टीम इस प्रकार हैः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव

बांग्लादेश की टी20 टीमः नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहिद हृदोय, महमूदुल्लाह, लिटन दास, जाकिर अली, मेहदी हसन मिराज, मेंहदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

## टी20 विश्व कप के बाद ही कप्तानी छोड़ना चाहते थे बाबर

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान बाबर आजम के इस्तीफे के बाद आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाबर कोच गैरी कर्स्टन और सहायक कोच अजहर महमूद की टिप्पणियों से नाराज थे। वह टी20 विश्व कप के बाद ही बाबर कप्तानी छोड़ना चाहते थे। आजम का मानना था कि टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए केवल उन्हें ही दोषी ठहराया जा रहा था। कर्स्टन की रिपोर्ट के कुछ हिस्सों के सार्वजनिक होने के बाद से ही बाबर ने पीसीबी को अपने पद छोड़ने के संकेत दे दिये थे। बाबर इस बात से निराश थे कि पीसीबी ने उनके पिछले प्रदर्शन और परिणामों पर विचार नहीं किया। बोर्ड ने उन पर जरूरी विश्वास और भरोसा भी नहीं दिखाया। इससे पहले कर्स्टन ने बोर्ड को अपनी रिपोर्ट में ड्रेसिंग रूम के माहौल के साथ-साथ इंग्लैंड और टी20 कप विश्व कप में कुछ खिलाड़ियों के व्यवहार और सहयोग न देने पर भी बात की थी। कर्स्टन का मानना था कि कप्तान के तौर पर बाबर में दबाव झेलने की क्षमता नहीं थी। उनके मुताबिक पिछले साल से मानसिक तनाव और आलोचना के बाद एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में टीम में उनकी भूमिका अधिक जरुरी है।

पीसीबी सफेद गेंद प्रारूप में अभी एकदम से कप्तान के नाम की घोषणा नहीं करेगी। उसने चयनकर्ता असद शफीक और चयन समिति के कुछ सदस्यों से गहन विचार विमर्श करने के बाद नाम की सिफारिश करने को कहा है। वहीं बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह चयन समिति द्वारा सभी आधिकारिक चर्चाओं की जानकारी चाहते हैं। इसके अलावा कोच से भी इस बारे में राय ली जाएगी। '

## श्रीलंका के खिलाफ आज होने वाले मुकाबले के लिए लिचफील्ड की ऑस्ट्रेलियाई टीम में हो सकती है वापसी



### टी20 महिला विश्व कप

शारजाह (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया की टीम महिला टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में शनिवार को श्रीलंका से खेलेगी। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम को उभरती हुई बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड के खेलने की उम्मीद है। लिचफील्ड कमर दर्द के कारण इससे पहले हुए दोनों ही अभ्यास मैचों से बाहर रहीं हैं पर उसके श्रीलंका के खिलाफ इस टी20 मैच के लिए फिट होने की उम्मीद है। लिचफील्ड के खेलने की उम्मीद इसलिए है क्योंकि उसने प्रशिक्षण में भाग लिया जिससे उसके चयन की संभावनाएं जतायी जा रही हैं। वहीं लिचफील्ड ने कहा, अभ्यास मैचों से बाहर रहना कठिन था पर अब में बेहतर अनुभव कर रही हूं। मैं मैदान पर वापस आने और टीम में योगदान देने को लेकर उत्साहित हूं। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली बार यहां कोई मैच खेलने जा रही है। जिसके कारण उसके लिए यहां श्रीलंकाई गेंदबाज परेशानी खड़ी कर सकते हैं।यहां शुरुआती मैच में स्पिनर हावी रहे हैं। दो मैचों में स्पिनरों ने कुल 22 विकेट लिए हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया कि हालात धीमी गति के गेंदबाजों के अनुरुप होंगे। लिचफील्ड ने कहा, मेरे लिए, यह पल में बने रहने और जितनी जल्दी हो सके हालातों को समझने के बारे में है। शारजाह एक चुनौती होने जा रहा है, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। इस मैच में लेग स्पिनर एलाना किंग और ग्रेस हैरिस को भी अवसर मिल सकता है। एलाना जहां लेग स्पिनर हैं, वहीं ग्रेस स्पिन ऑलराउंडर हैं।

## ब्राजील ने विश्वकप फुटबॉल क्वालीफायर के लिए ब्रेमर की जगह बेराल्डो को शामिल किया

ब्रासीलिया (ईएमएस)। ब्राजील ने चोटिल ग्लीसन ब्रेमर की जगह डिफेंडर लुकास बेराल्डो को चिली के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मुकाबले के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। ये मैच चिली और पेरू के बीच होगा। वहीं जुवेंटस के डिफेंडर ब्रेमर को बुल लिपजिग के खिलाफ हुए चैंपियंस लीग मुकाबले के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गयी थी। इसके लिए अब उनकी सर्जरी होगी।

वहीं ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर ने कहा, ब्रेमर के गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें उबरने के लिए आराम की जरुरत है। इससे वह जल्द से जल्द वापस कर सकेंगे। उसकी जगह, हम बेराल्डो को शामिल करेंगे।ब्राजील का सामना सैंटियागो में 10 अक्टूबर को क्वालीफायर के नौवें दौर में चिली से होगा। इसके बाद उसे 15 अक्टूबर को ब्रासीलिया में पेरू से खेलना है। अभी तक आठ मैचों के बाद दस अंकों के साथ, ब्राजील अंक तालिका में पांचवें स्थान जबकि चिली पांच अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

## विश्व कप जीतना लक्ष्य था : रोहित

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अहमदनगर में एक क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया। इस दौरान रोहित ने कहा कि विश्वकप जीतना उनका लक्ष्य था और उसे जीतकर उन्हें ऐसा लगा जैसे नया जीवन मिल गया हो। भारतीय टीम ने रोहित की कप्तानी में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुआ टी20 विश्वकप जीता था। इस प्रकार भारतीय टीम ने एक दशक के बाद कोई आईसीसी खिताब जीता था। इससे पहले भारतीय टीम को गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्वकप में हार का सामना करना पड़ा था। तब रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने एकदिवसीय विश्व कप में अपने शुरुआती 10 मैच जीते थे पर अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। रोहित ने अकादमी का उद्घाटन करते कहा कि विश्व कप जीतने के बाद जिस प्रकार की खुशी हुई उससे मुझे लगा की एक नया जीवन मिल गया है। उन्होंने कहा कि हम यहां अपनी क्रिकेट अकादमी शुरू कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि इस अकादमी से हमें यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी मिलेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज के बाद में शानदार जीत के बाद रोहित और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों को टी20 सीरीज से आराम दिया गया है।

## वेस्टइंडीज क्रिकेट के केन्द्रीय अनुबंध में पूरन और रसेल सहित कई दिग्गजों को नहीं मिली जगह

जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा कर दी है। इसमें निकोलस पूरन और आंद्र रसेल सहित कई बड़ी नाम शामिल नहीं हैं। इन दोनो के आलसा ऑलरांउडर जेसन होल्डर और शिमरोन हेटमायर को भी अनुबंध नहीं दिया गया है। बोर्ड और वेस्टइंडीज प्लेयर्स एसोसिएशन के बीच हुए करार को देखते हुए इस बार एक साल के अलावा मल्टीपल ईयर कॉन्ट्रैक्ट 2026 तक के लिए दिया है। मल्टीपल ईयर कॉन्ट्रैक्ट के तहत दो साल के लिए खिलाड़ियों से करार हुआ है। इसमें एकदिवसीय कप्तान शाई होप और अन्य 6 पुरुष खिलाड़ियों अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी



और जेडेन सील्स को मल्टीपल ईयर कॉन्ट्रैक्ट मिला है। वहीं महिला खिलाड़ियों में शेमैन कैम्पबेल, हेली मैथ्यूज और स्टेफनी टेलर तीन महिला खिलाड़ियों को भी ये अनुबंध मिला है। बल्लेबाज कावम हॉज और ऑलराउंडर अश्मिनी मुनीसर को पहली बार केन्द्रीय अनुबंध मिला है। केन्द्रीय अनुबंध में कई बड़े खिलाड़ियों को अवसर नहीं मिला है। पूरन के साथ ही रसेल जैसे आक्रामक खिलाड़ी का नाम भी शामिल है।

मल्टीपल ईयर कॉन्ट्रैक्ट

पुरुष खिलाड़ीः शाई होप, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, जेडेन सील्स।

महिला खिलाड़ीः शेमैन कैम्पबेल, हेली मैथ्यूज, स्टेफनी टेलर।

एक साल का कॉन्ट्रैक्ट

पुरुष खिलाड़ीः एलिक अथानाजे, क्रेग ब्रैथवेट, केसी कार्टी, रोस्टन चेज, जोशुआ दा सिल्वा, कावम हॉज, अकील होसेन, रोमारियो शेफर्ड, रोवमैन पॉवेल।

महिला खिलाड़ीः आलिया एलीन, शमीलिया कॉनेल, डिंड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेजर, चिनेले हेनरी, जायदा जेम्स, किआना जोसेफ, अश्मिनी मुनीसर, चेडिन नेशन, करिश्मा रामहरक, रशादा विलियम्स।

## मणिपाल टाइगर्स ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सुपर ओवर में टॉयम हैदराबाद को रहाया



जम्मू (ईएमएस)। कप्तान हरभजन सिंह की टीम मणिपाल टाइगर्स ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के एक रोमांचक सुपर ओवर मुकाबले में टॉयम हैदराबाद को हरा दिया इसी के साथ ही मणिपाल ने इस टूर्नामेंट में पहला मुकाबला जीता है। इस मैच में निर्धारित 20 ओवरों में दोनो ही टीमों ने 7 विकेट पर 144 रन बनाए थे। सुपर ओवर में टॉयम हैदराबाद ने 2 विकेट पर केवल 4 रन बनाए। वहीं इसके बाद मणिपाल टीम ने तेजी से 3 गेंदों में 9 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

इस मैच में मणिपाल टाइगर्स की ओर से पहले बल्लेबाजी करने हुए फिल मस्टर्ड और मनोज तिवारी ने पहले विकेट के लिए 20 रन बनाये। थिसारा पेरेरा 48 रन बनाकर नाबाद रहे। मणिपाल ने 20 ओवर में सात विकेट पर 144 रन बनाये। टॉयम हैदराबाद की ओर से बिपुल शर्मा (2/20) और गुरकीरत सिंह (2/24) सबसे सफल गेंदबाज रहे। नुवान प्रदीप और इसुरु उदाना ने पारी में एक-एक विकेट लिया।

वहीं जीत क लिए 145 के लक्ष्य का पीछा करते हुए,शॉन मार्श के 35 गेंदों में 38 रन की शानदार पारी और कप्तान गुरकीरत सिंह मान के 35 गेंदों में 37 रन की सहायता से टॉयम हैदराबाद ने भी सात विकेट पर 144 रन बनाये। मणिपाल टाइगर्स के लिए राहुल शुक्ला ने (2/48) ने पारी में दो विकेट लिए। वहीं प्रवीण गुप्ता (1/21), असेला गुणरत्ने (1/16) और ओबुस पिएनार (1/12) ने भी एक-एक विकेट लिया। इसके बाद मुकाबला सुपर ओवर में पहुंचा। इसमें टॉयम हैदराबाद ने सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 गेंदों में केवल 4/2 रन बनाए। इसके आद केवल 5 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए थिसारा परेरा और डेनियल ने केवल तीन गेंदों में ही ये लक्ष्य हासिल कर लिया।

## आईसीसी टी20 विश्व कप : पाकिस्तान की महिला टीम ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को हराया



शारजाह (ईएमएस)। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम ने अपने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के अपने पहले ही मुकाबले में श्रीलंका को हरा दिया। इस मैच में पाक महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 9 विकेट पर 85 रन ही बना पायी। इस मैच में पाक की टीम को गेंदबाजों ने जीत दिलायी। वहीं उसके बल्लेबाज विफल रहे। अब पाक का सामने दूसरे मैच में 6 अक्टूबर को भारतीय टीम से होगा। श्रीलंका के खिलाफ पाक कप्तान फातिमा सना ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोने में ही अपने टीम की जीत में योगदान दिया।

शारजाह में खेले गए इस मैच में पाक टीम ने श्रीलंका को जीत के लिए 117 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 52 रनों पर ही उसके पांच विकेट गिर गये। नीलाकक्षी डि सिल्वा के 22 रन और विशमी गुणारत्ने के 20 रनों के अलावा अन्य बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पायीं। . दूसरी ओर पाक की ओर से सादिया इकबाल ने 3 विकेट जबकि फातिमा सना, ओमैमा सुहैल और नाशरा संधू ने दो दो विकेट लिए।

## आईएसएल फुटबॉल में ओडिशा एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी का मुकाबला बराबरी पर रहा



भुवनेश्वर (ईएमएस)। ओडिशा एफसी का यहां खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल 2024-25 मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स एफसी से मुकाबला 2-2 से बराबरी पर रहा। इस प्रकार दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिला है। इस रोमांचक मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स की ओर से नौहा सदौई ने 18वें और हेसुस जिमेनेज ने 21वें मिनट में गोल दागे। दूसरी ओर ओडिशा एफसी की ओर से मिडफील्डर एलेक्जेंडर कोएफ़ ने गलती से 29वें मिनट में एक आत्मघाती गोल कर दिया। वहीं डिएगो मौरिसियो ने 36वें मिनट में एक गोल किए। इस प्रकार मुकाबला बराबरी पर आ गया।

अब ओडिशा एफसी चार मैचों के बाद एक जीत, एक ड्रा और दो हार के साथ ही चार अंक लेकर तालिका में दसवें से नौवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं केरला ब्लास्टर्स एफसी चार मैचों में एक जीत, दो ड्रा और एक हार के साथ ही कुल पांच अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर फिसल गयी है।

## अंगद विजाग ओपन गोल्फ में शीर्ष पर पहुंचे

विशाखापत्तनम (ईएमएस)। गोल्फर अंगद चीमा विजाग ओपन में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। अंगद ने एक करोड़ रुपये की ईनामी राशि के विजाग ओपन के दूसरे दौर में 10 अंडर 61 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला। इससे वह नंबर एक स्थान पर पहुंच गये। पीजीटीआई रैंकिंग में अभी चौथे स्थान पर चल रहे अंगद का दो दौर के बाद कुल स्कोर 12 अंडर 130 का है जिससे वह अभी चार शॉट की बढ़त पर हैं। इस सत्र में अभी तक छह बार शीर्ष 10 में रहे अंगद ने पहले दौर में 69 का कार्ड खेला था। वहीं पटना के अमन राज 66 और 68 के कार्ड के साथ ही आठ अंडर 134 के कुल स्कोर के साथ ही दूसरे स्थान पर रहे हैं। वहीं बेंगलुरू के आर्यन रूपा आंनद उनसे एक शॉट पीछे तीसरे स्थान पर है जिन्होंने 67 और 68 के कार्ड खेले।



बुडापेस्ट में यूरोपा लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

## यूरोपा लीग में यूनाइटेड और पोर्टो का मुकाबला 3-3 से बराबरी पर

बुडापेस्ट (ईएमएस)। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में जारी यूरोपा लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड और पोर्टो के बीच मुकाबला 3-3 से ड्रॉ रहा। वहीं इससे पहले टोटेनहम ने यूरोपा लीग के दो में से दो मैच जीत लिए थे। मार्कस रैशफोर्ड और रैसमस होजलुंड के गोलों से यूनाइटेड ने 2-0 की बढ़त हासिल की। वहीं हैरी मैगुएर ने स्टॉपेज-टाइम हैडर के जरिये पोर्टो यूनाइटेड की ओर से एक अंक बचाया। वहीं सैमू ने ब्रेक से पहले पोर्टो की ओर से बराबरी का गोल किया।

ब्रूनो फर्नांडीस को दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने से पहले सैमू ने अपना दूसरा गोल कर पोर्टो को बढ़त दिला दी। पोर्टो जीत के करीब पहुंच गया था पर तभी मैगुएर ने क्रिश्चियन एरिक्सन के कॉर्नर पर हेडर के जरिये गोल कर यूनाइटेड को बराबरी पर ला दिया। इस मुकाबले में पहले हाफ के मध्य में ही मेहमान टीम ने बढ़त बना ली थी।



## संक्षिप्त खबरें

### जिंगल बेल्स फन स्कूल कार्मिक नगर में नवरात्री का आयोजन



धनबाद । 04 अक्टूबर को जिंगल बेल्स फन स्कूल कार्मिक नगर में नवरात्री का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चे पारंपरिक वेश-भूषा में आए। डांडिया नृत्य का भी आयोजन किया गया था। बच्चे और शिक्षिकाएं मिलकर (डांडिया) नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों को दशहरा के बारे में बताया गया और कट-पुतली के माध्यम से बच्चों को दशहरा की कहानी सुनाई गई। मौके पर प्राचार्या रेणु सिंह , प्रबंधक की तरफ से श्रीमती रूबी सिंह, रागनी जी ,शर्मिष्ठा मैंम उपस्थित थे।और शिक्षिका संगीता प्रसाद, मनोरमा, खुशबू, संगीता तिवारी, रीतीका, तृषा , अंजली, ईशु, श्वेता, प्रियंका । संध्या, रीता, भारती और जगालू दत्ता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### स्माइली किड्स धैया में गरबा का आयोजन



धनबाद । 4 अक्टूबर को स्माइली किड्स धैया में गरबा का आयोजन किया जहां छोटे-छोटे बच्चे गरबा परिधान में माता दुर्गा के आगमन का स्वागत करते दिखे। बच्चों के साथ शिक्षक भी खूब मस्ती करते नजर आए । शिक्षिका सुमन गुप्ता, सुष्मिता राय, सोनी साव, श्वेता मिश्रा, जयंती टांक, रिया बनर्जी के साथ प्रधानाध्यापिका रूपा सिंह भी नवरात्र के रंग में रंगी हुई दिखी। इस अवसर सुशीला जी और गुड़िया जी भी बच्चों के साथ मौजूद थी। इस अवसर को ले रूपा सिंह बताती है की हमारा उद्देश बच्चों को पढ़ाने के साथ अपने सभ्यता संस्कृति से भी अवगत कराना है। स्माइली किड्स की तरफ से सभी को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं माता दुर्गा सभी के जीवन में खुशियां भरें और स्वास्थ्य रखें।

### नवरात्रि मेला के अवसर पर मैहर स्टेशन पर 5 जोड़ी ट्रेनों का किया गया अस्थायी ठहराव

धनबाद, ( हाजीपुर ), नवरात्रि मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित गाड़ियों का 5 मिनट का अस्थाई ठहराव मैहर स्टेशन पर प्रदान किया गया ।डाउन दिशा की ट्रेनें ,वलसाड से 05 से 12 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 15.25 बजे पहुँच कर 15.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर से 04 से 11 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 11045 छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 17.30 बजे पहुँच कर 17.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 07 से 14 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 10.50 बजे पहुँच कर 10.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। पूर्णा जं. से 03 से 10 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 17610 पूर्णा जं.-पटना एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 10.50 बजे पहुँच कर 10.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।बांद्रा टर्मिनस से 07 से 14 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 22971 बांद्रा टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 15.25 बजे पहुँच कर 15.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

अप दिशा की ट्रेनें, मुजफ्फरपुर से 07 से 14 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 12.00 बजे पहुँच कर 12.05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। धनबाद से 07 से 14 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 11046 धनबाद-छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 22.35 बजे पहुँच कर 22.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।रक्सौल से 05 से 12 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 11.40 बजे पहुँच कर 11.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।पटना से 05 से 12 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 17609 पटना-पूर्णा जं. एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 17.25 बजे पहुँच कर 17.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। पटना से 2 से 16 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 22972 पटना-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर 8.25 बजे पहुँच कर 8.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।उक्त जानकारी सरस्वती चन्द्र मुख्य जनसंपर्क अधिकारी नें कोयलांचल संवाद, समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार, आर एन चौरसिया को दी l

### अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद की हुई शादी

काबुल (ईएमएस)। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने शादी कर ली है। धूमधाम से हुई इस शादी में कई क्रिकेटर और अफगान बोर्ड के सीईओ नसीब खान और अधिकारी भी शामिल हुए। वहीं कई खिलाड़ियों ने राशिद को सोशल मीडिया के जरिये बधाई दी है।

राशिद ने 18 अक्टूबर 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना पहला एकदिवसीय मैच खेला था। पहले मैच में राशिद ने 10 ओवर डालते हुए कुल 20 रन दिए थे और 1 विकेट भी अपने नाम किया था। वह आईपीएल में में भी खेलते हैं और लीग के सबसे सफल गेंदबाज में से एक हैं। राशिद अफगानिस्तान की कप्तानी करनेवाले सबसे कम उम्र के कप्तान हैं।

राशिद ने अब तक अफगानिस्तान के लिए कुल 5 टेस्ट, 105 एकदिवसीय और 93 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 34, 190 और 152 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही राशिद ने 106, 1322 और 460 रन भी बनाए हैं।

# ब्लास्ट फर्नेस विभाग में बीएफ 1 के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन

















बोकारो । बावन वर्ष (52) वर्ष पूर्व दिनांक 03 अक्टूबर 1972 को बोकारो इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस संख्या #01 की कमीशनिंग हुई और हॉट मेटल का उत्पादन शुरू हुआ. इन पाँच दशकों में ब्लास्ट फर्नेस संख्या #01 ने अब तक कुल 33.9 मिलियन टन हॉट मेटल का उत्पादन किया है और देश की प्रगति में लगातार योगदान करता आ रहा है. 03 अक्टूबर 2024 को इस विशेष अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी.आर.महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (एस आर यू) श्री पी के रथ, बी जी एच के प्रभारी डॉ. बी.बी. करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री एम.पी.सिंह तथा संयंत्र के वरीय अधिकारी और कर्मचारीगण की उपस्थिति में एक समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी बोकारो स्टील प्लांट श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के वीडियो सन्देश को दिखाया गया जिसमें उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस विभाग की पूरी टीम को बधाई दिया और भविष्य में सुरक्षा , पर्यावरण संरक्षण के साथ अधिकतम उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया. समारोह के दौरान ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01 के गौरवशाली इतिहास एवं स्वर्णिम भविष्य पर चर्चा की गयी. इसके अलावा ब्लास्ट फर्नेस के विभिन्न अनुभागों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा यहाँ कार्यरत संविदा कर्मियों को भी उनके कार्य क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया. इस दिन को यादगार बनाने तथा संयंत्र के अंदर हरियाली और जैव-विविधता बढ़ाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित बी एस एल के शीर्ष प्रबंधन तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्लास्ट फर्नेस की टीम को उत्कृष्टता के नित नए बेंचमार्क स्थापित करने का संदेश भी दिया. समारोह का समापन श्री महेंद्र प्रसाद के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

## संविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा-प्रथम विषय पर "कांट्रेक्टर - मीट" कार्यक्रम का आयोजन





बोकारो । बी एस एल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में संविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा-प्रथम विषय पर "कांट्रेक्टर - मीट" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में लगभग 150 ठेकेदारों ने भाग लिया. कार्यक्रम के प्रारम्भ में मानव संसाधन के कॉन्ट्रैक्ट लेबर सेल की महाप्रबंधक श्रीमती प्रांजलि के द्वारा एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित सभी ठेकेदारों को उनके तथा संविदा कर्मियों के हित से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी. इसके उपरांत श्री आनंद रौतेला, महाप्रबंधक-प्रभारी (सुरक्षा) के द्वारा भी एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ठेकेदार सुरक्षा प्रबंधन तथा ठेका कर्मियों के सुरक्षा प्रबंधन के बारे में बताया गया. आनंद रौतेला , महाप्रबंधक-प्रभारी (सुरक्षा) ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि बी एस एल ठेका कर्मियों की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है तथा इससे समझौता नहीं किया जा सकता है. कार्यक्रम का सञ्चालन श्री अनिरुद्ध रामटेके, सहायक प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री कुमार रजनीश, सहायक महा प्रबंधक (सुरक्षा) के द्वारा किया गया.

## लोयाबाद क्षेत्रीय चिकित्सल्य में हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया



लोयाबाद। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड एक मिनी रत्न कम्पनी कोल इंडिया लोमीटेड का एक अंग सिजुआ क्षेत्र केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्देशित निवारक सतर्कता पर तीन माह का जागरूकता अभियान के तहत लोयाबाद क्षेत्रीय चिकित्सल्य में शुक्रवार को हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया।जहां सतर्कता विभाग, मुख्यालय से आये कल्पानु किशोर, प्रबंधक (उत्खनन) एजीएम केके सिंह एपीएम चंदन श्रीवास्तव को लोयाबाद क्षेत्रीय चिकित्सल्य के डॉ अनुज कुमार समेत अन्य डॉक्टरों ने बुके भेंट देकर सम्मानित कर हेल्थ चेकअप शिविर का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम का शुरुआत अनेकों प्रकार की बीमारियों से बचाव करने हेतू शपथ ग्रहण कर किया गया।इस दौरान लोयाबाद क्षेत्रीय चिकित्सल्य के डॉ अनुज कुमार ने कोलकर्मी तथा आसपास के महिला एवं बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया और विभिन्न रोगों के होने का कारण तथा उससे बचने के उपाय के बारे में बताया गया। डॉक्टरों द्वारा 60 जरूरतमंद महिला, पुरुष एवं बच्चों को शुगर, बीपी, थाई रेड,आदि बीमारियों का जांच कर दवाई दिया गया। इस मौके पर डॉ अभिषेक कुमार,डॉ रचित,डॉ पुष्पांजलि नाग,मनोजशर्मा,इरसादआलम,ममतासिंह, सूरजनिरंजन,आयुषराज,आदिमौजूद थे।

### दीपिका पांडेय सिंह का मंईयां सम्मान योजना पर बड़ा बयान,कहा

## केंद्र से बकाया राशि मिलने पर योजना की राशि होगी दुगुनी



दुमकाःशुक्रवार को कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह एक केस के सिलसिले में दुमका कोर्ट पहुंची. कोर्ट के बाहर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने मंईयां सामान यात्रा के बहाने भाजपा पर जमकर निशाना साधा.परिवर्तन यात्रा में खाली कुर्सी को भाषण सुनाया गया जबकि मंईयां सम्मान यात्रा में उमड़ रही है भीड़.मंत्री ने कहा कि एक तरफ भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा चलाया गया, जिसमें खाली कुर्सी को भाषण सुनाया गया.वही मंईयां सम्मान यात्रा में जहां भी जा रहे हैं बहुत उत्साहित होकर ग्रामीण आ रहे हैं. महिलाओं में काफी खुशी है की पहली बार उनकी आर्थिक सशक्तिकरण की शुरुआत हुई है. उन्होंने कहा कि हर चौक चौराहे पर प्यार और सम्मान मिल रहा है.इसके लिए उन्होंने आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया.

### भाजपा झारखंड में कुछ जबकि जम्मू और काश्मीर में कुछ और कहती है

दीपिका पांडे सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में जब मंईयां सम्मान योजना शुरू हुई तो बीजेपी वाले कोर्ट में कैसे करवाते हैं, लेकिन जब जम्मू और कश्मीर में वोट मांगने जाते हैं तो वहां माँ सम्मान योजना की घोषणा करते हैं, या फिर बोलते हैं कि दो सिलेंडर देंगे वह भी ईद में देंगे.केंद्र से बकाया राशि मिलने पर मंईयां सामान योजना की राशि होगी दुगुनीमंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हमारी सरकार महिलाओं को 15 सौ प्रति महीना दे रही है. कर्नाटक में भी महालक्ष्मी योजना के तहत 2 हजार दिया जा रहा है. उन्होंने भरोशा दिया कि झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड रुपैया केंद्र सरकार के पास बकाया है. न्यायालय से लड़कर ही सही जब वह राशि लेकर आएंगे तो मंईयां सम्मान योजना की राशि को दोगुना करेंगे.

### महिलाओं के श्रम का आकलन है जरूरी

उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को रुपया मिल रहा है वह घरेलू महिला है.अपने बच्चे, परिवार और बुजुर्गों की देखरेख करती है। शिक्षित होने के बावजूद घर संभाल रही है.इन महिलाओं के श्रम का आकलन आज तक नहीं हुआ है.महिलाओं का योगदान सिर्फ परिवार ही नहीं एक अच्छा समाज, एक अच्छा देश कैसे बने इसके लिए होता है. इन प्रयासों को सराहने का प्रयास आज तक नहीं हुआ.ऐसी महिलाओं का आर्थिक आकलन अगर अब तक नहीं हुआ है तो अब जरूर होनी चाहिए

## साहु गली हिरापुर में पाया गया 2 डेंगू का मरीज



धनबाद । धनबाद में डेंगू की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है । लेकिन धनबाद नगर निगम के अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है । धनबाद नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद उनका जवाब मिलता है कि यह मेरे जिम्मे में नहीं है। कोरोना काल में सैनिटाइजर मशीन मंगाया गया था और धनबाद नगर निगम में मच्छर धुआं वाला मशीन भी रखा हुआ है, लेकिन धनबाद के लोग अभी डेंगू जैसे खतरनाक बीमारी से लड़ रहे हैं और धनबाद नगर निगम में लाई गई सभी मशीने सड़ रहे हैं और ना ही धनबाद में साफ सफाई हो रही है और ना ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव हो रहा है। अभी पर्व का त्यौहार है जैसे दुर्गा पूजा दीपावली छठ पूजा पर्व आने वाली है अगर नगर निगम इस पर ध्यान नहीं देते हैं तो धनबाद की जनता इस सभी त्यौहार का लाभ न उठा कर अस्पतालों के चक्कर लगाने में लगे रहेंगे जिसका जिम्मेवार सिर्फ धनबाद नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी होगे ।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद
सदर अस्पताल परिसर, कोर्ट मोड़, धनबाद–826001
फोन नम्बर–9431711098 ई–मेल cs.dhanbad@gmail.com

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

धनबाद जिलान्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में एक वर्ष के लिये Selection of Agency for Providing Manpower in Dhanbad Surgency, Dhanbad Jharkhand हेतु 02–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत निम्नांकित शर्त्तो के अधीन Online निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– 21.10.2024 को संध्या 5:00 बजे तक होगी। निविदा में मांगी गई वांछित कागजात की छाया प्रति, अग्रधन एवं शपथ पत्र मूल में हाथों हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक– 22.10.2023 के संध्या 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करेंगे। निविदा प्राप्त नहीं होने अथवा विलम्ब से निविदा प्राप्त होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा केवल Online जमा करना है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,धनबाद

PR 338049 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अतिअल्पकालीन पुर्निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/31/2024-25/GR_01/RE

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के जरीडीह प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत तांतरी उत्तरी में नहर किनारे काली सिंह के घर से तांतरी मिश्रा टोला होते हुए नुतनडीह श्मशान घाट तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 16743700.00 | 335000.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.10.2024 से दिनांक 16.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.10.2024 अपराह्न 5:30 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,बोकारो

PR 338051 (Rural Development)24-25*D

### ग्रामीण नेताओं ने हिलटॉप और राम अवतार कंपनी से हो रही समस्या को लेकर

# थाना प्रभारी से निराकरण करने की मांग की है नहीं तो कंपनी का चक्का जाम कर दिया जाएगा



लोयाबाद। कनकनी कोलियरी में संचालित हिलटॉप तथा रामावतार आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा डीजीएमएस के नियम को ताक पर रखकर उत्खनन कार्य करने से हो रही समस्या को लेकर शुक्रवार को आस पास के ग्रामीण नेताओं ने लोयाबाद थाना प्रभारी से मिलकर निराकरण करने की मांग की है नहीं तो बाध्य होकर कंपनी का चक्का जाम कर दिया जाएगा।।बताया जाता है कि कनकनी कोलियरी में संचालित हिलटॉप प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी तथा मेसर्स रामावतार कंपनी द्वारा सारे नियमों को तक पर रखकर परियोजना में जहां-तहाँ खुदाई कर छोड़ दिया जा रहा है। जिससे जहरीली गैस निकल रही है और आसपास के लोग उससे प्रभावित हैं ।इसके अलावे वहां बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है जिसकी रोकथाम के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।इसी को लेकर आज भाजपा नेत्री गीता सिंह, कृष्णा निषाद, कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद,रोशन पासवान, रॉकी चौरसिया,मोहम्मद आजाद, समेत ग्रामीण लोयाबाद थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से कंपनी द्वारा उत्खनन कार्य करने से हो रही समस्या पर शीघ्र रोक लगाने की मांग किया है।नहीं तो बाध्य होकर दोनों आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम कर देंगे।

# कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने बीसीसीएल के 51 सौरऊर्जा संयंत्रों का किया उद्घाटन






धनबाद । कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा स्थायी ऊर्जा की दिशा में आगे बड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, सतीश चंद्र दुबे, माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने विशेष अभियान 4.0 के तहत सीएमपीडीआईरांची से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के 51 सौर ऊर्जा संयंत्रों का रिमोट से उद्घाटन किया। 2.428 मेगावाट (MW) की क्षमता के साथ, ये सौर ऊर्जा संयंत्र हरित और आत्मनिर्भर भारत की प्रगति की दिशा में बीसीसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सतीश चंद्र दुबे, कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने कहा कि, कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए, बीसीसीएल सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से नेट जीरो ऊर्जा कंपनी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कंपनी के प्रयास सराहनीय हैं। बीसीसीएल द्वारा स्थापित रूफ-टॉप सोलर प्लांट द्वारा कम्पनी की इमारतों की खाली पड़ी छतों का समुचित उपयोग किया जा रहा है। इससे कंपनी की ऊर्जा दक्षता बढेगी तथा अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होनें कहा कि,बेहतर जीवन के लिए पर्यावरण संतुलन आवश्यक है तथा सूर्य कभी न समाप्त होने वाली अक्षय ऊर्जा का स्रोत है अंतः हमें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना चाहिए।। अपने परिचालन क्षेत्रों में कई स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन की शुरूआत बीसीसीएल की स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण को पुष्ट करती है। ये सौर संयंत्र बीसीसीएल के हरित अभियान को बढ़ाने के उद्देश्य किये जा रहें हैं, जो भारत सरकार के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का अनुगमन करते है। वर्तमान में बीसीसीएल में संस्थान के विभिन्न भवनों पर 1.66 मेगावाट रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित हैं। इस अवसर पर मंत्री के साथ मौजूद बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में कंपनी की प्रगति के प्रति उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "यह ऐतिहासिक उपलब्धि बीसीसीएल द्वारादेश की कोकिंग कोल आवश्यकताओं की पूर्ति करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, तथा यह भी सुनिश्चित करती है कि, हमारी आगे की यात्रा पर्यावरण के अनुकूल हो। हमें भारत के अक्षय ऊर्जा मिशन में योगदान देने पर गर्व है, और ये 51 सौर संयंत्र हरित भविष्य के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। बीसीसीएल, दूरदर्शी आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत "मिशन कोकिंग कोल" में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। भारत के घरेलू कोयला उत्पादन को मजबूत करके, बीसीसीएल आयातित कोयले पर देश की निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस उद्घाटन के साथ, बीसीसीएल पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही कोयला उत्पादन को अपनी हरित पहलों के साथ संतुलित करता है। कंपनी का नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर निरंतर ध्यान, साथ ही परिचालन उत्कृष्टता के प्रति समर्पण, ऊर्जा और खनन दोनों क्षेत्रों में जारी है। उद्घाटन के इस अवसर पर बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता के साथ निदेशक (तकनीकी-परिचालन) संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी- परियोजना एवं योजना) शंकर नागाचारी के साथ- साथ बीसीसीएल के विभिन्न अधिकारी गण मौजूद रहे।

## पहला कदम में डेफ एंड ब्लाइंडनेस जागरूकता कैंप का किया गया आयोजन



धनबाद। नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में शुक्रवार को दीपशिखा रांची से डेफ एंड ब्लाइंडनेस जागरूकता कैंप और मीटिंग आयोजित की गई ।जो की सेंस इंडिया के द्वारा आयोजित की गई थी जो रजिस्टर्ड संस्था पहला कदम में हुई। रांची से दीपशिखा, उर्मिला सिंह तथा दशरथ कच्छप इस मीटिंग में शामिल हुए। उर्मिला सिंह ने बताया की सेंस इंडिया भारत की ऐसी एकमात्र संस्था है, जो डेफ एंड ब्लाइंड के लिए प्रोजेक्ट चलाता है । उन्होंने बताया की भारत में 80000 डेफ एंड ब्लाइंड है । झारखंड में 2020 से स्पर्श प्रोजेक्ट रामगढ़ और रांची जिले में चलाया जा रहा है। इस जागरूकता कैंप और मीटिंग में बताया गया की डेफ ब्लाइंडनेस व्यक्ति की पहचान और निदान कैसे की जाए।उन्होंने बताया की इनकी ट्रेनिंग के द्वारा काफी हद तक सुधार किया जा सकता है।सेंस इंडिया के द्वारा डेफ एंड ब्लाइंड बच्चो को चिन्हित कर ट्रेनिंग देकर उन्हे रोजगार के अवसर दे कर स्वावलंबी बनाकर सम्मान के साथ जीने के अवसर भी देती है। आगे उन्होंने बताया की इस मीटिंग का उद्देश्य है की सभी रजिस्टर्ड एनजीओ आगे आए और डेफ ब्लाइंड के साथ ऑटिज्म, मल्टिपल आईडी आगे आकर लीगल गार्जियनशिप और निरामया हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ उठाए और उनके लाभ को जाने। सचिव,अनिता अग्रवाल ने बताया की पहला कदम नेशनल ट्रस्ट में रजिस्टर्ड है और लोकल लेवल कमिटी का मेम्बर भी है । जिसके कारण दिव्यांगत के क्षेत्र में उनकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है और समय समय पर जागरूकता कैंप आयोजित करती है । जिससे दिव्यांग बच्चो को सभी लाभ मिल सके। उन्होंने सभी लोगो से आग्रह किया की वे सब आगे आए और सभी योजनाओं का लाभ उठाए।

### मुख्यमंत्री ने किया काको चौक से गोल बिल्डिंग तक 8 लेन सड़क का उद्घाटन

# मटकुरिया से आरा मोड़ तक फ्लाईओवर निर्माण का किया शिलान्यास




धनबाद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में आयोजित एक समारोह में झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा निर्मित काको चौक - बिनोद बिहारी चौक गोल बिल्डिंग तक 8 लेन सड़क का ऑनलाइन उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने मटकुरिया से आरा मोड तक फ्लाईओवर निर्माण का ऑनलाइन शिलान्यास किया।उद्घाटन व शिलान्यास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा 8 लेन सड़क पर स्थित बिनोद बिहारी चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री के समारोह का जीवंत प्रसारण किया गया।
कार्यक्रम में विधायक टुंडी के मथुरा प्रसाद महतो, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष कुमार के अलावा पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में आम जन मौजूद थे ।
वहीं मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास तथा संबोधन के बाद विधायक टुंडी, उपायुक्त तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने नारियल फोड़कर 8 लेन सड़क आमजन को समर्पित की।
इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि काको चौक, बिनोद बिहारी चौक, गोल बिल्डिंग तक 461.90 करोड़ रुपए से निर्मित 20 किलोमीटर लंबी 8 लेन सड़क जिले के लोगों के सुगम यातायात के लिए बहुउपयोगी साबित होगी।
वहीं मटकुरिया से आरा मोड तक 256.54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 3.53 किलोमीटर फ्लाईओवर से शहरी क्षेत्र में ट्राफिक पर कम दबाव पड़ेगा।
समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने रांची, जमशेदपुर और धनबाद जिले की 3260 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम में, विधायक टुंडी के मथुरा प्रसाद महतो, उपायुक्त, माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष कुमार, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, मिथिलेश प्रसाद, कनीय अभियंता, अनिल कुमार, सहायक अभियंता, पंकज कुमार, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि, मदन महतो, डीआईओ श्रीमती सुनीता तुलस्यान, यूआईडी मैनेजर, अमित कुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सामूहिक सर्वधर्म विवाह समिति की आगामी 15 जनवरी 2025 को होने वाली सामूहिक विवाह को लेकर आयोजित की गई बैठक

## गोल्फ ग्राउंड में 15 जनवरी 2025 को 101 जोड़ों का विवाह कराने का लिया गया निर्णय



धनबाद, शुक्रवार को हीरापुर स्थित मास्टर पाडा में सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की बैठक समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह के अध्यक्षयता में सम्पन्न की गई।
समिति के अध्यक्ष, प्रदीप कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की पिछले 10 वर्षो से लगातार सफल सामुहिक विवाह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस वर्ष 11वें वर्ष की विवाह समारोह आगामी 15 जनवरी 2025 को 101 जोडो का विवाह रणधीर वर्मा स्टेडियम, गल्फ ग्राउण्ड, हीरापुर धनबाद मे करवाने का निर्णय लिया गया । विवाह करने वाले जोडे के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म दिनांक 9 अक्टूबर से बेकारबान्ध पंडीत डेकोरेटरस मे उपलब्ध रहेगी। विवाह कार्यक्रम में सभी धर्मो के लडके एवं लड़कियों का विवाह उनके रीति रिवाज के अनुसार की जाएगी।उम्र सीमा कम से कम 18 वर्ष लडकी की और 21 वर्ष लडके की होनी चाहिए। समिति ने जानकारी देते हुए बताया की यह विवाह बिल्कुल निःशुल्क की जाती है । किसी भी तरह की कोई देय राशी नही निर्धारित है। बैठक मे महासचिव, भरतजी भगत, उपाध्यक्ष, द्वारिका प्रसाद तिवारी, दिलीप सिंह, विक्रम सिंह, तारकनाथ दास,सचिव संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष, अशोक पंडित, शुशील कुमार, विशाल कुमार , नवीन गुप्ता,गणेश शर्मा, विभूति शरण,समीरन सरकार, नीरज कुमार शाहा, जीतेन्द्र मालाकार, लल्लू साव,उदय साव, अखिलेश कुमार रंजन, दिनेश केसरी आदी मौजूद थे।

### मुकेश सिंह ने दुर्गा पूजा से पहले सिंदरी क्षेत्र समेत वार्ड 1-55 में

## स्ट्रीट लाईट की मरम्मति, साफ - सफाई को ले लिखा पत्र



धनबाद। झामुमो जिला उपाध्यक्ष, मुकेश सिंह ने धनबाद नगर आयुक्त रवि राज शर्मा को पत्राचार करके दुर्गा पूजा से पहले-पहले धनबाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 55 तक में जहाँ भी स्ट्रीट लाईट खराब हालत में है, पूजा से पहले-पहले उसकी मरम्मती कार्य पूर्ण कर लेने,सड़कों की मरम्मती के अलावे साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का आग्रह किया। स्थानीय लोगों के आग्रह पर विशेष तौर से सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 53,54,55 में स्ट्रीट लाईट की मरम्मती, साफ - सफाई की व्यवस्था दुरस्त हो ताकि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े।
मुकेश सिंह ने कहा कि सिंदरी क्षेत्र में जगह - जगह पूजा पंडाल में मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है । विजयदसवीं को रावण दहन का भी कार्यक्रम किया जाता है । जिसमे हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में स्ट्रीट लाईट की जहाँ भी मरम्मती की आवश्यकता है उसे अविलम्ब ठीक किया जाना चाहिए।

### ईसीआरकेयू ने गठित की मंडलीय चुनाव समिति

## राजेश कुमार चुनाव प्रभारी, मो. वसीम संयोजक और राकेश कुमार मंडलीय सचिव मनोनीत किये गए



धनबाद, ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल, पी एन एम प्रभारी मो, ज़्याऊद्दीन ने दो अक्तूबर को हुए महासंगम सह युवा सम्मेलन में ईसीआरएमयू के ईसीआरकेयू में समाहित होने तथा आरकेटीए, एआईआरटीयू तथा ओबीसी एशोसिएशन छोड़ कर ईसीआरकेयू में शामिल होने वाले केन्द्रीय एवं मंडलीय स्तर के पदाधिकारियों, युवाओं एवं अनुभवी रेलकर्मियों पर भरोसा जताते हुए धनबाद मंडल में चुनाव समिति की घोषणा की है। यह समिति पूर्व मध्य रेलवे जोन में रेलप्रशासन द्वारा यूनियन के मान्यता प्राप्त करने के लिए 4 से 6 दिसम्बर 2024 को होने वाले चुनाव में ईसीआरकेयू के पक्ष में प्रचार प्रसार एवं रेलकर्मियों के बीच व्यापक सम्पर्क कार्य करेगी। ज्ञात हो कि वर्ष 2007 एवं 2013 में कराए गए चुनाव में एकमात्र ईसीआरकेयू को ही आवश्यक बहुमत प्राप्त हुआ था। इसबार ईसीआरएमयू के ईसीआरकेयू में विलय तथा अन्य एसोसिएशनों के महत्वपूर्ण केन्द्रीय पदाधिकारियों के ईसीआरकेयू में शामिल हो जाने के बाद एक बार पुनः ईसीआरकेयू के आवश्यक प्रतिशत मतों से विजय प्राप्त करने की संभावना सुदृढ़ हो गई है। एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी, ओ पी शर्मा के माध्यम से ईसीआरकेयू के धनबाद मंडल के मीडिया प्रभारी सह धनबाद शाखा टू के अध्यक्ष एन के खवास ने चुनाव समिति के सदस्यों की सूची उपलब्ध कराई । ये सभी सदस्य शाखाओं के सचिव और युवा समितियों से सामंजस्य स्थापित कर चुनाव अभियान कार्यक्रमों का संचालन करेंगे।

## विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर एक सप्ताह का आयोजित किया गया सेवा पखवाड़ा




धनबाद, (बलियापुर) । आर. एस. पी. कॉलेज, झरिया, बेलगड़ीया में गाँधी जयंती (विश्व अहिंसा दिवस) के अवसर पर एक सप्ताह का सेवा पखवाड़ा मनाया गया ।कार्यक्रम की संयोजिका एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर प्रो. माधुरी विंझा ने बताया कि 29 सितंबर से 04 अक्टूबर तक एक सप्ताह चले इस पखवाड़े में गाँधी जी के स्मृति में प्रत्येक दिन महविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इसमें परिचर्चा, निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, मार्च पास्ट, नाटक मंचन, खादी एवा ग्राम उदयोग पर परिचर्चा, सत्य एवा अहिंसा की शपथ आदि शामिल था ।कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ, निलेश कुमार सिंह ने कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार आर एन चौरसिया को बताया कि विश्व अहिंसा दिवस हर साल 2 अक्टूबर को मनाया जाता है ।यह दिन अहिंसा के सिद्धांत को बढ़ावा देने और संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है। आगे उन्होंने कहा की महात्मा गांधी ने अपने जीवन में अहिंसा को एक महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत के रूप में अपनाया और यह सिद्धांत न केवल व्यक्तिगत जीवन में बल्कि सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों में भी प्रभावी रहा। उनके नेतृत्व में भारत ने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, जिसमें अहिंसक प्रतिरोध की शक्ति का उपयोग किया गया। महाविद्यालय में इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों को अहिंसा के महत्व के बारे में जागरूक करना है, जिससे वे संघर्ष और असहमति के समय शांति और सहिष्णुता का चयन कर सकें।कार्यक्रम में प्रो. रमेश सरदार, प्रो. सुरेश मुंडा, प्रो. रजनी बारा, डॉ उपेंद्र कुमार, प्रो.रितेश रंजन, प्रो. एतवा टूटी, प्रो.विजय विश्वकर्मा, डॉ रामचंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी, बीएड प्रशिक्षु मौजूद थे।

## विश्व मानक दिवस पर स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव धनबाद में आयोजित

धनबाद। विश्व मानक दिवस पर स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव होटल कोल कैपिटल में आयोजित किया गया । जिसमें उद्योग संगठनों, हॉलमार्किंग केंद्रों, और ज्वेलर्स ने भाग लिया । साथ ही आर्थिक विकास में मानकीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई ।मुख्य अतिथि, राजीव शर्मा, महासचिव, झारखंड उद्योग और व्यापार संघ ने कहा, मानकीकरण व्यवसायों के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों और सेवाओं पर भरोसा करने के लिए आवश्यक है।





# महिलाओं के उत्थान के लिए कानूनी जागरुकता होना आवश्यकः राकेश रोशन





धनबाद, महिलाओं तथा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के उत्थान के लिए कानूनी जागरुकता का सर्वोपरि महत्व है । वे अपने कानूनी और अन्य अधिकारों, समाज में अपनी स्थिति और अपनी समस्याओं के समाधान के बारे में अनभिज्ञ हैं ।इसी कारण से राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से विधान से संविधान योजना को चला रही है। जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न ब्लॉक मे महिलाओं को जागरूक बनाने का काम कर रही है। उक्त बातें निरसा ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कही। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं होगी और कानून को नहीं जानेगी तब तक वह विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित होती रहेगी। उन्होंने आगे बताया कि कुल पांच ब्लॉक में नालसा के निर्देश पर यह कार्यक्रम फरवरी तक किया जाएगा । कार्यक्रम में उपस्थित सहिया, साथीयों को एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने दहेज प्रताड़ना, पोक्सो एक्ट , भारतीय न्याय संहिता में वर्णित विभिन्न प्रावधानों के विषय में विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने कहा की किसी भी तरह की शिकायत नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 पर फोन कर अथवा डालसा को फोन कर दें । पैनल अधिवक्ता जया कुमारी ने कहा कि शिक्षा के बिना आप अपने अधिकार को प्राप्त नही कर सकते। मेडइएटर मीना सिन्हा ने कहा कि यदि महिला समाज मे अथवा अपने घर मे किसी भी प्रकार से प्रताड़ित हो रही है, उसकी तुरंत सूचना पुलिस स्टेशन में जाकर अथवा टॉल फ्री नंबर 100 पर फोन कर दे। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के द्वारा नालसा , एनसी डब्लू के विभिन्न प्रोजेक्ट के विषय में बताया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, मेडियेटर मिना सिन्हा, पैनल अधिवक्ता जया कुमारी, अंचलाधिकारी रमेश रविदास,डालसा सहायक अरूण कुमार, राजेश सिंह समेत दर्जनों सहिया साथी उपस्थित थे।

## दिलीप सिंह ने किडनी रोग से ग्रसित मरीज कुदुस के इलाज में दी आर्थिक मदद

धनबाद। भारतीय रेड क्रॉस समिति के संयुक्त सचिव सह युवा संघर्ष मोर्चा के संयोजक दिलीप सिंह ने टुंडी प्रखंड के कदैया ग्राम के रहने वाले किडनी की बीमारी से ग्रसित मोहम्मद कुदुस अंसारी के इलाज में पांच हजार का तत्काल मदद किया और भविष्य में भी इस विपरीत परिस्थिति में इलाज के लिए यथाशक्ति खड़े होकर मदद करने का भरोसा दिया ।मोहम्मद कुदुस अंसारी के पिता मंसूर अंसारी ने बताया कि तीन - चार महीने से उनका पुत्र कुदुस अंसारी बीमार है।जांच करने पर पता चला की वह किडनी रोग से ग्रसित है। उन्होंने बताया की वे पेशे से दैनिक मजदूर हैं और इस गंभीर बीमारी का इलाज कराने में पूरी तरह से असमर्थ हैं। इस कठिन वक्त में समाजसेवी दिलीप सिंह से मदद के लिए आग्रह किया । जिन्होंने तुरंत एसएनएमएमसीएच पहुंचकर तत्काल पांच हजार रुपए की सहायता राशि देकर आगे भी मदद करने का भरोसा दिलाया । दिलीप सिंह ने कहा की गंभीर रूप से बीमार,असहाय, जरूरतमंदो की मदद करना ही मेरा प्रथम लक्ष्य है । मैं और मेरी पूरी टीम कुदूस अंसारी के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं । साथ ही इनके मदद के लिए आगे भी हर कदम पर साथ खडे रहेंगे ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।